GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025

## पारिवारिक विवाद में युवक ने नदी में लगाई छलांग

पीपीगंज : पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने शनिवार की दोपहर अकटहवा पुल से रोहिन नदी में छलांग लगा दी। घंटों की तलाश के बाद भी पता नहीं चला। रविवार की सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया जाएगा। भरवल गांव के वार्ड नंबर 15 मुंशी प्रेमचंद नगर निवासी संजय प्रजापति (35) दोपहर करीब एक बजे घर से निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उन्होंने अकटहवा पुल पर पहुंचकर चप्पल उतारने के बाद नदी में छलांग लगा दी।

## मनबढ़ों ने युवक को पीटकर किया घायल, मुकदमा

पीपीगंज : थाना के राजाबारी गांव निवासी समीर यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दोस्त शशांक मल्ल के साथ पांच अगस्त को जसवल चौराहे पर गया था। जैसे ही कार से नीचे उतरा कि पहले से मौजूद सुजीत गौड़, अजीत गौड़ व कुलदीप गौड़ ने रंजिश में पीटकर लहूलुहान कर दिया। सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगने से बेहोश हो गया था। तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## चौरी चौरा में छत से गिरकर युवक की मृत्यु

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना के शत्रुघ्नपुर गांव के फुटहवा ईनार में शुक्रवार की देर रात छत से गिरने से एक युवक की मृत्यु हो गई। वह लघु शंका के लिए उठा था और छत से गिर गया। शत्रुघ्नपुर के फुटहवा ईनार निवासी मुन्ना कन्नौजिया का 18 वर्षीय बेटा साहिल शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद छत पर सो रहा था। शनिवार की सुबह पांच बजे आसपास के लोगो उठे तो उसे घायल अवस्था में देखकर शोर मचाए। परिवार व आसपास के लोग उसे लेकर एम्स गए। वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

# पार्ट टाइम जाब के लालच में दंपती ने गंवाए 16 लाख रुपये

### बड़हलगंज के दंपती को बनाया शिकार, टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ने के बाद ट्रांसफर करवाए रुपये

जासं, गोरखपुर: बड़हलगंज क्षेत्र के एक दंपती ने पार्ट टाइम जाब के झांसे में आकर 16 लाख रुपये गंवा दिए। साइबर जालसाजों ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से निवेश और मुनाफे का लालच देकर रुपये ट्रांसफर करवाए। जब ठगी का पता चला, तो पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई।

बड़हलगंज निवासी विजय कुमार गुप्ता एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मोबाइल पर घर बैठे पार्ट टाइम जाब का विज्ञापन मिला। इसके बाद उन्हें एक काल आई और टेलीग्राम लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करते ही वे ग्रुप से जुड़ गए, विजय ने अपने खाते से रकम भेजना शुरू किया और बाद में पत्नी के खाते से भी निवेश किया। 10 से 20 जुलाई 2025 के बीच 16 लाख पेटीएम और अन्य माध्यमों से भेजे। एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल ने बताया कि संदिग्ध बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच की जा रही है।

## शराब की दुकान के सामने दो पक्षों में मारपीट

पीपीगंज : भगवानपुर चौराहे के बगल में मुख्य मार्ग पर स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान के सामने दो पक्षों में शनिवार शाम छह बजे मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 नंबर की पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। बताया जा रहा है कि शराब की दुकान से शराब पीकर निकलने के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

## खर-पतवार नाशक डालने का आरोप, मुकदमा दर्ज

पीपीगंज : नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 मंगलपुर निवासी बृजनंदन पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे तिल व बाजरे की फसल में मोहल्ले का ही एक व्यक्ति खर-पतवार नाशक डाल दिया। इससे मेरी फसल को नुकसान हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित सदानंद व प्रिंस यादव के विरुद्ध विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बिना अनुमति मुंबई गए नौसढ़ चौकी प्रभारी निलंबित

## दो सिपाही भी घेरे में, अपहरण-लूट प्रकरण में पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल, सीओ कर रहे जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लूट और अपहरण के एक मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने के बाद नौसढ़ चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच का आदेश भी दे दिया गया है, जबकि उनके साथ मुंबई गए दो सिपाहियों पर भी जल्द कार्रवाई की संभावना है। छानबीन में सामने आया कि घटना के बाद बिना अनुमति के ही चौकी प्रभारी व दो सिपाही छह माह पहले दर्ज हुए अपहरण के मुकदमे की जांच के संबंध में मुंबई जाने की बात कहकर थाने से निकल गए। तब से उनका पता नहीं है। मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। राजघाट थाने में दर्ज हुए मुकदमे की जांच सीओ कोतवाली की अगुवाई में चल रही है।

पीड़ित से पूछताछ व जांच में सामने आया कि लूट करने वालों ने खुद को क्राइम ब्रांच का सदस्य बताया था। रविशंकर के खाते की जांच करने पर नौसढ़ के पास स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से 90 हजार रुपये निकाले जाने की भी पुष्टि हुई है। ट्रांसपोर्टनगर चौराहे से लेकर घटनास्थल के बीच लगे सीसी कैमरे का फुटेज देखा गया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि रविशंकर अपने चचेरे भाई व एक अन्य युवक के साथ जाते हुए दिखे। इस घटना के बाद नौसढ़ चौकी प्रभारी व दो सिपाही के मोबाइल फोन बंद हैं। संदेह बढ़ने पर जांच हुई तो पता चला कि तीनों ने जीडी में किशोरी की बरामदगी का उल्लेख कर मुंबई रवाना होने की बात लिखी है, लेकिन इस संबंध में उच्चाधिकारियों से कोई अनुमति नहीं ली गई है। नियमानुसार राज्य से बाहर किसी मामले की जांच के लिए जाने से पहले डीआइजी रेंज की अनुमति आवश्यक होती है। चौकी प्रभारी और दोनों सिपाही बिना अनुमति मुंबई चले गए। मोबाइल फोन बंद होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस मुख्यालय से मामले की जानकारी ली जा रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सीओ को जांच सौंपी गई है और प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

### यह है मामला

बेलीपार इलाके में पिछौरा के रहने वाले रवि शंकर को मंगलवार की दोपहर कार सवारों ने राजघाट पुल के पास अगवा कर 90 हजार रुपये लूट की वारदात की थी। इस मामले में अगले दिन बदमाशों ने तीन लाख रुपये लेकर एकला बांध पर स्थित झोपड़ी के पास बुलाया था। बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की थी। इसके बाद राजघाट थाने में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया गया। क्योंकि लूट करने वालों ने खुद को पुलिस के क्राइम ब्रांच का बताया था और उसी दिन से चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन बंद हैं, इस वजह से उनकी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

## वारदात के बाद चौकी प्रभारी के मुंबई जाने पर बढ़ा संदेह

- जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों के बुलाने पर भी नहीं आए
- घटना में सात लोगों के शामिल होने की चर्चा, तेज हुई जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : युवक से लूटपाट के मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने पीड़ित के चचेरे भाई से पूछताछ की, जिसमें उसने घटना की पुष्टि की। जांच के दौरान बांध किनारे वह झोपड़ी भी मिली, जहां आरोपित पीड़ित को ले गए थे। टीम की छानबीन में कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिन्होंने पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, पीड़ित को कार में बैठाकर फोरलेन बाइपास पर चार घंटे तक घुमाया गया। चर्चा है कि वारदात में कुल सात लोग शामिल थे। रविशंकर को पिस्टल देने वाले युवक की आरोपितों से सांठगांठ होने की बात सामने आई है।

उसके पकड़े जाने पर ही सभी आरोपितों के नाम और पते की पुष्टि होगी। मामले में एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस कार का इस्तेमाल घटना में हुआ, वह कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की बताई जा रही है।

घटना के बाद जब टीम घटनास्थल की जांच करने गई तो चौकी प्रभारी को भी बुलाया गया, लेकिन वे मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद उन्होंने रवानगी कराकर मुंबई चले जाने की बात कही, जिससे संदेह और गहरा गया। चर्चा है कि निलंबित हुए चौकी प्रभारी के विरुद्ध पहले भी कई गंभीर शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक उन्हें नजरअंदाज किया गया। क्राइम ब्रांच अब पिस्टल देने वाले युवक व संदेह के घेरे में आए लोगों की तलाश में दबिश दे रही है। मामले में पुलिसकर्मी की संलिप्तता की भी गहन जांच चल रही है।

### अब तक की जांच

- झोपड़ी के पास वारदात की पुष्टि हुई।
- कार के पुलिसकर्मी से जुड़ाव के संकेत।
- पिस्टल सप्लाई करने वाले युवक की तलाश जारी।
- चौकी प्रभारी की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही।

### कब क्या हुआ

- मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे पीड़ित को कार में बैठाया गया।
- चार घंटे तक एकला बांध व फोरलेन बाइपास पर घुमाया गया।
- बांध किनारे झोपड़ी के पास उसे यातना देने के साथ ही वीडियो बनाया।
- शाम को छूटने के बाद घर पहुंचे पीड़ित ने स्वजन को बताया, अगले दिन पुलिस ऑफिस पहुंचा।

# बोनट से धुआं निकलने का झांसा देकर युवक ले भागे सीए का बैग

जागरण संवाददाता, पिपरौली : शुक्रवार को नौसढ़ पुलिस चौकी के निकट टप्पेबाजों ने एक सीए को फिल्मी अंदाज में झांसा देकर उनका बैग चुरा लिया। यह घटना इतनी तेजी से हुई कि पीड़ित को होश आने तक आरोपी फरार हो चुके थे। बैग में लैपटाप, क्रेडिट कार्ड, चेकबुक और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बेतियाहाता स्थित सर्राफ रेजिडेंसी के निवासी कश्यप आदित (सीए) ने पुलिस को बताया कि वह अपने चालक के साथ वाहन से गीडा जा रहे थे। नौसढ़ चौकी के पास अचानक बाइक पर सवार तीन युवक उनकी गाड़ी के पास आए और इशारा किया कि वाहन के इंजन से धुआं निकल रहा है। संदेह होने पर चालक ने गाड़ी को साइड में लगाया और बोनट खोलकर देखने गया। आदित भी गाड़ी से उतर गए। इसी बीच, एक युवक मदद के नाम पर बोनट खोलने में हाथ बंटाने लगा, जबकि उसके अन्य साथी ने कार का पिछला दरवाजा खोलकर बैग उठाकर तीनों फरार हो गए। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसी कैमरे का फुटेज देखा जा रहा है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# एडीजी जोन की पुस्तक का सीएम ने किया विमोचन



एडीजी अशोक मुथा जैन की पुस्तक का गोरखनाथ मंदिर सभागार में विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ.गोरखनाथ मंदिर

गोरखपुर : गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में एडीजी गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन की पुस्तक 'रिवर आफ थाट-1' का विमोचन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के विग्रह का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के समाधि स्थल पर आए और अपनी श्रद्धा निवेदित की।

## अदला-बदली हुई बाइक, पुलिस को दे दी चोरी की सूचना

भटहट : गुलरिहा थाना के भटहट कस्बा में शनिवार की सुबह 10 बजे बैरियर तिराहा स्थित एक दुकान के सामने से बाइक चोरी होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस जांच की तो उसी स्थान पर एक अन्य बाइक लावारिस खड़ी मिली।

चालान एप के माध्यम से वाहन की जानकारी निकालने पर पता चला कि बाइक महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थाना के बड़हरा बरईपार गांव के सलाउद्दीन की है। पुलिस ने सी प्लान के माध्यम से सलाउद्दीन से संपर्क किया। बातचीत में सलाउद्दीन ने पुलिस को बताया कि दोनों बाइक एक जैसी है। गलती से दूसरी बाइक लेकर आ गया हूं।

थाना प्रभारी जीतेंद्र सिंह ने बताया कि सलाउद्दीन को भटहट चौकी पर बुलाया गया। मामले की सच्चाई सामने आने पर दोनों बाइक उनके असली मालिक को सौंप दिया गया। यह एक सामान्य भूल थी। चोरी जैसा कोई मामला नहीं था।

### पिलर उखाड़कर फेंकने वाले सात आरोपितों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चौरी चौरा : सथरी गांव निवासी ओमकार ने डीएम से शिकायत की है कि तहसील प्रशासन द्वारा खेत की पैमाइश कर पिलर गड़वा दिया था। आरोपितों ने इसे उखाड़कर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि छह दिसंबर 2024 को एसडीएम के आदेश पर शत्रुघ्नपुर व भरतपुर गांव स्थित जमीन की पैमाइश कराकर पिलर गड़वा दिया गया। पट्टीदार आलोक, परमानंद गौतम, श्रवन, ओमप्रकाश, पृथ्वी व दो अन्य ने पिलर उखाड़कर फेंक दिया।

# सेना के जवान से जालसाजी में दंपती पर गैंग्सटर का केस

## एम्स पुलिस ने की कार्रवाई पत्नी गैंग की लीडर, पति सदस्य

- एजेंट बनकर रकम हड़पने का आरोप, दोनों पर दर्ज हैं कई मुकदमे
- हर महीने छह हजार रुपये खाते में जमा करने को देते थे

जासं,गोरखपुर: सेना के जवान से लाखों रुपये की जालसाजी करने वाले दंपती पर एम्स थाना पुलिस ने गैंग्सटर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, गैंग की सरगना पत्नी है, जबकि पति सक्रिय सदस्य के रूप में काम करता है। दोनों के विरुद्ध पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

कूड़ाघाट के झरना टोला निवासी सेवानिवृत्त सैनिक जोगिंदर प्रसाद ने मोहल्ले की रहने वाली सुमन देवी पत्नी शैलेन्द्र के जरिए सात दिसंबर 2017 को डाकघर में एक आरडी खाता खोला था। हर महीने छह हजार रुपये सुमन को खाते में जमा करने के लिए दिए जाते थे, लेकिन उसने पूरी राशि जमा नहीं की।

खाता परिपक्व होने पर पासबुक अपडेट कराई, तो पता चला कि केवल 1.75 लाख रुपये ही जमा हैं, बाकी रकम उसने खर्च कर दी।

जोगिंदर प्रसाद की शिकायत पर पोस्ट मास्टर के सामने सुमन ने लिखित में 20 अप्रैल 2023 तक रकम लौटाने का वादा किया और एक चेक भी दिया, जो बाउंस हो गया। रकम मांगने पर सुमन और उसके पति शैलेन्द्र धमकी देने लगे। पुलिस ने पहले धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी। अब दोनों पर गैंग्सटर एक्ट की कार्रवाई हुई है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी के अनुसार, सुमन देवी पर सात और शैलेन्द्र पर पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### नशीले पदार्थ की तस्करी करने वालों पर गैंग्सटर की कार्रवाई

जासं.गोरखपुर : संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थ का कारोबार करने वाले दो आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों में बरेली निवासी पवन सिंह व बंगाल की खुशबू कुमारी शामिल हैं। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि पवन सिंह गैंग का लीडर है, जबकि खुशबू सक्रिय सदस्य के रूप में नशे के धंधे में शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से 6 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद की थी। कोतवाली थाने में पहले से मुकदमा दर्ज था। जिसमें गैंग्सटर की कार्रवाई हुई है।

# हास्टल से छात्र के अपहरण में हिस्ट्रीशीटर धराया

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोरखनाथ क्षेत्र से 12वीं के छात्र के अपहरण मामले में पुलिस ने शनिवार की रात संतकबीर नगर जिले के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। घटना में शामिल रहे तीन अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी चल रही है। अपहरण की घटना तीन अगस्त की रात में हुई थी। आरोपित हास्टल से छात्र को कार में उठा ले गए थे।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रामनगर चौराहे के पास स्थित हास्टल में रहकर महराजगंज जिले के निचलौल, भरवलिया का अनन्य मणि त्रिपाठी मियां साहब इस्लामिया स्कूल में 12वीं की पढ़ाई करता था। संतकबीर नगर निवासी लकी त्रिपाठी तीन अगस्त की रात में 1:30 बजे साथियों के साथ हास्टल पहुंचा। मोबाइल फोन से चैट डिलीट कराने के लिए उसने छात्र का अपहरण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई, जिस पर अभियुक्तों ने छात्र को जूडियो माल के पास छोड़ दिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार अगस्त को अपहरण और मारपीट का केस दर्ज हुआ।


गोरखनाथ थाना पुलिस की गिरफ्त में अपहरण का आरोपित● सौ. इंटरनेट मीडिया

जांच में पता चला कि वारदात में लकी त्रिपाठी उर्फ देवेश (निवासी नवगो, थाना मेहदावल, संतकबीर नगर), मुन्ना लाल मौर्या (निवासी टोला भडारे, थाना मेहदावल), रितु राज चौधरी (निवासी कुशौना कला) और गोरखनाथ के चक्सा हुसैन पचपेड़वा निवासी जगत राज चौहान शामिल थे। शनिवार रात पुलिस ने मुन्ना लाल मौर्या को महेसरा पुल के पास गिरफ्तार किया।

वह मेहदावल थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी सिटी ने बताया कि बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## मां संग मिलकर युवक ने किया किशोरी का अपहरण, केस

चौरी चौरा : थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 9वीं की छात्रा का अपहरण एक युवक ने अपनी मां के सहयोग कर लिया। पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर चौरी चौरा पुलिस ने आरोपित बेटे व उसकी मां के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी के पिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 14 साल की बेटी का अपहरण छह अगस्त को सरैया गांव का रहने वाला उसकी सहेली का भाई युवराज कर लिया। इस कार्य में उसकी मां रेनू ने सहयोग किया। जिस समय दोनों ने मेरी बेटी का अपहरण किया, उस समय वह घर पर अकेली थी। आरोपित के घर पूछने गया तो उसकी मां ने बताया कि छह अगस्त को बेटा बाहर कमाने चला गया है।

# सड़को पर तीन किलोमीटर लंबा जाम, फसे रहे हजारों वाहन



भीटी रावत: राखी के मौके पर सहजनवां थाने से लेकर चकिया तिराहे तक करीब तीन किलोमीटर भीषण जाम देखने को मिला. करीब तीन घंटे तक हजारों वाहनों सड़क पर रेंगते रहे. लोग आगे निकलने के चक्कर में अपना लेन छोड़कर दूसरे लेन में घुस गए, जिससे छोटी-बड़ी सभी गाड़ियां फंस गई. इस दौरान कई एबुलेंस भी फंसे दिखे. जाम हटाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. इस दौरान लिंक रोड हरपुर बुदहट तथा जोन्हिया वाले मार्ग पर भी गाड़ियों की भीड़ बढ़ने लगी. सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस ने मोर्चा संभाला.

# हास्टल से छात्र के अपहरण में हिस्ट्रीशीटर हुआ अरेस्ट

**संतकबीर नगर जिले के रहने वाले आरोपित पर दर्ज है कई मामले**

**घटना मे शामिल तीन अन्य आरोपितो की चल रही तलाश**



GORAKHPUR (9 Aug): गोरखनाथ क्षेत्र से 12वीं के छात्र के अपहरण मामले में पुलिस ने शनिवार की रात संतकबीर नगर जिले के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया. घटना में शामिल रहे तीन अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी चल रही है. अपहरण की घटना तीन अगस्त की रात में हुई थी. आरोपित हास्टल से छात्र को कार में उठा ले गए थे.

### माल के पास छोड़ा

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रामनगर चौराहे के पास स्थित हास्टल में रहकर महराजगंज जिले के निचलौल, भरवलिया का अनन्य मणि त्रिपाठी मियां साहब इस्लामिया स्कूल में 12वीं की पढ़ाई करता था. संतकबीर नगर निवासी लकी त्रिपाठी तीन अगस्त की रात में 1:30 बजे साथियों के साथ हास्टल पहुंचा. मोबाइल फोन से चैट डिलीट कराने के लिए उसने छात्र का अपहरण कर लिया. सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई, जिस पर अभियुक्तों ने छात्र को जूडियो माल के पास छोड़ दिया.

### पुलिस कर रही तलाश

पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार अगस्त को अपहरण और मारपीट का केस दर्ज हुआ. जांच में पता चला कि वारदात में लकी त्रिपाठी उर्फ देवेश (निवासी नवगो, थाना मेहदावल, संतकबीर नगर), मुन्ना लाल मौर्या (निवासी टोला भडारे, थाना मेहदावल), रितु राज चौधरी (निवासी कुशौना कला) और गोरखनाथ के चक्सा हुसैन पचपेड़वा निवासी जगत राज चौहान शामिल थे. शनिवार रात पुलिस ने मुन्ना लाल मौर्या को महेसरा पुल के पास गिरफ्तार किया. वह मेहदावल थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. एसपी सिटी ने बताया कि बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

# सेना के जवान से ठगी में दंपती पर गैंगस्टर का केस

GORAKHPUR (9 Aug): सेना के जवान से लाखों रुपये की जालसाजी करने वाले दंपती पर एम्स थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है. पुलिस के मुताबिक, गैंग की सरगना पत्नी है, जबकि पति सक्रिय सदस्य के रूप में काम करता है. दोनों के विरुद्ध पहले से कई मामले दर्ज हैं. पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है. कूड़ाघाट के झरना टोला निवासी सेवानिवृत्त सैनिक जोगिंदर प्रसाद ने मोहल्ले की रहने वाली सुमन देवी पत्नी शैलेन्द्र के जरिए सात दिसंबर 2017 को डाकघर में एक आरडी खाता खोला था. हर महीने छह हजार रुपये सुमन को खाते में जमा करने के लिए दिए जाते थे, लेकिन उसने पूरी राशि जमा नहीं की. खाता परिपक्व होने पर पासबुक अपडेट कराई, तो पता चला कि केवल 1.75 लाख रुपये ही जमा हैं, बाकी रकम उसने खर्च कर दी.

### देने लगे धमकी

जोगिंदर प्रसाद की शिकायत पर पोस्ट मास्टर के सामने सुमन ने लिखित में 20 अप्रैल 2023 तक रकम लौटाने का वादा किया और एक चेक भी दिया, जो बाउंस हो गया. रकम मांगने पर सुमन और उसके पति शैलेन्द्र धमकी देने लगे. पुलिस ने पहले धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी. अब



दोनों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई है. एसपी सिटी अभिनव त्यागी के अनुसार, सुमन देवी पर सात और शैलेन्द्र पर पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं.

### गैंगस्टर की कार्रवाई

संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थ का कारोबार करने वाले दो आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है. आरोपितों में बरेली निवासी पवन सिंह व बंगाल की खुशबू कुमारी शामिल हैं.

### हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि पवन सिंह गैंग का लीडर है, जबकि खुशबू सक्रिय सदस्य के रूप में नशे के धंधे में शामिल है. पुलिस ने इनके कब्जे से 6 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद की थी. कोतवाली थाने में पहले से मुकदमा दर्ज था. जिसमें गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है.

# पार्ट टाईम जॉब के चक्कर में साइबर फ्रॉड के शिकार

### बड़हलगंज के पति-पत्नी के साथ 16 लाख का साइबर फ्रॉड

### जॉब के चक्कर मे पति-पत्नी ने घर बैठे गवाए पैसे

**GORAKHPUR ( 9 Aug):** पार्ट टाईम जॉब के चक्कर में लोग साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं. बड़हलगंज के पति-पत्नी के साथ 16 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है. ये पार्ट टाईम जॉब के चक्कर में पड़कर करीब 16 लाख रुपए गंवा दिए. साइबर जालसाजी का जब पता चला तब जाकर साइबर अपराध थाने में केस दर्ज कराया है. पुलिस साइबर जालसाजों के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच में लगी है.



#### मोबाईल पर विज्ञापन

बड़हलगंज थाना एरिया के विजय कुमार गुप्ता ने साइबर अपराध थाने में शुक्रवार को केस दर्ज कराया है. वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं. विजय ने बताया कि मोबाइल पर पार्ट पार्ट टाईम जॉब करके पैसे कमाने का एक विज्ञापन आया. इसे देखने के बाद कॉल आई. बातचीत के बाद एक टेलीग्राम लिंग भेजा गया. उस लिंक पर क्लिक कर एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया. उसमें कई लोगों के मैसेज आ रहे थे.

#### अच्छे मुनाफा का लालच

उन्हें अच्छा मुनाफा भी हो रहा था. मुझे बताया गया कि पार्ट पार्ट टाईम जॉब में आप पैसे निवेश कर अच्छा मुनाफा घर बैठे पा सकते हैं. इस लालच में पड़कर मैंने अपने खाते से पैसे भेजकर टास्क पूरा करता रहा. इसके बाद पत्नी को भी इस जॉब में लगाया. पत्नी के खाते में भी रकम ट्रांसफर किया. इस तरह 10 जुलाई से लेकर 20 जुलाई 2025 तक कुल करीब 16 लाख रुपए पेटीएम और अन्य माध्यम से जमा किए.

मामले में केस दर्ज कर लिया गया है. अज्ञात नंबरों और संदिग्ध बैंक खातों की जांच की जा रही है. साइबर फ्रॉड से बचने के लिए हमारी टीम जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम कर रही है. इसके अलावा व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है.

सुधीर जायसवाल, एसपी क्राइम

# बोनट से धुआं निकलने का झांसा देकर ले भागे सीए का बैग

**GORAKHPUR (9 Aug):** पिपरौली में शुक्रवार को नौसढ़ पुलिस चौकी के निकट टप्पेबाजों ने एक सीए को फिल्मी अंदाज में झांसा देकर उनका बैग चुरा लिया. यह घटना इतनी तेजी से हुई कि पीड़ित को होश आने तक आरोपी फरार हो चुके थे. गीडा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. बेतियाहाता स्थित सर्राफ रेजिडेंसी के निवासी कश्यप आदित (सीए) ने पुलिस को बताया कि वह अपने चालक के साथ चार पहिया वाहन से गीडा जा रहे थे. नौसढ़ चौकी के पास अचानक बाइक पर सवार तीन युवक उनकी गाड़ी के पास आए और इशारा किया कि वाहन के इंजन से धुआं निकल रहा है.

# बिना अनुमति मुंबई गए नौसढ़ चौकी प्रभारी किए गए सस्पेंड

**UPDATE**

**अपहरण-लूट प्रकरण में पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल, सीओ कर रहे जांच**

**पीड़ित के खाते से रुपये निकलने की पुष्टि, पुलिस मुख्यालय से ली जानकारी**




**01** जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों के बुलाने पर भी नहीं आए

**02** घटना में सात लोगों के शामिल होने की चर्चा, तेज हुई जांच

**03** झोपड़ी से लेकर लखनऊ नंबर की कार सबकी चल रही छानबीन

**GORAKHPUR ( 9 Aug):** लूट और अपहरण के एक मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने के बाद नौसढ़ चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है. विभागीय जांच का आदेश भी दे दिया गया है, जबकि उनके साथ मुंबई गए दो सिपाहियों पर भी जल्द कार्रवाई की संभावना है.

## छह माह से पता नहीं

छानबीन में सामने आया कि घटना के बाद बिना अनुमति के ही चौकी प्रभारी व दो सिपाही छह माह पहले दर्ज हुए अपहरण के मुकदमे की जांच के संबंध में मुंबई जाने की बात कहकर थाने से निकल गए. तब से उनका पता नहीं है. मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है. राजघाट थाने में दर्ज हुए मुकदमे की जांच सीओ कोतवाली की अगुवाई में चल रही है.

## सीसीटीवी से हुई पुष्टि

पीड़ित से पूछताछ व जांच में सामने आया कि लूट करने वालों ने खुद को क्राइम ब्रांच का सदस्य बताया था. रविशंकर के खाते की जांच करने पर नौसढ़ के पास स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से 90 हजार रुपये निकाले जाने की भी पुष्टि हुई है. ट्रांसपोर्टनगर चौराहे से लेकर घटनास्थल के बीच लगे सीसी कैमरे का फुटेज देखा गया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि रविशंकर अपने चचेरे भाई व एक अन्य युवक के साथ जाते हुए दिखे. इस घटना के बाद नौसढ़ चौकी प्रभारी व दो सिपाही के मोबाइल फोन बंद हैं.

## सीओ को सौंपी गई जांच

संदेह बढ़ने पर जांच हुई तो पता चला कि तीनों ने जीडी में किशोरी की बरामदगी का उल्लेख कर मुंबई रवाना होने की बात लिखी है, लेकिन इस संबंध में उच्चाधिकारियों से कोई अनुमति नहीं ली गई है. नियमानुसार राज्य से बाहर किसी मामले की जांच के लिए जाने से पहले डीआइजी रेंज की अनुमति आवश्यक होती है. चौकी प्रभारी और दोनों सिपाही बिना अनुमति मुंबई चले गए. मोबाइल फोन बंद होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं. मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस मुख्यालय से मामले की जानकारी ली जा रही है. एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सीओ को जांच सौंपी गई है और प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी.

## यह है मामला

बेलीपार इलाके में पिछौरा के रहने वाले रवि शंकर को मंगलवार की दोपहर कार सवारों ने राजघाट पुल के पास अगवा कर 90 हजार रुपये लूट की वारदात की थी. इस मामले में अगले दिन बदमाशों ने तीन लाख रुपये लेकर एकला बांध पर स्थित झोपड़ी के पास बुलाया था. बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की थी. इसके बाद राजघाट थाने में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया गया. क्योंकि लूट करने वालों ने खुद को पुलिस के क्राइम ब्रांच का बताया था और इसी दिन से चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन बंद हैं. इस वजह से उनकी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है.

## वारदात के बाद चौकी प्रभारी के मुंबई जाने पर बढ़ा संदेह

गोरखपुर : युवक से लूटपाट के मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने पीड़ित के चचेरे भाई से पूछताछ की, जिसमें उसने घटना की पुष्टि की. जांच के दौरान बांध किनारे वह झोपड़ी भी मिली, जहां आरोपित पीड़ित को ले गए थे. टीम की छानबीन में कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिन्होंने पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं. सूत्रों के अनुसार, पीड़ित को कार में बैठाकर फोरलेन बाइपास पर चार घंटे तक घुमाया गया. चर्चा है कि वारदात में कुल सात लोग शामिल थे. रविशंकर को पिस्टल देने वाले युवक की आरोपितों से सांठगांठ होने की बात सामने आई है. उसके पकड़े जाने पर ही सभी आरोपितों के नाम और पते की पुष्टि होगी.

## पहले भी आ चुकी है कई शिकायतें

मामले में एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस कार का इस्तेमाल घटना में हुआ, वह कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की बताई जा रही है. घटना के बाद जब टीम घटनास्थल की जांच करने गई तो चौकी प्रभारी को भी बुलाया गया, लेकिन वे मौके पर नहीं पहुंचे. इसके बाद उन्होंने रवानगी कराकर मुंबई चले जाने की बात कही, जिससे संदेह और गहरा गया. चर्चा है कि निलंबित हुए चौकी प्रभारी के विरुद्ध पहले भी कई गंभीर शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक उन्हें नजरअंदाज किया गया. क्राइम ब्रांच अब पिस्टल देने वाले युवक व संदेह के घेरे में आए लोगों की तलाश में दबिश दे रही है. मामले में पुलिसकर्मी की संलिप्तता की भी गहन जांच चल रही है.

## कब क्या हुआ

1. मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे पीड़ित को कार में बैठाया गया.
2. चार घंटे तक एकला बांध व फोरलेन बाइपास पर घुमाया गया.
3. बांध किनारे झोपड़ी के पास ले जाकर उसे यातना देने के साथ ही वीडियो बनाया.
4. शाम को छूटने के बाद घर पहुंचे पीड़ित ने स्वजन को बताया, अगले दिन पुलिस ऑफिस पहुंचा.

## अब तक की जांच में

5. झोपड़ी के पास वारदात की पुष्टि हुई.
6. कार के पुलिसकर्मी से जुड़ाव के संकेत.
7. पिस्टल सप्लाई करने वाले युवक की तलाश जारी.
8. चौकी प्रभारी की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही

# दो चौकी प्रभारी लाइन हाजिर, कई की तैनाती बदली

**GORAKHPUR ( 9 Aug):** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरन नय्यर ने शनिवार को पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए दो चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया. कई थाने व चौकी प्रभारियों की तैनाती बदल दी. आजादनगर चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह, पादरी बाजार चौकी प्रभारी अश्वनी चौबे और गुलरिहा थाने पर तैनात रही महिला दारोगा प्रीति सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है.

## इनकी बदली तैनाती

करमैनी चौकी प्रभारी रहे आशीष त्रिपाठी को आजादनगर चौकी का प्रभार सौंपा गया है, जबकि डांगीपार में तैनात रहे नवीन राय को इंजीनियरिंग कालेज चौकी भेजा गया है. इंजीनियरिंग कालेज चौकी प्रभारी कमलेश प्रताप सिंह को नौसढ़ चौकी, कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी अशोक यादव को कैंपियरगंज थाने, राजघाट थाने के एसएसआइ जयप्रकाश सिंह को मजनू चौकी और झंगहा थाने के एसएसआइ राजेश यादव को कलेक्ट्रेट चौकी का प्रभार दिया गया है. इसी तरह खजनी थाने में तैनात कृष्णानंद कुशवाहा को झंगहा के बरही चौकी, सीओ चौरी चौरा पेशी में तैनात दारोगा विकास मिश्रा को मेडिकल कालेज चौकी, पुलिस लाइन में तैनात साहब सिंह को पादरी बाजार चौकी, संजीव राय को आजाद चौक और सिकरीगंज थाने में तैनात भूपेंद्र तिवारी को करमैनी घाट चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है.

बेलीपार के युवक को अगवा कर कार सवारों ने की थी लूट, जांच के दायरे में पुलिसकर्मी

# लूटकांड : बिना अनुमति मुंबई गए नौसड़ चौकी इंचार्ज निलंबित

## कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। राजस्थान से आए युवक को अगवा कर तमंचे की बरामदगी में जेल भेजने की धमकी की घटना के बाद मुंबई रवाना हुए चौकी इंचार्ज नौसड़ शुभम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। नियमानुसार उन्हें डीआईजी की अनुमति लेनी चाहिए थी। दूसरे, इस पूरे प्रकरण में पुलिस भी संदेह के घेरे में है, इस वजह से निष्पक्ष जांच के लिए यह कार्रवाई की गई है। प्रकरण की जांच सीओ को सौंपी गई है। उधर, पुलिस ने बंधक बनाकर लूट के मामले में सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, जिनके जरिए तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, बेलीपार इलाके के पिछौरा के रहने वाले रविशंकर को कार सवारों ने अगवा कर 90 हजार रुपये लूट लिए थे। सराफा की दुकान पर ले जाकर गहने खरीदने का दबाव डाला था। फिर अगले दिन चार लाख रुपये के साथ उसे फिर से बुलाया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की तो राजघाट थाने में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया गया। चूंकि लूट करने वालों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताया था और उसी दिन से चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिस वालों के मोबाइल नंबर बंद हैं। इसलिए उनकी भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है।

बाद में पता चला कि तीनों पुलिसकर्मी जीडी में अंकित कर किशोरी को बरामद करने के नाम पर मुंबई चले गए, जबकि इसकी अनुमति नहीं ली गई थी। अब मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी राजकरन नय्यर ने चौकी इंचार्ज को निलंबित कर विभागीय जांच का निर्देश दे दिया है। बताया जा रहा है कि दो सिपाही भी साथ गए हैं, उन पर भी जल्द कार्रवाई संभव है।

- घटना वाले दिन ही चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिसकर्मी केस के सिलसिले में जीडी में ब्योरा दर्ज कर चले गए मुंबई
- दूसरे प्रदेश जाने के लिए लेनी होती है डीआईजी की अनुमति
- निलंबित कर एसएसपी ने सीओ को सौंपी जांच



### चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं आरोपित, सीडीआर की जांच शुरू

पुलिस की अब तक की जांच में बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कहीं नजर नहीं आए हैं। इससे एक बात साफ हो गया है कि बदमाश चप्पे-चप्पे से वाकिफ थे। वारदात को इतने शातिराना तरीके से अंदाज दिया गया कि सीसीटीवी कैमरे से बच जाएं। अब पुलिस ने सीडीआर की जांच शुरू कर दी है। खबर है कि पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी लग गए हैं, जिससे घटना का पर्दाफाश जल्द संभव है।

### यह है मामला

बेलीपार के पिछौरा के रहने वाले रविशंकर जयपुर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। उनका ननिहाल बेलीपार इलाके के भौवापार में है। इन दिनों वह वरासत कराने के लिए अपने ननिहाल आए हुए हैं। मंगलवार की दोपहर में वह दो अन्य लोगों के साथ बाइक से निकले थे। राजघाट पुल के पास से कार से आए पांच लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताते हुए रोक लिया और फिर एक तमंचा बरामद किया। रविशंकर को अगवा कर नौसड़ के जनसेवा केंद्र से रकम निकाली थी। फिर जेल भेजने की धमकी देते हुए बदमाश एक सर्राफ की दुकान पर ले गए।

पेच | कैंट थाने का बनना है नया भवन, खोराबार का हिस्सा काटकर बनेगा बेलवार थाना, दोनों स्थानों के लिए अफसर कर रहे जमीन की तलाश

# जमीन के अभाव में लटका कैंट और बेलवार थाना निर्माण

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जमीन के अभाव में जिले के दो थानों के निर्माण का पेंच फंसा हुआ है। कैंट थाने की जगह कम पड़ने की वजह से नए स्थान पर इस थाने को शिफ्ट करना है और जमीन की तलाश चल रही है, लेकिन तीन चार-जगह जमीन देखने के बाद भी अन्तिम फैसला नहीं हो पाया है। उधर, खोराबार थाने का एक हिस्सा काटकर बेलवार थाने का निर्माण होना है। इसके लिए भी लम्बे समय से जमीन की तलाश जारी है।

दरअसल, खोराबार थाने का बेलवार थाना एकदम नया थाना होगा। यह जिले का 30वां थाना बनेगा। इसके लिए राजस्व विभाग ने अब तक पांच जगह जमीन देने का दावा किया है, लेकिन कोई जमीन ऐसी नहीं है जहां थाने के निर्माण के लिए अन्तिम निर्णय लिया जाए। इसकी वजह से इसका पेंच फंसा हुआ है। इस थाने के बनने से खोराबार, झंगहा और बेलीपार का कुछ हिस्सा इसमें शामिल होगा और एक बड़ी आबादी को लाभ होने वाला है पर जब तक जमीन फाइनल नहीं होगी तब तक यह फाइलों में ही दबा रहेगा। वहीं फोरलेन चौड़ीकरण में कैंट थाने का एक बड़ा हिस्सा सड़क में चला गया, इससे थाना काफी छोटा हो गया।

अफसरों ने इस थाने को नए जगह शिफ्ट करने का निर्णय लिया। यूनिवर्सिटी चौराहे के पास नगर निगम की एक जमीन को पुलिस विभाग ने पसंद किया, लेकिन निगम ने जमीन नहीं दिया। उसके बाद सिविल लाइंस एरिया में एक जमीन दिखाई गई पर वह भी काफी अंदर है, लिहाजा बात नहीं बन पाई।




- तीन-चार-जगह जमीन देखने के बाद भी अन्तिम फैसला नहीं हो पाया

### चार थानों की सरहदों में बदलाव के प्रस्ताव का भी इंतजार

जिले के चार थाना क्षेत्र के सरहद में बदलाव के प्रस्ताव का भी इंतजार किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है, लेकिन अभी तक वहां से हरी झंडी नहीं मिल पाई है। इस बदलावा के तहत कैंट थाना क्षेत्र में शामिल इंजीनियरिंग कॉलेज पुलिस चौकी को एम्स थाने के अधीन करने का प्रस्ताव किया गया है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को छोटी-छोटी शिकायतों या एफआईआर दर्ज कराने के लिए सात किलोमीटर दूर स्थित कैंट थाने आना पड़ता है, जबकि पास में ही एम्स थाना मौजूद है। कई बार विवाद या आपात स्थिति में यह दूरी असुविधा का कारण बनती थी। वहीं एम्स थाना बनने के बाद सोनबरसा चौकी को चौरीचौरा थाने से हटाकर इसमें शामिल कर दिया गया था। अब एक बार फिर इसमें संशोधन करते हुए सोनबरसा को पुनः चौरीचौरा थाने में जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा एम्स थाने में शामिल कैथवलिया गांव को पिपराइच थाने के क्षेत्र में तो एम्स थाना के बहरामपुर गांव को खोराबार थाना क्षेत्र में करने का प्रस्ताव दिया गया है।

# गाड़ी में आग लगने की सूचना देकर उचक्कों ने बैग उड़ाया

**घघसरा।** नौसढ़ चौकी से कुछ दूरी पर उचक्कों ने चार पहिया वाहन से धुआं निकलने का इशारा किया। वाहन रुकने पर वाहन में रखा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

कैंट थाना क्षेत्र के सर्राफ रेजिडेंसी निवासी आदित्य ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह चारपहिया से गीडा जा रहे थे। तभी बाइक सवार तीन आए। बोनट खोलकर देखने लगा तो मौका देखकर उचक्का कार में रखा बैग लेकर फरार हो गया। बैग में लैपटॉप, क्रेडिट कार्ड, चेकबुक व अन्य सामान था।

# नौकरी का झांसा देकर दंपति से 16 लाख की ठगी

**जालसाजी**

- बड़हलगंज के पीड़ित दंपति ने साइबर थाने में दर्ज कराया केस
- मोबाइल पर आया था पार्ट टाइम जॉब का संदेश, बातचीत के बाद कटे रुपये

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बड़हलगंज के दंपति को प्राइवेट जॉब का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने 16 लाख रुपये की ठगी की। सबसे पहले पति के मोबाइल फोन पर एक संदेश आया था, जिसके बाद उसके बताए अनुसार लिंक से जुड़कर दंपति ने रुपये गंवा दिए हैं। अब पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया। साइबर एक्सपर्ट मामले की जांच कर रहे हैं।

बड़हलगंज के विजय कुमार गुप्ता ने साइबर अपराध थाने में केस दर्ज कराया है। वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। विजय ने बताया कि मेरे मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब करके पैसे कमाने का एक विज्ञापन आया। उसे देखने के बाद मेरे पास कॉल आई। बातचीत के बाद मुझे एक टेलीग्राम लिंक भेजा गया। उस लिंक पर क्लिक कर एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया। उसमें कई लोगों के मैसेज आ रहे थे। उन्हें अच्छा मुनाफा भी हो रहा था। मुझे बताया गया कि पार्ट टाइम जॉब में आप पैसे निवेश कर अच्छा मुनाफा घर बैठे पा सकते हैं। इस लालच में पड़कर अपने खाते से पैसे भेजकर टास्क पूरा करता रहा। इसके बाद पत्नी को भी इस जॉब में लगाया। पत्नी के खाते से भी रकम ट्रांसफर की। इस तरह 10 जुलाई से लेकर 20 जुलाई तक करीब 16 लाख रुपये पेटीएम और अन्य माध्यम से जमा किए। इसका बैंक स्टेटमेंट भी मेरे पास है।

विजय ने बताया कि मैंने जब निवेश की गई धनराशि वापस अपने बैंक खाते में निकासी कराना चाहा, तब मुझसे और अधिक पैसे की डिमांड की गई। बताया गया कि धनराशि निकालने से पहले पैसे जमा करने पड़ेंगे। तब मुझे पता चला कि मेरे साथ साइबर फ्रॉड हो चुका है। साइबर फ्रॉड के शिकार विजय ने पुलिस को अज्ञात व्यक्तियों के मोबाइल नंबर भी दिए हैं। इन्हीं नंबरों से उनके पास कॉल आई थी, उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया था।

> साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है। अज्ञात नंबरों और संदिग्ध बैंक खातों की जांच की जा रही है। साइबर जालसाज से बचने के लिए हमारी टीम जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। इसके अलावा व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा।
> **- सुधीर जायसवाल, एसपी क्राइम**

# सरयू लाल निशान पार, राप्ती-रोहिन में उतार-चढ़ाव जारी

## भौरावारी मीटर गेज पर घटा रोहिन का पानी नेपाल की वर्षा से प्रभावित हुआ नदियों का जलस्तर

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नेपाल में होने वाली वर्षा से नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। सरयू नदी जहां लाल निशान (खतरा बिंदु) से ऊपर बह रही है। वहीं राप्ती और रोहिन सहित अन्य नदियों में उतार-चढ़ाव जारी है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह क्रम बना रहेगा। इसलिए नदियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। सिंचाई विभाग से जारी सूचना के अनुसार सरयू नदी एल्गिन ब्रिज, अयोध्या पुल, बरहज, तुर्तीपार, चांदपुर और मांझी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। शनिवार को 358159 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। इससे रविवार को जलस्तर बढ़ने की संभावना है।

शनिवार को बर्डघाट में राप्ती नदी का जलस्तर 73.440 मीटर रहा। यहां नदी खतरे के निशान से 1.54 मीटर नीचे बह रही है। रोहिन नदी के त्रिमुहानी घाट पर लगे मीटर गेज पर शाम चार बजे 80.350 मीटर पर जलस्तर रहा। यहां सुबह आठ बजे पानी 80.430 मीटर पर था। भौरावारी में लगे मीटर गेज पर नदी का जलस्तर बढ़ाव पर रहा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव का क्रम है। इस पर नजर रखी जा रही है। विभाग के अभियंताओं को सजग किया गया है। मोबाइल फोन के माध्यम से नियमित सूचना ली जा रही है। कहीं पर भी नदी के कटान इत्यादि की जानकारी मिलने पर तत्काल बाढ़ बचाव प्रबंध किया जाएगा।

**नदियों का जलस्तर**

| नदी | स्थान | वर्तमान स्थिति (शाम 4 बजे) | खतरे का निशान |
|---|---|---|---|
| सरयू | अयोध्या | 93.290 | 92.730 |
| सरयू | तुर्तीपार | 64.490 | 64.010 |
| राप्ती | बर्डघाट | 73.440 | 74.980 |
| रोहिन | त्रिमुहानी | 80.480 | 82.440 |
| गोर्रा | पिड़रा | 69.050 | 70.500 |

> विभाग ने जारी की सूचना, एल्गिन ब्रिज, अयोध्या पुल बरहज, तुर्तीपार और मांझी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही सरयू नदी

## गोला तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों में बंटा गर्म भोजन



ग्रामीणों को गर्म भोजन का पैकेट देते तहसीलकर्मी • सौ. सूचना विभाग

**गोला :** तहसील क्षेत्र में सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित गांवों में शनिवार को गर्म भोजन का वितरण शुरू किया गया। शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विभिन्न गांवों का दौरा करके बाढ़ की जानकारी ली थी। उन्होंने सामुदायिक रसोई स्थापित करके प्रभावितों को समय से गर्म भोजन उपलब्ध कराने को कहा था। प्रशासन की ओर से आपदा मित्रों और तहसीलकर्मियों ने नदी के पानी से घिरे बगहा देवार, ज्ञानकोल, नेतवर पट्टी, बिहुआ आदि जगहों पर पहुंचकर गर्म पका भोजन वितरित किया। गोला एसडीएम अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समुचित प्रबंध किए गए हैं। पांच हजार पैकेट पके हुए भोजन का वितरण कराया गया है। ग्रामीणों के लिए पांच नाव लगाई गई हैं। राहत शिविर तैयार कर लिए गए हैं। बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं। सभी विभागों से समन्वय बनाकर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर ने साथियों संग किया था छात्र का अपहरण, गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ इलाके से एक छात्र के अपहरण करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि संतकबीरनगर के हिस्ट्रीशीटर के गांव के पास के रहने वाले युवक से व्हाट्सएप पर आए संदेश को डिलीट करने को लेकर विवाद के बाद वारदात की गई थी। हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

पकड़े गए आरोपित की पहचान संतकबीनगर जनपद के मेहदावल थाना क्षेत्र के भडरारे निवासी मुन्ना लाल मौर्या के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जिले के भरवलिया, निचलौल निवासी एक किशोर इंटर का छात्र है। वह गोरखनाथ इलाके में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। तीन अगस्त की रात करीब एक बजे छात्र कमरे में सोया था, तभी एक युवक अपने साथियों के साथ कार से आ गया। उसने दरवाजा खटखटाया तो किशोर ने दरवाजा खोल दिया। उसके साथ मारपीट कर जबरन कार में बैठा लिए और फिर फरार हो गए।



गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर मुन्नालाल।

■ गोरखनाथ इलाके में हुई थी घटना, मैसेज डिलीट करने के विवाद में की गई थी वारदात

विवाद का शोर सुनकर आसपास के लोग भी जग गए थे। सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई तो आरोपित किशोर को छोड़कर फरार हो गए थे।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी थी। एसएचओ शशिभूषण राय की टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह संतकबीरनगर के एक थाने का हिस्ट्रीशीटर है, अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# सीएम ने किया पुस्तक का विमोचन

■ 'रिवर ऑफ थॉट' में एडीजी ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया

■ मुख्यमंत्री योगी ने एडीजी को पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दीं

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में एडीजी गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन की पुस्तक 'रिवर ऑफ थॉट' का विमोचन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

पुस्तक में एडीजी ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया है। पुस्तक के बारे में एडीजी ने बताया कि हमारा जीवन अस्त-व्यस्त, अप्रत्याशित और तनावपूर्ण है। हम एक साथ कई गेंदों को संभाल रहे हैं और हमारा ध्यान हमेशा इस बात पर लगा रहता है कि कोई भी गेंद जमीन पर न गिरे। जीवन के कई साल बीत गए, तब जाकर मुझे धीरे-धीरे एहसास हुआ कि जिंदगी की एक बड़ी योजना है और जो अलग-अलग घटनाएं लगती थीं, वे सब एक विशाल पहेली के आपस में जुड़े पहलू थे। टुकड़े एक-एक करके अपनी जगह पर आते हैं और पहेली कभी पूरी नहीं होती। उन्होंने जीवन की कठिनाईयों से कैसे निकला जाए, यह भी किताब में लिखा है।

## योगी ने गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया

गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के विग्रह का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर आए और श्रद्धा निवेदित की।



सीएम योगी ने एडीजी अशोक मुथा जैन की पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान मेयर डॉ. मंगलेश, सदर सांसद रविकिशन, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी एस चनप्पा, एसएसपी राज करन नय्यर, एसपी सिटी अभिनव त्यागी मौजूद रहे।

# नशीले पदार्थ का धंधा करने वाले दो लोगों पर गैंगस्टर का केस

**गोरखपुर।** नशीले पदार्थ का धंधा करने वाले दो आरोपितों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपितों में एक बरेली का रहने वाला है तो वहीं एक महिला सदस्य पश्चिम बंगाल की रहने वाली है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने पवन सिंह पुत्र डूंगर सिंह निवासी ग्राम खगाईनागर, मजरा जसाईनागर, थाना बहेड़ी जनपद बरेली और गैंग की सदस्य खुशबू कुमारी साव पत्नी राजू साव मूल निवासी नियामतपुर, वर्धमान, पश्चिम बंगाल, हाल पता धूमपुर चौक, नरकटियागंज के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। यह गैंग नशे का कारोबार करता है। गैंग का लीडर पवन सिंह है तो खुशबू सक्रिय सदस्य है। गैंग के पास से 6 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# पत्नी के मायके जाने से नाराज युवक नदी में कूदा

**तलाश जारी**

**पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के भरवल गांव निवासी एक ऑटो चालक ने शनिवार दोपहर करीब एक बजे अकटहवा पुल से रोहिन नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पीपीगंज पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। नदी में उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था।

वार्ड नंबर 15 मुंशी प्रेमचंद नगर भरवल गांव निवासी संजय प्रजापति (35) ने रक्षाबंधन पर आ रही बहनों के घर आने के बाद ही पत्नी को मायके जाने के लिए कहा। लेकिन पत्नी उसकी बात नजरअंदाज कर सुबह ही मायके चली गई। इससे नाराज संजय अपना ऑटो सेनुरी चैराहे पर खड़ा कर अकटहवा पुल पर जाकर रोहिन नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पीपीगंज व पनियरा पुलिस ने मोबाइल और चप्पल कब्जे में लेकर खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया।

नदी में कूदे संजय के दो भाई दो बहन हैं। उसके पिता की मौत छह वर्ष पहले हो गई है। वह घर का बड़ा था। उससे एक बेटी ईशा (14) और बेटा कान्हा (6) हैं। पत्नी संजना भाई को राखी बांधने मायके गई है। उसके पास फोन न होने के कारण नदी में कूदने की सूचना उसको नहीं मिल पाई है।

# दो चौकी इंचार्ज लाइनहाजिर कई का कार्यक्षेत्र बदला गया

**गोरखपुर।** एसएसपी ने दो चौकी इंचार्ज को लाइनहाजिर कर दिया, वहीं कई का कार्यक्षेत्र बदल दिया गया। आजाद नगर चौकी इंचार्ज अमरेश कुमार सिंह, पादरी बाजार चौकी इंचार्ज अश्वनी चौबे को लाइनहाजिर कर दिया गया है।

करमैनी चौकी पर तैनात आशीष कुमार तिवारी को आजाद नगर का चौकी इंचार्ज बनाया गया। साहब सिंह को पुलिस लाइंस से पादरी बाजार चौकी इंचार्ज बनाया गया। कृष्णानंद कुशवाहा को खजनी से चौकी प्रभारी बरही, जयप्रकाश सिंह को राजघाट से मजनू चौकी, राजेश कुमार यादव को झंगहा से चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट, यहां प्रभारी रहे अशोक यादव को कैंपियरगंज, नवीर राय को डांगीपार से इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी प्रभारी, यहां तैनात रहे कमलेश सिंह को नौसड़ चौकी इंचार्ज, विकास मिश्रा को मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी बनाया गया है।

# 20 लाख दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाला

**घघसरा।** सहजनवा क्षेत्र के ओड़वलिया निवासी विवाहिता को ससुराल वालों ने 20 लाख दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। क्षेत्र के ओड़वलिया निवासी नाजरा ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद कुछ सब कुछ ठीक ठाक चला। फिर ससुराल वाले दहेज के लिए ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। जब मायके वालों ने 20 लाख दहेज देने से मना किया तो ससुराल वाले मारपीट कर घर से निकाल दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में अफसरों के साथ बैठक की

# बाढ़ से बचाव और राहत के करें पुख्ता इंतजाम : योगी

**निर्देश**

**गोरखपुर, मुसं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में बचाव और राहत की तैयारियां युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हिदायत दी कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही और जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में बैठक करने से पूर्व जिले और शहर का हवाई सर्वेक्षण कर बारिश के प्रभाव का जायजा भी लिया।

गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में बाढ़ बचाव को लेकर हुए कार्यों के चलते जनता को बड़े पैमाने पर राहत मिली है। इस साल अभी तक गोरखपुर बाढ़ की चपेट में नहीं है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ऐसी आशंका को देखते हुए उससे निपटने का प्रयास युद्धस्तर पर होना चाहिए। नदियों के जलस्तर की निगरानी करते हुए तटबंधों को सुरक्षित रखने से जुड़े कार्य लगातार होने चाहिए। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति के प्रभावित होने की दशा में तत्परता से उसका सुरक्षित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था के साथ बाढ़ चौकियों, राहत केंद्रों और शिविरों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अफसरों को निर्देशित किया कि बारिश से यदि सड़क क्षतिग्रस्त हुई हो तो जल्द से जल्द उसकी मरम्मत कराएं। जहां सड़कों का निर्माण जारी है, वहां ऐसी व्यवस्था हो कि कार्य ज्यादा प्रभावित न हो। सीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति की स्थिति की भी जानकारी ली।

> संबंधित खबर P03

**बाढ़ चौकियों और राहत केंद्रों को क्रियाशील करें**



"नदियों के जलस्तर की निगरानी करते हुए तटबंधों को सुरक्षित रखने से जुड़े कार्य लगातार करें। हर जरूरतमंद तक पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री तत्काल पहुंचनी चाहिए।
–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

**सीएम ने संस्कृत भाषा सप्ताह के लिए शुभकामनाएं दीं**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संस्कृत दिवस पर संस्कृत भाषा सप्ताह शुरू होने की शुभकामनाएं दी हैं। शनिवार को उन्होंने संस्कृत मे अपना एक वीडियो संदेश जारी किया। शुभकामना संदेश मे मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उत्तर प्रदेश वासियो को संस्कृत सप्ताह की हार्दिक शुभकामनाएं। संस्कृत भाषा भारतीय ज्ञान परम्परा और भारतीय संस्कृति का आधार है। भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए संस्कृत भाषा का अध्ययन अति आवश्यक है।

**01** घंटे तक बैठक चली मुख्यमंत्री योगी की अधिकारियों के साथ

- सीएम ने हवाई सर्वे कर बारिश के प्रभाव का लिया जायजा
- सड़क निर्माण, जलनिकासी व विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली

**जलभराव न होने पाए**

मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारियों से जलनिकासी के बारे मे जानकारी ली और दो टूक हिदायत दी कि बारिश होने पर कहीं जलभराव नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग करें। जलजमाव की तनिक भी आशंका होने पर वहां पंपिंग सेट उपलब्ध होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विरासत गलियारा की प्रगति के बारे में भी पूछा और जरूरी निर्देश दिए।

# केस की वजह से पुलिस नहीं रोकेगी पासपोर्ट जांच रिपोर्ट

**निर्देश**

- गोरखपुर की पुलिस अब भी पुराने ढर्रे पर कर रही जांच रुकी हैं कई फाइलें
- एसपी नार्थ ने पासपोर्ट जांच अधिकारी को तलब किया तो सामने आई जानकारी
- सभी को निर्देश जारी कर कहा गया, मुकदमे का जिक्र करें लेकिन रोकें नहीं

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** मुकदमा दर्ज होने के आधार पर पुलिस किसी की पासपोर्ट जांच रिपोर्ट को अपने पास नहीं रोक सकती है। पुलिस को मुकदमे का जिक्र करते हुए रिपोर्ट आगे बढ़ाना होगा, आगे कोर्ट तय करेगा कि संबंधित व्यक्ति का पासपोर्ट जारी करने की अनुमति देनी है या नहीं।

दरअसल गोरखपुर में पासपोर्ट से जुड़ी कई फाइलें इसी जानकारी के अभाव में रुकी हुई हैं। एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने जब एक मामले में पासपोर्ट जांच अधिकारी को तलब किया तो सच्चाई सामने आई। इसके बाद उन्होंने इस बाबत निर्देश जारी किया।

दरअसल, पासपोर्ट को लेकर कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आपराधिक मामला लंबित होने के आधार पर पासपोर्ट जारी करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, कुछ मामलों में, अदालत की अनुमति की आवश्यकता हो सकती है, खासकर यदि व्यक्ति विदेश यात्रा करने की योजना बना रहा है। कुछ मामलों में, पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत, पासपोर्ट पाने के लिए या रिन्यू कराने के लिए कोर्ट से परमिशन लेने की जरूरत होगी। उस कोर्ट से कॉन्टैक्ट करना होगा, जहां केस चल रहा है। वहीं, पुलिस सत्यापन के दौरान कोई विसंगति पाई जाती है, तो पासपोर्ट रद्द किया जा सकता है पर इस पर निर्णय पुलिस नहीं ले सकती है। पुलिस का काम सिर्फ अपनी रिपोर्ट लगाकर जांच फाइल को आगे बढ़ाना है।

# उचक्कों ने फिल्मी स्टाइल में कार से बैग उड़ाया, केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गीडा।** थाना क्षेत्र में उचक्कों ने चालक को फिल्मी स्टाइल में चकमा देकर कार में रखा बैग उड़ा दिया। बैग में लैपटॉप, क्रेडिट कार्ड, चेकबुक था। वारदात इतनी तेजी से हुई कि पीड़ित को पता चलने तक आरोपी भाग चुके थे। गीडा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट थाना क्षेत्र के 102 सर्राफ रेजिडेंसी निवासी आदित (सीए) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को वह कार से गीडा की तरफ जा रहे थे। उउनके साथ चालक भी मौजूद था। नौसड़ चौकी के पास अचानक बाइक पर सवार तीन युवक उनकी गाड़ी के पास आए और इशारा किया कि वाहन के इंजन से धुआं निकल रहा है।

संदेह होने पर चालक ने गाड़ी साइड में लगाई और बोनट खोलकर देखने पहुंचा। आदित भी गाड़ी से उतर गए। इसी बीच एक युवक पास आकर मदद के नाम पर बोनट खोलने में हाथ बंटाने लगा। उसके दूसरे साथी ने कार का पिछला दरवाजा खोला व पीछे की सीट पर रखा बैग उठा लिया। इसके बाद तीनों भाग गए।

एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा जा रहा है। जल्द ही घटना का अनावरण कर लिया जाएगा।

# निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, दंपती पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

## एम्स थाना क्षेत्र का मामला, डाकघर में निवेश के नाम पर सेना के जवान से की थी जालसाजी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एम्स पुलिस ने डाकघर में निवेश के नाम पर लोगों से लाखों की धोखाधड़ी करने वाले दंपती के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इसमें झरनाटोला गायत्रीनगर निवासी सुमन देवी और उसका पति शैलेंद्र कुमार शामिल हैं।

सुमन गैंग की सरगना है। उसपर जालसाजी के सात केस दर्ज हैं जबकि पति पर पांच केस है। सेना के जवान से उन्होंने जालसाजी की थी जिसमें केस दर्ज हुआ था। अब उसी मामले में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई है।

कुनराघाट के झरना टोला निवासी व सेना से रिटायर्ड जोगिंदर प्रसाद ने इनके ऊपर केस दर्ज कराया है।

उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अपने मोहल्ले की रहने वाली सुमन देवी पत्नी शैलेंद्र जो कि डाकघर कुनराघाट बतौर एजेंट कार्य करती है। उसके माध्यम से एक आरडी खाता सात दिसम्बर 2017 को खोला था। हर माह 6,000 रुपये जमा करने के लिए सुमन को देता था। सुमन रुपये लेती थी लेकिन जमा नहीं करती थी।

आरडी खाता का समय पूर्ण होकर भुगतान लेने का समय आया तब पोस्ट ऑफिस जाकर पास बुक मांगा कर छपवाया तो पता चला कि उसने पूरे रुपया खाते में जमा नहीं किया है। खाते में सिर्फ 175459/-रुपया जमा किया है बाकि रुपये स्वयं खर्च कर दिया है। पोस्ट मास्टर के पास 24 मार्च 2023 को शिकायत की।

पोस्ट मास्टर के सामने लिखित रूप से सुमन ने यह लिखकर दिया कि 20 अप्रैल 2023 तक रुपये वापस कर दूंगी। उसने एसबीआई रेलवे कॉलोनी के खाता का चेक भी दिया लेकिन चेक बाउंस हो गया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सुमन देवी निवासी लालगंज गायत्रीनगर झरना टोला पर सात केस दर्ज है। वहीं, उसके पति शैलेंद्र कुमार पर पांच केस दर्ज हैं।

### बैनामा करने के नाम पर हड़पे रुपये, पिटाई भी की

**शोहरतगढ़(सिद्धार्थनगर)।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में जमीन और मकान की बिक्री में धोखाधड़ी कर 20 लाख रुपये हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट समेत अन्य धाराओं में मोहम्मद हुसैन धनधरा, मोहम्मद इब्राहीम निवासी परसोहिया और हरिद्वार निवासी शोहतरगढ़ के विरुद्ध शुक्रवार को केस दर्ज किया है। गोरखपुर के वार्ड हुमायूंपुर निवासी मोहम्मद मुजतबा हैदर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शोहरतगढ़ में जमीन लेने के लिए तीन वर्ष पहले आरोपियों से मुलाकात हुई। जमीन के स्वामी हरिद्वार निवासी नगर पंचायत शोहतरगढ़ से मुलाकात कराई। बैंक खाते व चेक के माध्यम 20 लाख रुपये विक्रेता हरिद्वार को दिए। शेष राशि 26 लाख रुपये बैनामा रजिस्ट्री होने के बाद तय हुई। इसके बाद जमीन बैनाम में आनाकानी शुरू हो गई। रुपये मांगने पर धमकी दी। संवाद

### दो तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो गांजा तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। वह गिरोह बनाकर बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी करते थे। आरोपी हाल ही में 6.5 किलो अफीम के साथ पकड़े गए थे। इसमें बरेली के बहेड़ी खगाईनागर मजरा जसाईनागर निवासी पवन सिंह और नरकटियागंज बिहार निवासी खुशबू कुमारी साव शामिल हैं। सदर कोतवाली प्रभारी ने दोनों का गैंग चार्ट बनाकर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। संगठित गिरोह बनाकर यह जिले में सक्रिय हैं। यह गिरोह अपने आर्थिक, भौतिक एवं अनुचित लाभ के लिए अफीम की तस्करी का कार्य करता था। ब्यूरो

### विवाहिता को घर से निकाला, केस

**सहजनवां।** ओड़वलिया निवासी विवाहिता को ससुराल वालों ने 20 लाख रुपये दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल के लोगों पर केस दर्ज किया है। ओड़वलिया निवासी नाजरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2024 में उसकी शादी मोहम्मद सैफ से हुई थी। आरोप है कि शादी के एक माह बाद से ही पति और ससुराल के लोग दहेज में 20 लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि मायके वालों ने असमर्थता जताई तो ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष महेज चौबे ने बताया कि मामले में पति मोहम्मद सैफ समेत पांच कि खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

### युवक ने रोहिन में लगाई छलांग, तलाश जारी

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज क्षेत्र के भरवल गांव निवासी संजय प्रजापति (35) ने शनिवार दोपहर अकटहवा पुल से रोहिन नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पीपीगंज पुलिस ने एनडीआरएफ टीम की मदद से युवक की तलाश शुरू की। देर शाम तक उसका पता नहीं चला। संवाद

### दो चोर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पिपराइच पुलिस ने शनिवार को चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोल्ड स्टोरेज में चोरी करने के मामले में पकड़े गए आरोपी की पहचान पिपराइच के गढ़वा निवासी सद्दाम और मकान में चोरी करने के मामले में जंगल सुभान अली बेलवा निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई। संवाद

# सीपीएस की छात्राओं ने जीएम व पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**पिपराइच (वि)।** रक्षाबंधन पर्व पर पिपराइच-हाटा रोड स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने पिपराइच चीनी मिल के जीएम नवदीप शुक्ल, सीए दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव आदि को बड़े ही स्नेह के साथ राखी बांधी। बेटियों ने पुलिसकर्मियों को भी राखी बांधी और उनसे अपनी सुरक्षा का वचन लिया। जीएम नवदीप शुक्ल ने छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद सेंट्रल पब्लिक स्कूल और पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज पिपराइच की छात्राओं ने थाने में पहुंचकर थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आंनद सिंह, एसएसआई अजीत चतुर्वेदी, एसआई राकेश सिंह, श्रेयांस राय, उमेश यादव, सचिन पांडेय सहित सभी पुलिसकर्मियों को राखी बांधी।

# शेड हाइब्रिड एकेडमी की छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**गोरखपुर (वि)।** रक्षाबंधन के अवसर पर शेड हाइब्रिड एकेडमी के छात्राओं ने चिलुआताल पुलिस थाने के पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और समाज की सुरक्षा के लिए धन्यवाद दिया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने छात्राओं को सुरक्षा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के विषय में महत्वपूर्ण सलाह दी और छात्राओं को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान शेड हाइब्रिड एकेडमी के निदेशक इंजीनियर संकल्प सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने एसएचओ और उनकी टीम के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज और पुलिस के बीच आपसी विश्वास को और गहरा करते हैं।

## तीन दरोगा लाइन हाजिर, कई के कार्यक्षेत्र बदले

**गोरखपुर।** एसएसपी राजकरन नय्यर ने शनिवार को पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए तीन चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया। कई थाने व चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

एसएसपी ने आजादनगर चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह, पादरी बाजार चौकी प्रभारी अश्वनी चौबे और गुलरिहा थाने पर तैनात रही महिला दरोगा प्रीति सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है।

करमैनी चौकी प्रभारी रहे आशीष त्रिपाठी को आजादनगर चौकी का प्रभार सौंपा गया है, जबकि डांगीपार में तैनात रहे नवीन राय को इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी भेजा गया है। इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी प्रभारी कमलेश प्रताप सिंह को नौसड़ चौकी, राजघाट थाने के एसएसआई जयप्रकाश सिंह को मजनू चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संवाद

## छत से गिरा युवक, मौत

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र शत्रुघनपुर फुटहवाइनार में शुक्रवार रात छत से गिरकर साहिल कन्नौजिया (18) की मौत हो गई। सुबह खून से लतपथ शव देख घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, साहिल शुक्रवार देर रात अपने परिवार के साथ छत के कमरे में सो रहा था। रात करीब दो बजे वह शौच के लिए उठा। छत के एक कोने में जाते समय अंधेरे में उसका पैर फिसल गया। रेलिंग न होने के चलते वह छत से नीचे गिर गया। संवाद

# नेपाल में भारी बारिश...बड़हलगंज में दिख रहा असर

## सरयू नदी में हर दिन छोड़ा जा रहा तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी, बगहा और ज्ञानकोल समेत पांच गांवों में बांटी गई राहत सामग्री

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नेपाल में एक सप्ताह से हो रही बारिश के कारण सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी में हर दिन तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। शनिवार शाम चार बजे नदी बरहज में खतरे के निशान से 95 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई। बीते 24 घंटे में 15 सेंटीमीटर पानी चढ़ा है। इसके अलावा राप्ती नदी में भी एक सेंटीमीटर की बढ़त हुई है।

सरयू व राप्ती का जलस्तर बढ़ने की वजह से बड़हलगंज इलाके के ज्ञानकोल गांव के चारों तरफ पानी भर गया है। वहीं राप्ती नदी का पानी डेरवा से बैरिया खास जाने वाली सड़क पर लखनउरी के साथ ही सूबेदार नगर के पास ओवरफ्लो होने लगा है। देर शाम प्रशासन प्रशासन ने बगहा, ज्ञानकोल समेत बाढ़ से प्रभावित सभी गांवों में भोजन का वितरण कराया।

सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर बीते पांच दिनों से लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में सरयू का जलस्तर बरहज में 15 सेमी बढ़ा है। शनिवार शाम पांच बजे तक नदी खतरे के निशान से 95 सेमी ऊपर बह रही थी। जबकि यही नदी अयोध्या में खतरे के निशान से 56 सेमी ऊपर है। राप्ती नदी का जलस्तर कभी नीचे तो कभी ऊपर हो रहा है। बर्डघाट में नदी का जलस्तर शनिवार की शाम को खतरे के निशान से 1.54 मीटर नीचे था। शाम को नदी के जलस्तर में एक सेंटीमीटर की बढ़त दर्ज गई। वहीं रोहिन लाल निशान से दो मीटर और गोर्रा लगभग डेढ़ मीटर खतरे के निशान से है।



डेरवा-जगदीशपुर मार्ग पर चढ़ा बाढ़ का पानी। संवाद



धीरे-धीरे बढ़ रहा राप्ती का जलस्तर। संवाद



बड़हलगंज में बाढ़ के पानी से डूबी किसानों की फसल। संवाद




9 अगस्त को प्रकाशित खबर।

**देर शाम को उपलब्ध कराया गया भोजन :** गोला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बगहा, ज्ञानकोल आदि में बाढ़ से प्रभावित लोगों के मध्य गर्म पका भोजन वितरित किया गया। तहसील प्रशासन की ओर से रसोई स्थापित कर प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया।

## निचले इलाकों में सड़कों पर बहने लगा पानी, लगाई गई नाव

बड़हलगंज/चिल्लूपार। सरयू और राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर ने बड़हलगंज क्षेत्र के नदी के किनारे बसे गांवों ज्ञानकोल, बिहुआ, बगहा, कोटिया निरंजन और नेतवार पट्टी में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। इन गांवों में आवागमन के लिए प्रशासन ने दो नाव लगा दी है। शनिवार को डेरवा से बैरिया खास को जाने वाली सड़क पर लखनउरी के साथ ही सूबेदार नगर के पास पानी ओवरफ्लो करने लगा है। जलस्तर में वृद्धि होती रही तो तो रविवार तक और कई गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं।

नेपाल में भारी बारिश के कारण नदियों में पानी छोड़ा गया है, जिससे जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। शनिवार को रामजानकी मार्ग डेरवा से लखनौरी, लखनौरा, हिंगुहार, सूबेदार नगर माझा को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर जगह-जगह नदी का पानी ओवरफ्लो करने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह सड़क पर पानी नहीं था, लेकिन शाम होते-होते करीब एक फुट तक पानी बहने लगा था।

### पांच दिन से लगातार बढ़ रहा राप्ती और सरयू नदी का जलस्तर

सूबेदार नगर माझा के रमेश यादव की मक्के और धान की फसल, फयनाथ तिवारी, प्रभु गोड़, शत्रुघ्न विश्वकर्मा, लालचन हरिजन की धान की फसलें और पशुओं का चारा पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। सबसे अधिक प्रभाव ज्ञानकोल, बिहुआ, बगहा, कोटिया निरंजन और नेतवारपट्टी पर पड़ा है। इन गांवों के चारों तरफ नदी की बाढ़ का पानी भर गया है। एसडीएम अमित जायसवाल ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित गांवों में राहत सामग्री वितरण के साथ ही आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था कर दी गई है। संवाद

### पशुओं के लिए मांगा चारा

सरयू नदी की बाढ़ का पानी बगहादेवार, कोलखास, ज्ञानकोल, गोनघट, जैतपुर गांव के, खेतों में भर गया है। पानी गांव के रास्तों पर बह रहा है। राप्ती नदी का पानी सूबेदार नगर माझा, हिगुंहार, खोहियाट्टी, लखनौरी, लखनौरा तक पहुंच गया है। ग्रामीण प्रेमप्रकाश सिंह, रामकरन यादव, शिवम पांडेय, राजन तिवारी, मनीष यादव, राजन सिंह, राहुल यादव, रम्भु, कन्हैया पाल ने प्रशासन से नाव, टॉर्च, पीने के पानी और सूखा राशन मुहैया कराने की मांग की है।

## एडीजी की पुस्तक का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन



एडीजी मुथा अशोक जैन की पुस्तक का विमोचन करते सीएम योगी। स्रोत- गोरखनाथ मंदिर

गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार शाम एडीजी गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन की पुस्तक 'रिवर ऑफ थॉट-1' का विमोचन किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन, मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डीआईजी एस चनप्पा, एसएसपी राजकरन नय्यर, एसपी सिटी अभिनव त्यागी भी उपस्थित रहे।

# साइबर जालसाजी : पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 16 लाख रुपये उड़ाए

## बड़हलगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है पीड़ित, पत्नी के खाते से भी आरोपियों को भेज दिए रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बड़हलगंज क्षेत्र के रहने वाले दंपती के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। पति-पत्नी ने पार्ट टाइम जॉब और टास्क पूरा करने के चक्कर में करीब 16 लाख रुपये गंवा दिए। पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस साइबर जालसाजों के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है।

बड़हलगंज के विजय कुमार गुप्ता ने साइबर थाने में शुक्रवार को केस दर्ज कराया है। वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। विजय ने तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल फोन पर पार्ट टाइम जॉब करके रुपये कमाने का एक विज्ञापन आया। उसे देखने के बाद उनके पास कॉल आई। बातचीत के बाद एक टेलीग्राम लिंक भेजा गया। उस लिंक पर क्लिक कर एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गए। इसमें कई लोगों के मैसेज आ रहे थे। उन्हें अच्छा मुनाफा भी हो रहा था।

बताया गया कि पार्ट टाइम जॉब में रुपये निवेश कर अच्छा मुनाफा घर बैठे पा सकते हैं। इस लालच में पड़कर खाते से रुपये भेजकर टास्क पूरा करता रहा। इसके बाद पत्नी को भी इस जॉब में लगाया। पत्नी के खाते से भी रकम ट्रांसफर कर दी।

### साइबर जालसाजी से बचने के उपाय

- वॉलेट की जानकारी सुरक्षित रखें, पासवर्ड किसी को न बताएं।
- अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें।
- डिवाइस को अपडेट रखें और एंटी वायरस का उपयोग करें।
- क्रिप्टो करेंसी में निवेश से पहले, उसके बारे में अच्छी तरह जानकारी करें। निवेश के जोखिमों को समझे।
- निवेश से पहले किसी पंजीकृत निवेश विशेषज्ञ से सलाह लें।
- फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी विज्ञापन पर विश्वास न करें। सत्यता की जांच जरूर करें।

### 10 दिन तक ट्रांसफर करते रहे रुपये

*दंपती ने 10 से लेकर 20 जुलाई तक कुल करीब 16 लाख रुपये पेटीएम और अन्य माध्यम से आरोपियों के खाते में जमा किए। इसका बैंक स्टेटमेंट भी है। विजय ने बताया कि जब निवेश की गई धनराशि को वापस बैंक खाते में निकालनी चाही तब अधिक रुपये की मांग की गई। बताया गया कि धनराशि निकालने से पहले रुपये जमा करने पड़ेंगे। तब अहसास हुआ कि साइबर फ्रॉड हो चुका है। विजय ने पुलिस को अज्ञात व्यक्तियों के मोबाइल नंबर भी दिए हैं। इन्हीं नंबरों से उनके पास कॉल आई थी और उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया था। इस संबंध में एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात नंबरों और संदिग्ध बैंक खातों की जांच की जा रही है। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए टीम जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके अलावा व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा।*

# शक के दायरे में आया नौसड़ चौकी इंचार्ज निलंबित, दो और पुलिसकर्मी भी रडार पर

## राजस्थान के युवक से लूट का मामला : सीसीटीवी कैमरे से बचते हुए वारदात को दिया गया था अंजाम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। राजस्थान के युवक से लूट के प्रकरण में शक के दायरे में आए चौकी इंचार्ज नौसड़ शुभम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण में चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिसकर्मी जांच के दायरे में हैं।

> शक के दायरे में आए चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है ताकि विवेचना प्रभावित न हो सके। साथ ही मामले की जांच सीओ को सौंपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – राजकरन नय्यर, एसएसपी

मामले की जांच सीओ को सौंपी गई है। जल्द ही दो अन्य पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इस लूट कांड के बाद चौकी इंचार्ज मुंबई रवाना हो गया था। चौकी इंचार्ज पर बिना अनुमति गैर प्रदेश जाने का आरोप भी है।


फिल्मी अंदाज में ओवरटेक कर रोकी बाइक क्राइम ब्रांच का दरोगा बता युवक से लूट

9 अगस्त को प्रकाशित खबर।

बेलीपार इलाके में पिछौरा गांव का रविशंकर राजस्थान में काम करता है। उसने वहीं पर घर बना लिया है। वह किसी काम के सिलसिले में गांव आया था। आरोप है कि पांच अगस्त को इलाके से कार सवारों ने उसे अगवा कर 90 हजार रुपये लूट लिए थे। लूट की वारदात को सीसीटीवी कैमरे से बचते हुए बदमाशों ने अंजाम दिया। मामले में अगले दिन बदमाशों ने चार लाख रुपये लेकर फिर बुलाया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की थी। इसके बाद पुलिस ने कार व बाइक सवार पांच अज्ञात के खिलाफ राजघाट थाने में केस दर्ज कर लिया। आरोपियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताया था। उसी दिन से चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिसकर्मियों के मोबाइल बंद थे। इस वजह से उनकी भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई। बाद में पता चला कि तीनों पुलिसवाले जीडी में रवानगी दर्ज कर किशोरी को बरामद करने के नाम पर मुंबई चले गए। अब मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी राजकरन नय्यर ने चौकी इंचार्ज को निलंबित कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि दो सिपाही भी साथ गए हैं, उन पर भी जल्द कार्रवाई संभव है।

### घटनास्थल से लेकर ज्वेलरी शॉप तक सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

गोरखपुर। मामले की जांच में जुटे सीओ ने टीम संग घटनास्थल से लेकर ज्वेलरी शॉप कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। हालांकि अभी तक आरोपियों के चेहरे कैमरे में नहीं नजर आ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि पीड़ित ही जनसेवा केंद्र और ज्वेलरी शॉप में अकेले जाते हुए दिखा। फिलहाल पुलिस आरोपियों के साथ लूटकांड में प्रयुक्त कार और बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर का पता लगाने में जुटी है।

पीड़ित के अनुसार, लूटकांड के बाद कार सवार खुद को पुलिस कर्मी बताने वाले बदमाशों ने अगले दिन बुधवार को चार लाख रुपये लेकर बुलाया था। इसके बाद वह पुलिस ऑफिस फरियाद लेकर पहुंच गया। वह एसपी सिटी का इंतजार कर रहा था, तभी करीब एक बजे मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को क्राइम ब्रांच का दरोगा बताते हुए चार बजे वाला समय याद दिलाते हुए समय से रुपये लाने की बात कही। इन्कार पर जेल भेजने की धमकी दी। पुलिस ने उस नंबर की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, शुरुआती जांच में यह पता चला है कि मोबाइल नंबर किसी आम आदमी का है। जिसके जरिये पीड़ित को कॉल की गई थी।

#### पुलिसकर्मियों के मोबाइल की सीडीआर खंगाल रही टीम

*एसपी सिटी ने बताया कि शक के दायरे में आए पुलिसकर्मियों के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकाली जा रही है। इससे यह पता चल सकेगा कि दोपहर तीन बजे से छह बजे तक उनकी लोकेशन कहां थी। लोकेशन और कॉल डिटेल के जरिये टीम आरोपी पुलिसकर्मियों को बेनकाब करने की तैयारी में है।*

# छात्र के अपहरण मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## गोरखनाथ थाना क्षेत्र में तीन अगस्त की रात हुआ था 12वीं के छात्र का अपहरण

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ क्षेत्र में 12वीं के छात्र के अपहरण के मामले में पुलिस ने संतकबीरनगर के मेहदावल थाने के हिस्ट्रीशीटर मुन्ना लाल मौर्या को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन अन्य आरोपी अब भाग रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।


कार सवार युवकों ने 12वीं के छात्र को किया अगवा, तीन पर केस दर्ज

5 अगस्त को प्रकाशित खबर।

मामला तीन अगस्त की रात का है। रामनगर चौराहे के पास स्थित गोरखनाथ हॉस्टल से छात्र अनन्य मणि त्रिपाठी (निवासी भरवलिया, थाना निचलौल, महराजगंज) को आरोपी जबरन कार में बैठाकर ले गए थे। अनन्य मियां साहब इस्लामिया स्कूल में 12वीं की पढ़ाई कर रहा है।

पुलिस के मुताबिक, संतकबीरनगर निवासी लकी त्रिपाठी रात 1:30 बजे अपने साथियों के साथ हॉस्टल पहुंचा और मोबाइल फोन चैट डिलीट कराने की बात कहते हुए उसका अपहरण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाई, जिसके बाद आरोपियों ने छात्र को जूडियो मॉल के पास छोड़ दिया।

पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार अगस्त को अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज हुआ। जांच में सामने आया कि इस वारदात में लकी त्रिपाठी उर्फ देवेश, मुन्ना लाल मौर्या, रितु राज चौधरी और जगत राज चौहान शामिल थे। शनिवार रात पुलिस ने महेसरा पुल के पास से मुन्ना लाल मौर्या को दबोच लिया। वह मेहदावल थाने का हिस्ट्रीशीटर है। सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि बाकी तीन आरोपियों की तलाश में टीम दबिश दे रही है।

### सीमांकन का पिलर उखाड़ दोबारा किया कब्जा, एक गिरफ्तार

पिपरौली। राजस्व विभाग की ओर से लगवाए गए सीमांकन पत्थर व सीमेंटेड दीवार को उखाड़ कर दोबारा कब्जे करने और विरोध पर मारपीट का मामला सामने आया है। गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर बोक्टा गांव निवासी राम उजागीर यादव को को गिरफ्तार कर लिया है। गीडा के देईपार निवासी चंद्रभूषण पांडेय ने बताया कि बशारतपुर निवासी विकास राज, राजेश तिवारी, पिपरा निवासी विजेंद्र यादव, मकटिया बस्ती निवासी विवेक सिंह बघेल बोक्टा स्थित सिंचित भूमि के बराबर के हिस्सेदार हैं। हाल ही में राजस्व निरीक्षक की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में सीमांकन कराकर पत्थर लगवाया था। संवाद

## युवक से मारपीट में तीन पर केस

**भरोहिया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के राजाबारी गांव निवासी समीर यादव ने बताया कि बीते पांच अगस्त को वह अपने दोस्त शशांक मल्ल के साथ कार से जसवल चौराहे पर गया था। आरोप है कि वहां कार से उतरते ही पहले से मौजूद सुजीत गौड़ ने अपने साथी अजीत गौड़ और कुलदीप गौड़ के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोट आई। पीपीगंज थानाध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह ने कहा कि मामले में केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है। संवाद

## संदिग्ध हालात में किशोरी लापता, केस

**चौरीचौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 14 वर्षीय बेटी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद किशोरी के पिता ने सरैया निवासी सहेली के भाई व उसकी मां पर अपहरण का केस दर्ज कराया है। किसान की बेटी एक इंटर कॉलेज में नवीं की छात्रा है। आरोप है कि बीते छह अगस्त को सरैया निवासी जोगिंदर का बेटा युवराज उनकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। इसमें आरोपी की मां रेनू ने भी साथ दिया। बेटी की खोजबीन करते हुए जब वह युवराज के घर गए तो उसने बताया कि उनका बेटा गैर प्रदेश में काम करने चला गया है। थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया की मामले में केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। संवाद

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कुसम्ही रामनगर कड़जहां के पास ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। खोराबार प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार की शाम खोराबार क्षेत्र के केवटलिया गांव निवासी जितेन्द्र यादव (33) पुत्र परमहंस यादव किसी काम से कुसम्ही की ओर निकले थे। बताया जाता है कि इस दौरान वे ट्रेन की चपेट में आ गये जिससे उनकी मौत हो गई।

## छत से गिरा, मौत

**गोरखपुर (एसएनबी)।** छत पर सोया साहिल बीती रात लघुशंका के लिए उठा और नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। फुटहवा ईनार प्रतिनिधि के अनुसार चौरीचौरा क्षेत्र के शत्रुघनपुर ग्रामसभा के फुटहवा ईनार निवासी साहिल कन्नौजिया बीती रात छत पर सोया था। लघुशंका के लिए उठा कि अचानक उसका पैर फिसल गय और वह नीचे गिर गया। आनन-फानन में परिजन उठे और घायल को लेकर एम्स गोरखपुर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## थानाध्यक्ष की बदसलूकी के विरोध में पत्रकारों ने सौंपा पत्रक

**गोला (एसएनबी)।** क्षेत्र के एक पत्रकार ने थानाध्यक्ष गोला पर समाचार संकलन के दौरान गाली गुप्ता व धमकी देने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी गोला की अनुपस्थिति में कार्यालय प्रभारी को पत्रक दिया है तथा कार्यवाही की मांग किया है। कौवाडील निवासी एचडी शर्मा ने पुलिस को दिए पत्रक के माध्यम से वताया कि वीते छह अगस्त को दिन में 2.23 वजे पंजाव नेशनल वैंक गोला वाजार में एक ठगी व जालसाजी की सूचना मिलने पर समाचार संकलन हेतु गया था। उसी दौरान गोला पुलिस पीड़ित व्यक्ति के साथ वैंक में पहुंची तो मैं समाचार संकलन हेतु पीड़ित व्यक्ति से पूछताछ करना चाहा तो थानाध्यक्ष मुझे गाली गुप्ता देने के साथ ही थाने में वंद करके पीटने की धमकी देने लगे। मैं किसी तरह से पीछे हटकर उनके वार से वचा। इस दुर्व्यवहार की सारी घटना वैंक के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है तथा वहां उपस्थित वैंक के कर्मचारियों व ग्राहकों ने भी देखा है। इस घटना से मैं काफी पीड़ित हूं।

# दो चौकी प्रभारी लाइन हाजिर कई की तैनाती में फेरबदल

- आजादनगर, पादरी बाजार और नौसढ़ में नए प्रभारी की तैनाती
- राजघाट व झंगहा थाने के एसएसआइ को मिला चौकी का प्रभार

जागरण संवाददाता गोरखपुर: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरन नय्यर ने शनिवार को पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए दो चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया। कई थाने व चौकी प्रभारियों की तैनाती बदल दी। आजादनगर चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह, पादरी बाजार चौकी प्रभारी अश्वनी चौबे और गुलरिहा थाने पर तैनात रही महिला दारोगा प्रीति सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

करमैनी चौकी प्रभारी रहे आशीष त्रिपाठी को आजादनगर चौकी का प्रभार सौंपा गया है, जबकि डांगीपार में तैनात रहे नवीन राय को इंजीनियरिंग कालेज चौकी भेजा गया है। इंजीनियरिंग कालेज चौकी प्रभारी कमलेश प्रताप सिंह को नौसढ़ चौकी, कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी अशोक यादव को कैंपियरगंज थाने, राजघाट थाने के एसएसआइ जयप्रकाश सिंह को मजनू चौकी और झंगहा थाने के एसएसआइ राजेश यादव को कलेक्ट्रेट चौकी का प्रभार दिया गया है।

इसी तरह खजनी थाने में तैनात कृष्णानंद कुशवाहा को झंगहा के बरही चौकी, सीओ चौरी चौरा पेशी में तैनात दारोगा विकास मिश्रा को मेडिकल कालेज चौकी, पुलिस लाइन में तैनात साहब सिंह को पादरी बाजार चौकी, संजीव राय को आजाद चौक और सिकरीगंज थाने में तैनात भूपेंद्र तिवारी को करमैनी घाट चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, केस

पिपरौली : सहजनवा थाना के ओड़वलिया गांव में एक विवाहिता को ससुराल वालों ने 20 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी मोहम्मद सैफ की पत्नी नाजारा ने पुलिस को बताया कि शादी के कुछ दिन तक सबकुछ ठीक रहा। लेकिन, बाद में ससुराल वाले दहेज के लिए उसे ताना देने लगे। मायके वालों के हस्तक्षेप के बाद कुछ समय के लिए स्थिति शांत रही, लेकिन फिर से दहेज के लिए उसकी पिटाई शुरू कर दी गई। जब मायके वालों ने 20 लाख रुपये देने से मना किया, तो ससुराल वालों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति मोहम्मद सैफ, सास आईशा खातून, ननद रूखसार, सब्बू और देवर सुहेल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। (विज्ञप्ति)

## घर से निकली किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

कैंपियरगंज : थाना के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी चार दिन पूर्व किसी काम से गांव के बाहर गई और लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पिता ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि बेटी पांच अगस्त की सुबह पांच बजे से गायब है। संदेह के आधार पर एक मोबाइल फोन नंबर पर युवक से बात किया तो उसने बताया कि 10 दिन पहले बात हुई थी। नाम पूछने पर फोन काट दिया।

वह अपना नाम पता-पता नहीं बता रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी के मोबाइल फोन से जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025

# फंदे से लटका मिला महिला का शव पति हिरासत में

मदनपुर। कस्बे के वार्ड नंबर नौ पटवनियां में कमरे में पंखे से फंदे के सहारे शनिवार को 28 वर्षीय अर्चना शव लटका मिला। बताया जा रहा है कि रक्षाबंधन पर वह मौसी के घर जाने की जिद कर रही थी। अर्चना की मौत के बाद पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

शोर सुनकर अगल-बगल के लोग दरवाजे पर पहुंच गए। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। तहसीलदार रुद्रपुर, सीओ भी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि प्रदीप की शादी चार माह पूर्व मध्यप्रदेश के सतना की अर्चना से हुई थी। अर्चना रक्षाबंधन त्योहार पर मौसेरे भाई को राखी बांधने के लिए एकौना के खोपा जाने की जिद कर रही थी।

**रक्षाबंधन पर मौसी के घर जाना चाहती थी अर्चना**

मौत की वजह लोग पति द्वारा उसे न ले जाना बता रहे हैं। इंस्पेक्टर मदनपुर अनिल कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मायके वालों को सूचना दी गई है। संवाद

# दो महिलाएं गिरफ्तार, दोनों परिवारों के सदस्य घर छोड़कर भ

**फॉलोअप**

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। क्षेत्र के चकिया शुक्ल गांव में डीह की जमीन पर शौचालय निर्माण के लिए हुए विवाद में दरोगा मनीष सिंह की तहरीर पर दोनों पक्षों से सात लोगों पर दर्ज हत्या की कोशिश के केस के बाद दोनों परिवारों के सदस्य घर छोड़कर भाग गए।

हालांकि, शनिवार को पुलिस ने गांव के मोड़ से दोपहर करीब एक बजे दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश की। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी पक्ष के सदस्य घर छोड़कर फरार ए हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, चकिया शुक्ल गांव में राधेश्याम शुक्ला और पुरुषोत्तम शुक्ला पक्ष के बीच दरवाजे पर स्थित डीह की जमीन पर शौचालय निर्माण को लेकर करीब तीन सप्ताह से विवाद चल रहा है।

इस दौरान कई बार कहासुनी और मारपीट हो चुकी है। आरोप है कि राधेश्याम शुक्ला की पत्नी राजकुमारी शुक्ला (45) पर मंगलवार और फिर बृहस्पतिवार को दो बार जानलेवा हमला हुआ। मंगलवार को हुए विवाद में राजकुमारी पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों का सिर्फ चालान किया।

आरोप है कि चालान के बाद छूटकर आने पर बृहस्पतिवार की सुबह फिर से दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान राजकुमारी को दरवाजे से उठाकर ले जाकर बेरहमी से पीटा गया। दरोगा मनीष सिंह की तहरीर पर थाने में राधेश्याम शुक्ला पक्ष से राजकुमारी शुक्ला, चाची स्नेहलता शुक्ला, सास अमरावती शुक्ला और दूसरे पक्ष से पुरुषोत्तम, उनकी पत्नी मुन्नी शुक्ला, बेटी नेहा शुक्ला और प्रीति शुक्ला के खिलाफ हत्या की कोशिश सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने शनिवार दोपहर में चकिया शुक्ल गांव के मोड़ से एक पक्ष से स्नेहलता शुक्ला और दूसरे पक्ष से मुन्नी शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। दरोगा मनीष सिंह का कहना है कि दिन में कई बार दोनों आरोपियों के घरों सहित कुछ चिह्नित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान दो महिलाओं की गिरफ्तारी हुई है।

एक आरोपी राजकुमारी शुक्ला का मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज चल रहा है। बाकी घर छोड़कर फरार हैं।

## राजकुमारी का आरोप, पुलिस ने उसे फंसाया

मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज करा रहीं पीड़िता राजकुमारी शुक्ल कहना है कि दो दिन में दो बार उस पर जानलेवा हमला किया गया औ उल्टे उसे ही केस में फंसा दिया गया। यह कहां का न्याय है। प्रभारी थ सुरेंद्र मिश्रा का कहना है कि पुलिस दोनों पक्षों से केस दर्ज किया है। पु पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं।

**चकिया शुक्ल गांव में डीह की जमीन पर शौचालय निर्माण का मामला**



9 अगस्त को प्रकाशित ख




# आपसी लेन-देन के विवाद में लगाया लूट का आरोप

**देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के कसया रोड स्थित पीएनबी की शाखा के पास शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई मारपीट और लूट की वारदात आपसी लेनदेन के विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, गायत्रीपुरम वार्ड नंबर सात निवासी साबिर अली ने आरोप लगाया था कि वह शुक्रवार को बाइक से कसया रोड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पीएनबी की शाखा के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने लोहे के रॉड से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके पास रखे 40 हजार रुपये छीन लिए। चोट लगने से उसके नाक से खून बहने लगा और वह गिर पड़ा।

मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। भागते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजवाया और तहरीर लेकर जांच शुरू की। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह आपसी लेनदेन का विवाद बताया जा रहा है। संवाद

## तीन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

**रामपुर कारखाना।** क्षेत्र के अरईपार कुर्मी टोला निवासी जयप्रकाश पटेल ने तहरीर देकर तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा है कि वह खड़ाईच में मकान बनाकर सपरिवार रहते हैं। मकान के पीछे साढ़े नौ डिस्मिल जमीन बैनामा लिया है। जमीन की पैमाइश 13 जुलाई को हुई थी। बावजूद इसके 23 जुलाई की सुबह करीब आठ बजे जमीन के सह बैनामादार रामअशीष गुप्ता व इंद्रेश गुप्ता निवासी खड़ाईच व उनका रिश्तेदार रोहित निवासी बलियवां थाना रामपुर कारखाना एकराय होकर उनके हिस्से में आने वाले जामुन के पेड़ को काटने की धमकी देने लगे। पत्नी उर्मिला देवी ने विरोध किया तो लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**तरकुलवा।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी कुशीनगर जिले के कप्तानगंज क्षेत्र के ग्राम मुडीला हरपुर टोला भुटवा निवासी दीपक उर्फ दीपू को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गढ़रामपुर कस्वा के पास से दबोचा गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि करीब तीन माह पहले दीपक ने तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संवाद

## एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**देवरिया।** रक्षाबंधन के अवसर पर यात्री सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शनिवार को एसपी विक्रांत वीर ने रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण किया। त्योहार के कारण बस अड्डे पर उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने बस स्टैंड परिसर, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, बस पार्किंग, प्रवेश व निकास द्वारों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस और यातायात कर्मियों को यात्री सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। संवाद

## मार्निंग चेकिंग अभियान में 272 वाहनों की हुई जांच

**देवरिया।** एसपी विक्रांत वीर के निर्देशन में शनिवार की सुबह पांच से आठ बजे तक मार्निंग चेकिंग अभियान चलाया गया। 23 स्थानों पर हुई इस कार्रवाई में 440 लोगों और 272 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान चोरी की गाड़ियां, अवैध हथियार, मादक पदार्थ, नाबालिग चालकों, तीन सवारी और महिलाओं-बच्चियों पर फब्तियां कसने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। । स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान सुरक्षा और भरोसे की भावना को मजबूत करते हैं। संवाद

## रक्षाबंधन पर स्कॉलर्स एंड किड्जी स्कूल की छात्राओं ने एसपी को बांधी राखी



**देवरिया(वि.)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिले के स्कॉलर्स एंड किड्जी स्कूल की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर को राखी बांधकर उनके सुरक्षित और अनुशासित सेवा भाव के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्राएं हाथों में सजी थाल लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचीं।राखी बांधने के बाद छात्राओं ने एसपी के दीर्घायु और सफलता की कामना करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कहा, आप सब हमारी बेटियां हैं और आप सभी की सुरक्षा व सम्मान की जिम्मेदारी हमारी है। यह पर्व हमें हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है और हम संकल्प लेते हैं कि समाज की बेटियों की सुरक्षा सर्वोपरि रहेगी।उन्होंने रक्षाबंधन को प्रेम, विश्वास और कर्तव्य का प्रतीक बताते हुए छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा पढ़ाई के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा दी।



पुलिस लाइन में रक्षाबंधन की बधाई देने के बाद महिला रिक्रूट के बीच मिष्ठान वितरित करते एसपी विक्रांत वीर॰ जागरण

## महिला रिक्रूट को रक्षाबंधन की एसपी ने दी बधाई, खिलाई मिठाई

जासं, देवरिया: पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने भाई–बहन के पावन पर्व रक्षाबंधन की बधाई दी। रक्षाबंधन पर्व पुलिस अधीक्षक ने महिला आरक्षियों संग मिठास साझा की। सभी महिला रिक्रूट को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की बधाई दी। कहा कि रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, सुरक्षा और सम्मान की डोर को मजबूत करने का अवसर है। यह पर्व हमें एक–दूसरे की रक्षा और सहयोग के संकल्प को दोहराने का संदेश देता है। पुलिस लाइन स्थित रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर आरटीसी स्टाफ, पुलिस अधिकारीगण एवं प्रशिक्षणरत महिला आरक्षीगण उपस्थित रहीं।

## रक्षाबंधन को लेकर सड़क पर बढ़ी भीड़, सुरक्षा में दौड़ती रही पुलिस

जासं, तरकुलवा: रक्षाबंधन पर्व को लेकर शनिवार को जब अचानक सड़कों पर भीड़ बढ़ गई तो सुरक्षा व्यवस्था मद्देनजर तरकुलवा में पुलिस दिनभर दौड़ती रही । राखी के त्योहार को लेकर भाई एवं बहनों ने मिठाई की दुकानों पर मीठा लेने के लिए खरीदारी करते रहे । क्षेत्र के कंचनपुर, रतनपुरा , कोन्हवलिया, सोनहुला रामनगर, गहरामपुर, प्रमुख चौराहे पर मीठा के व्यवसायियों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करते हुए दुकान लगा दी गई थी तथा पंडाल लगाकर के सजा दिया गया था ।

राखी और मिठाई की दुकान का स्टाल लगाए थे। बगल से जो भी राजगीर गुजर रहे थे उन्हें अपनी दुकान पर मिठाई खरीदने के लिए इशारा कर रहे थे । इसको लेकर के दोपहर में अचानक दो घंटे के लिए सड़क पर भीड़ बढ़ गई और सभी चौराहों पर जगह–जगह जाम लग गया। यह देखते ही थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने मय फोर्स के साथ पहुंचे और सभी चौराहों पर महिला एवं पुरुष सिपाहियों के साथ व्यवस्था सही करने में लग गए। दुकानों को सड़क के पटरी से किनारे कराया तथा लगे जाम की व्यवस्था को ठीक कराते हुए आवागमन को सुव्यवस्थित कराया गया।

# बाइक सवार महिला के गले से चेन छीना, गिरकर घायल

जासं, खुखुंदू : शुक्रवार की रात रक्षाबंधन पर्व का बाजार कर घर लौट रही महिला का पीछा करते आ रहे बाइक सवारों ने चलती बाइक से गले से चेन छीन लिया। जिससे महिला गिर गई और गंभीर चोटें आईं।

घायल महिला का उपचार चल रहा है। स्वजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। कोल्हुआ थाना मदनपुर निवासी आरती देवी पत्नी राम अशीष पांडेय तीन माह से अपने मायके खुखुंदू क्षेत्र के बरवा उपाध्याय गांव में आई है। शुक्रवार की रात आठ बजे रक्षाबंधन पर्व की बाजार कर देवरिया से लौट रही थी। वहीं से पीछा करते आ रहे बाइक सवार दो बदमाश ने अभी जब वह नर्सरी चौराहे पर पहुंची और मुड़ी तभी पीछे से चलती बाइक से महिला के गले से चेन पर झपट्टा मार दिया, जिस महिला चलती बाइक से महिला गिर गई। गर्दन और पैर में चोटें आईं। घटना के बाद अभी महिला कुछ समझ पाती, तब तक वह खुखुंदू के तरफ फरार हो गए। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। अभी एक माह पूर्व बहादुरपुर गांव के समीप बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। फिर तुरंत बाद नर्सरी चौराहे पर महिला के गले से चैन छिनैती कर ली गई। प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।

## युवक की संदिग्ध मौत

सलेमपुर: तहसील गेट के पास शनिवार की दोपहर मे एक युवक की अचानक मृत्यु हो गई। आस पास के लोगों ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से आधार कार्ड और वोटर कार्ड बरामद हुए, जिससे उसकी पहचान धर्मेंद्र (36) पुत्र अवध बिहारी, निवासी म्हाइचपार, थाना भाटपाररानी के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। (जासं)

# फंदे से झूलता मिला नवविवाहिता का शव

जासं, मदनपुर, देवरिया: उपनगर के केवटलिया वार्ड स्थित पटवनीया में शनिवार की शाम संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच में जुटी है। पटवनीया निवासी प्रदीप साहनी की पत्नी अर्चना साहनी 21 वर्ष का शव शाम को कमरे में कुंडी से लटकता मिला। जानकारी होते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पा कर पहुंची पुलिस शव को फंदे से उतार कर मामले की जांच में जुट गई।

# भाभी व ननद के साथ छेड़खानी, पति को पीटा

जासं, खुखुंदू : भाभी व ननद गुरुवार की रात टहलने के लिए सड़क के तरफ गई थी। इसी दौरान बोलेरो और बाइक सवार युवक पहुंचे और महिलाओं से छेड़खानी करने लगे। जब महिला ने शोर मचाया तो उसके पति वहां पहुंच गए।

विरोध करने पर आरोपितों ने पति की जमकर पिटाई कर दी, जिससे घायल हो गए। पीड़ित महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। महिला ने बताया कि गुरुवार की रात आठ बजे ननद के साथ बाहर सड़क के तरफ गई थी। इसी बीच बोलेरो व बाइक सवार युवक पहुंचे और छेड़खानी करने लगे, तभी ननद को पकड़ लिया और छेड़खानी की। जब महिला ने शोर मचाया तो महिला का पति पहुंच गया। आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने बताया सूचना मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा

जासं, रामपुर कारखाना: अरईपार कुर्मी टोला में दो पक्षों में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने पीड़ित जयप्रकाश पटेल की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जयप्रकाश रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के खड़ाईच में मकान बनाकर सपरिवार रहते हैं। उन्होंने अपने मकान के पीछे साढ़े नौ डिस्मिल जमीन बैनामा लिया है। जमीन की पैमाइश भी 13 जुलाई को हुई। पीड़ित का आरोप है कि बावजूद इसके 23 जुलाई को सुबह उक्त जमीन के सह बैनामेदार रामअशीष गुप्ता व इंद्रेश गुप्ता निवासी खड़ाईच और उनका रिश्तेदार रोहित निवासी बलियवां थाना रामपुर कारखाना एक राय होकर उनके हिस्से में आने वाले जामुन के पेड़ को काटने की धमकी देने लगे।

शहर से लेकर गांव तक हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व, सुबह होते ही दुकानों पर बजने लगे

# बहनों ने स्नेह की डोर बांध लिया रक्षा व

## उत्साह

**देवरिया, निज संवाददाता।** रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाइयों पर राखी बांध उनके दीर्घ जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी उनके रक्षा का संकल्प दोहराया। बहनों ने भाईयों के माथे पर दही, अक्षत व रोली लगाकर कलाईयों पर राखी बांध उनकी आरती उतार उनके सुखद व मंगलमय जीवन की कामाना की।

इस वर्ष रक्षाबंधन की तिथि व समय को लेकर आचार्यगण द्वारा पंचांग के अनुसार 1.24 के पहले ही रक्षा बंधवा लेने के लिए समय बताया गया था। पर्व को निर्धारित समय से पहले भाई नहा धोकर के नए-नए वस्त्र पहनकर बहनों के घर पहुंचे। इस दौरान बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांध उनके दीर्घायु की कामना की वहीं भाईयों ने भी बहनों की सुरक्षा का वचन दिया।

भाई बहनों के यहां अपने सामर्थ के अनुसार बहनों को देने के लिए कपड़ा, मिठाई व अन्य उपहार स्वरूप सामग्री दी। रक्षाबंधन के पर्व पर भी पूरे शहर में दिनभर दुकान सजी रही और लोगों ने राखी की खरीदारी की। उधर पर्व को देखते हुए सुबह से ही मिठाई की दुकानों पर भी लोगों की काफी भीड़ दिखी। महिलाएं व पुरुषों की भीड़ रही।

**घंटों जाम में जूझते रहे लोग । सलेमपुर**। रक्षाबंधन पर उमड़ी भीड़ के चलते सलेमपुर से लेकर मझौलीराज तक शनिवार को लोग घंटो जाम में जूझते रहे। मझौलीराज मोड़ से हरैया, ओवरब्रिज, बस स्टैंड, सोहनाग, मोड़ होते हुए कोतवाली तक वाहनों की लंबी कतार रही।

इस जाम के वजह से रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाली मार्ग पर भी जाम लग गया था। कोतवाल सुनील कुमार ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ खुद पहुंचकर किसी तरह से जाम समाप्त कराया।

**छात्राओं ने छात्रों बांधी राखी:** देवरिया। रक्षाबंधन का त्योहार वेदांत इंटरनेशनल स्कूल गौरा चौराहा एवं न्यू किड्जी स्कूल कसया रोड पर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर भारतीय संस्कृति के मूल्यों पहचान एवं इस धागे के पारिवारिक और सामाजिक महत्व को समझाया।



रक्षाबंधन पर महिला रिक्रूटों को उपहार देते एसपी विक्रांत वीर।

## रक्षाबंधन पर महिला रिक्रूटों को एसपी ने दिया उपहार

देवरिया। रक्षा बंधन पर एसपी विक्रांत वीर पुलिस लाइन पहुंचे और महिला रिक्रूटों से संवाद किया। साथ ही उन्हें मिठाई खिलाई और उपहार दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, सुरक्षा और सम्मान की डोर को मजबूत करने का अवसर है। यह पर्व हमें एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग के संकल्प को दोहराने का संदेश देता है। भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन का विशेष महत्व है, क्योंकि यह भाई-बहन के रिश्ते को ही नहीं, बल्कि समाज मे पारस्परिक सहयोग और सुरक्षा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

## बंदियों के हाथों पर सजा बहनों का प्यार, छलके आंसू

देवरिया। रक्षाबंधन पर जिला कारागार में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ी। बंदियों के हाथों पर बहनों का प्यार सजा तो आंखों में आंसू आ गए। भाई-बहन के अटूट प्रेम का सबसे बड़ा त्योहार रक्षाबंधन को लेकर महिलाओं को काफी उत्साह दिखा। जेल में देवरिया के अलावा कुशीनगर के भी बंदी बंद है। 1450 बंदियों के बंद होने से सुबह आठ बजे से ही रक्षा बंधन को लेकर बहनों की मुलाकात जेल में शुरू करा दी गई। जेल में बहनों ने तिलक लगाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। भाईयों के कलाई पर राखी बांधते समय बहनों के आंखों से आंसू आ गए। अधिकांश महिलाएं जेल से बाहर निकली तो भी उनके आंखों में आंसू नजर आए। कई महिलाएं तो फफक पड़ी। जेलर राजकुमार ने बताया कि जितनी भी महिलाएं रक्षा बंधन पर आई हैं। सभी की मुलाकात उनके भाईयों से कराई गई।



लक्ष्मीपुर मैरेज हॉल में विधायक जयप्रकाश निषाद को राखी बांधती महिलाएं।

## विधायक को महिलाओं ने बांधी राखी

रुद्रपुर। क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने शनिवार को रक्षा बन्धन के अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री विधायक जयप्रकाश निषाद को विधान पूर्वक राखी बांधी और आशीर्वाद लिया। विधायक ने सभी महिलाओं को मिठाई और गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया। सुबह सैकड़ो महिलाएं हर वर्ष की भांति शनिवार को मैरेज हॉल लक्ष्मीपुर पहुंची। जहां उन्होंने चन्दन और रोली लगाने के साथ ही विधायक जयप्रकाश निषाद को राखी बांधी। पूर्व चेयरमैन सुभाष चन्द्र, मण्डल अध्यक्ष राम सन्तोष शुक्ल, संग घर द्विवेदी, जितेन्द्र गुप्ता, माया, मीरा, कुसमावती, विन्दा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाइयों के घर जाने को क

**देवरिया**। रक्षा बंधने के दिन भाईयों के घर जाने के लिए शनिवार को बहनें निकली। महिलाओं की भीड़ इस कदर रही कि रोडवेज की बसें कम पड़ गई। कई रुटों पर निर्धारित से अधिक बसें चलाई गईं। भीड़ को देखते हुए रोडवेज परिसर में एआरएम समेत अन्य अधिकारी दिन भर जमे रहे। उधर एसपी विक्रांत वीर भी रोडवेज पहुंचे और सुरक्षा का हाल जाना। दूसरे दिन शनिवार को रक्षा बंधन के चलते सुबह से ही बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत बांधने के लिए निकल पड़ी। रोडवेज परिसर के अलावा सोनूघाट चौराहा, खुखुंदू, चौराहा, भरथुआ चौराहा के अलावा गौरीबाजा बैतालपुर, तरकुलवा, कंचनपुर, राम कारखाना, भलुअनी, बरहज, कपरव चौराहे पर भी महिलाओं की भी



देवरिया डिपो में खड़ी एक बस में चढ़ने

# मारपीट में सात पर केस

**सलेमपुर , हिन्दुस्तान संवाद।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पति पत्नी एवं बेटे की पिटाई के मामले में पुलिस ने गांव के सात लोगों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के सोनहुली गांव निवासी प्रदीप कुमार कुशवाहा पुत्र महेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 21 जुलाई की शाम को कुछ लोग घर के पास रास्ते में पुल के पास घेर कर लाठी डंडा से अचानक मारने-पीटने लगे। जब मैं शोर मचाया तो पत्नी सीमा देवी एवं बेटा बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी मारा पीटा गया। तहरीर पर पुलिस ने गांव के शत्रुधन यादव, बलवंत, जामवंत पुत्रगण रामदेव, अंकित, अंकुश पुत्र गण शत्रुधन, झब्बू पुत्र बलवंत व अमिताभ उर्फ गोलू पुत्र जमवंत के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ठेला हटाने को लेकर पीटा, पांच पर मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** शहर के सुभाष चौक के समीप ठेला लगाने वाले एक युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नौतन निवासी लालजी कुमार का आरोप है कि वह अपने रोजी-रोटी के लिए सुभाष चौक पर ठेला लगाते हैं। एक दिन पहले अब्दुल्ला नाम का एक व्यक्ति चार लोगां के साथ आया और रुपये की मांग करने लगा। न देने पर ठेला हटाने की बात कहने लगा। बात न सुनने पर उसने मिटाई की। इस मामले मे पुलिस ने अब्दुल्ला व चार अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** सदर कोतवाली के तिलई बेलवा के रहने वाले रामानंद यादव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि गांव के रमेश यादव, उमेश यादव, पंकज, चंदा ने उनकी पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## नौ लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस दर्ज

**देवरिया।** शहर के पिपरा चंद्रभान में हुए मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। गांव के उमेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने रमेश यादव, शिवंती देवी, अंकुर यादव, रागिनी देवी, रंभा देवी, आंचल उर्फ छोटी, अंजू, खुशबू, विशाल यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## दुर्घटना में दो दारोगा समेत नौ लोग घायल

**महुआडीह।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल से किशोरी को बरामद कर लौट रही महुआडीह थाने की पुलिस की कार को बिहार के औरंगाबाद जिले में ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार दो दारोगा समेत नौ लोग घायल हो गए।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बुधवार को महुआडीह पुलिस को तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी गायब हो गई है। इसके बाद दारोगा चंद्रशेखर यादव, संतोष मौर्या, सिपाही राकेश यादव, सौरभ चौबे, महिला सिपाही सरिता, बिंदू, कार चालक दीपक यादव पश्चिम बंगाल पहुंचे और किशोरी को बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। सभी को लेकर पुलिस देवरिया लौट रही थी। लौटते समय बिहार के औरंगाबाद जिले के शेरघाटी के समीप ट्रक ने ठोकर मार दिया।



पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से धुआं निकलने की सूचना पर पहुंचे इन्स्पेक्टर उमेश कुमार वाजपेई सहित पुलिस टीम व जुटी लोगों की भीड़।

## पीएनबी के एटीएम में लगी आग

**लार, हिन्दुस्तान संवाद।** कस्बे में शनिवार की दोपहर लगभग 3 बजे रामचंद्र कटरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से धुआं निकलने लगा। एटीएम से धुआं निकलता देख दुकानदारों और बाजार में खरीदारी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार वाजपेई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। तब तक बैंक के कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। बैंक कर्मचारियों की देखरेख में एटीएम का शटर का ताला तोड़ा गया और आग पर काबू पाया गया।

# तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अरई पार कुर्मी टोला निवासी जयप्रकाश पटेल अपने थाने पर तहरीर देकर तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया था।

दिए तहरीर के मुताबिक वह रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के खड़ाईच में मकान बनाकर सपरिवार रहते हैं। उन्होंने अपने मकान के पीछे साढ़े नौ डिस्मिल जमीन बैनामा लिया है। जमीन की पैमाइश भी 13 जुलाई को हुई।

पीड़ित का आरोप है कि बावजूद इसके 23 जुलाई को सुबह करीब 8.00 बजे उक्त जमीन के सह बैनामादार रामअशीष गुप्ता व इन्द्रेश गुप्ता निवासी खड़ाईच व उनका रिश्तेदार रोहित निवासी बलियवां थाना रामपुर कारखाना एक राय होकर उनके हिस्से में आने वाले जामुन के पेड़ को काटने की धमकी देने लगे।

पत्नी उर्मिला देवी ने विरोध की तो उक्त लोग लात घुसों व लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे। आरोपियों की पिटाई से उर्मिला देवी को काफी चोटें आईं तथा सिर भी फट गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025



न्यायालय पैरोकार की समीक्षा बैठक करते एसपी संतोष कुमार मिश्र।

# रजिस्टर अपूर्ण, पैरोकार को कारण वार का आदेश

**पडरौना, निज संवाददाता।** एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पुलिस विभाग के विभिन्न शाखाओं के जिम्मेदारों की समीक्षा बैठक शुरू की, जो पूरा दिन तथा देर रात तक चलता रहा। इसमें एसपी ने कड़े तेवर दिखाते हुये जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने रजिस्टर पूर्ण न होने पर कसया पैरोकार को कारण वार का आदेश दिया। वहीं बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया।

एसपी ने सभी कोर्ट मोहर्रिर/पैरोकार से टॉप-10 अपराधियों, गैंगस्टर, माफिया, महिला संबंधित, पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट के अपराधों एवं विशेषकर जनपद स्तर पर उच्चाधिकरियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग के लिए चिन्हित किए गए जघन्य अपराधों से संबंधित अभियोगों की न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना कसया के पैरोकार हरेन्द्र यादव का रजिस्टर पूर्ण न होने पर कारण वार का आदेश दिया। आरक्षी श्रीकांत मौर्या पैरोकार थाना कसया द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर संबंधित अभियुक्त को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दिलाने तथा आरक्षी अमित यादव पैरोकार थाना जटहां बाजार द्वारा हत्या के मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर संबंधित एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 06 अन्य अभियुक्तों को 07-07 वर्ष की सजा दिलाने पर प्रोत्साहित किया।

## टॉप 15 अपराधियों को चिह्नित कर करें कार्रवाई

**पडरौना।** एसपी ने पुलिस कार्यालय में सीसीटीएनएस पोर्टल व आईसीजेएस पोर्टल व त्रिनेत्र पोर्टल/एप के माध्यम से डाटा विश्लेषण कर टॉप-15 अपराधियों को चिन्हित करने के लिए समस्त थानों के कम्प्यूटर आपरेटरों के साथ समीक्षा बैठक की। एसपी ने इन पोर्टलों का उपयोग कर अपराधियों के डाटा का विश्लेषण करने और टॉप-15 सक्रिय अपराधियों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को इस प्रणाली का उपयोग अपराध रोकथाम और जांच प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# डोल मेला को संपन्न कराने को बनाए गए पुलिस मित्र

- स्थानीय लोगों को जोड़ सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की पहल
- ग्रामीणों को पुलिस मित्र बना पुलिस शांति व्यवस्था में उनकी ले रही मदद

**पडरौना, निसं।** एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जनपद में आयोजित होने वाले पारंपरिक डोल मेला को सकुशल व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के साथ ही डोल मेले के आयोजन को और अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जनपद वासियों को पुलिस मित्र के रूप में शामिल किया है।

पुलिस मित्र, पुलिस बल के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं, ताकि मेले का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। इस आयोजन के दौरान भारी भीड़ और उत्साह को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद वासियों को पुलिस मित्र के रूप में शामिल कर एक अनूठी पहल शुरू की है। पुलिस मित्र के पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को पुलिस के साथ जोड़कर अपराध नियंत्रण व सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसके तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से विश्वसनीय और जिम्मेदार नागरिकों को पुलिस मित्र के रूप में चयनित किया गया है।

एएसपी निवेश कटियार ने बताया कि यह पुलिस मित्र स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए पुलिस के साथ मिलकर मेले की सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस मित्रों का चयन उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा, स्थानीय स्तर पर प्रभाव और सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण के आधार पर किया गया है। इनमें स्थानीय व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा स्वयं सेवक शामिल हैं। पुलिस मित्र स्थानीय पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित कर मेले में भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। पुलिस मित्र लोगों को निर्देशित करने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यवस्था बनाए रखने में मदद कर रहे हैं। यह पहल न केवल मेले की व्यवस्था को बेहतर बना रही है, बल्कि यह स्थानीय लोगों को जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित कर रही है।

# डोल व चेहल्लूम को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद**। नगर में आगामी डोल मेला और चेहल्लूम पर्व को लेकर थाने पर शनिवार को थानाध्यक्ष कसया अमित शर्मा के नेतृत्व में डोल मेला, अखाड़ा व ताजिया मेला संचालकों के साथ बैठक हुई। बैठक में सभी से शांतिपूर्ण ढंग से मेला सम्पन्न कराने के लिए अपील की गयी।

बैठक में थानाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि डोल मेला में अश्लील गाने न बजायें। अगर अश्लील गाने बजाने के दौरान किसी भी तरह से कानून व्यवस्था खराब होती है, तो संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी तय है।इसी के साथ डीजे की हाइट कम होनी चाहिए, ताकि कोई दुर्घटना या किसी को परेशानी न हो। किसी भी प्रकार के अफवाह से सावधान रहें। किसी भी संदिग्ध की संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**खड्डा।** गोरखपुर-नरकटियागंज रेल मार्ग स्थित खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारीपट्टी रेलवे अंडरपास के समीप ट्रेन से कटकर 45 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खड्डा क्षेत्र के बंजारीपट्टी अंडरपास की ओर कुछ लोग शनिवार की शाम टहलने निकले थे। इस दौरान रेलवे ट्रैक पर एक 45 वर्षीय युवक का शव देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव का शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने दुष्कर्म आदि के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त सहिल कुमार पुत्र लाल बाबूराम निवासी बेलवा मोकरी थाना रामनगर जिला बेतिया पश्चिमी चम्पारण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह, दरोगा दयाशंकर सिंह व सिपाही ममता शामिल रही।

# दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस टीम ने एक दुष्कर्म के वाण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी रिजवान अली पुत्र मुस्तकीम निवासी बड़हरागंज कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, दरोगा शैलेन्द्र सिंह, सिपाही सतीश सिंह आदि शामिल रहे।

# काम पर गया युवक नहीं लौटा घर

**हाटा**। हाटा के बाजार खास निवासी 35 वर्षीय युवक घर से काम करने के लिए कसया गया, लेकिन वहां से अब तक घर नहीं लौटा है। परिजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए हाटा कोतवाली में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को नगर के बाजार खास निवासी सुनैना देवी ने कोतवाली में सौंपे तहरीर में बताया कि 35 वर्षीय लड़का अमन शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे घर से यह कह कर गया कि कसया में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करने जा रहा है। उसके बाद देर रात तक वह घर नहीं लौटा।अमन के साथ किसी अनहोनी घटना होने का आशंका जताते हुये शनिवार की दोपहर बाद अमन की मां सुनैना देवी ने हाटा कोतवाली में तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

# पेशाब करने को लेकर हुआ विवाद

**पटहेरवा**। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया चौराहे पर शनिवार की दोपहर में बोलेरो से जा रही एक महिला ने चौराहे पर एक दुकान के सामने छोटे बच्चे को पेशाब करा दिया। दुकानदारों के मना करने पर महिला ने बवाल कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष के लोग मारपीट पर उतारू हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। दोनों पक्ष के लोगों ने तहरीर दी। पुलिस ने किसी तरह से समझौता कराया।

थाना क्षेत्र पटहेरिया चौराहे पर शनिवार के दिन बोलेरो गाड़ी से जा रही एक महिला ने दुकान के सामने छोटे बच्चे को पेशाब करा दिया। दुकानदार आग बबूला हो गए। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया।

# रामकोला का किशोर शाहपुर क्वार्टर से लापता

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के शताब्दी पुरम कॉलोनी से गुरुवार को 16 वर्षीय किशोर लापता हो गया। परिवारीजनों ने खोजबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दी। शाहपुर पुलिस शनिवार की शाम गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। कुशीनगर जिले के रामकोला स्थिति ग्राम सिधावट निवासी संजय शर्मा श्रीराम चौराहा के शताब्दीपुरम कॉलोनी स्थित एक मैरेज हॉल में काम करने के साथ नाई का भी काम करते हैं।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, पुलिस से शिकायत

**देवरिया ।** शहर के भीखमपुर रोड आंबेडकर नगर मोहल्ले की रहने वाली एक महिला की प्रसव के बाद शनिवार की सुबह मौत हो गई। महिला की मौत के बाद मायके पक्ष ने गंभीर आरोप लगाया है। इसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भीखमपुर रोड आंबेडकर नगर मोहल्ले के रहने वाले रंजीत कुमार ने संजना से एक वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। प्रसव के लिए उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया।

# खड्डा कस्बे में स्थापित हनुमान प्रतिमाओं का विसर्जन भारी सुरक्षा के बीच हुआ सम्पन्न

# जुलूस का एएसपी ने लिया जायजा

## डोल मेला

**पडरौना, निज संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को पटहेरवा थाना क्षेत्र के रगड़गंज में डोल मेला जुलूस के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर निवेश कटियार ने शनिवार को थानाध्यक्ष पटहेरवा पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था व कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों की निगरानी, भीड़ प्रबंधन व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की सूचना तत्काल नजदीक की पुलिस स्टेशन अथवा हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।



खड्डा में हनुमान प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस में शामिल लोग।

## डोल जुलूस को लेकर दोनों पक्षों में बनी सहमति

**पडरौना।** रामकोला थाना के सोहरौना में तहसीलदार चंदन शर्मा व प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने पहुंच दोनों पक्षों से वार्ता की। इस दौरान दोनों पक्षों की सहमति पर डोल जुलूस व मोहर्रम का जुलूस बंद पड़े रास्ते से शांति पूर्वक निकलेंगे। डोल जुलूस के दृष्टिगत रास्ते के विवाद के निस्तारण के लिए एक बैठक आयोजित किया।

# सुरक्षा के बीच निकला डोल मेले का जुलूस

**खड्डा, हिसं।** खड्डा में गुरुवार से चल रहे तीन दिवसीय डोल मेले का विसर्जन जुलूस शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया। जुलूस नगर भ्रमण करते हुए बंजारी पट्टी पहुंचा, जहां पर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में हनुमान प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।

खड्डा कस्बे में तीन दिन तक चलने वाला डोल मेला गुरुवार की रात हनुमान प्रतिमाओं के नेत्र दर्शन के साथ शुरू हुआ। कस्बा के इंदिरा नगर, शास्त्री नगर, जटाशंकर पोखरा, हनुमान चौक, सब्जी मंडी, स्वामी विवेकानंद नगर आदि स्थानों पर रखे गए डोल के बीच हनुमान प्रतिमाओं का लोग दर्शन व पूजन करते रहे। जुलूस जटाशंकर पोखरा, आजाद चौक, हनुमान चौक, फलमंडी, शास्त्री नगर, सुभाष चौक, स्टेशन रोड से गुजरी। वहीं अखाड़ों के खिलाडियों ने अपने करतब दिखाते हुए सबको आश्चर्यचकित कर दिया। नगर भ्रमण के बाद प्रतिमाओं को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बंजारी पट्टी स्थित मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में विसर्जित किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, प्रिंस मद्धेशिया, राजेश्वर सिंह, गुड्डू गुप्ता, विनय बेदर्दी, भोलू राय, अतुल राय, सीओ उमेश भट्ट, गिरिजेश उपाध्याय, हनुमानगंज एसओ संजय कुमार, विशुनपुरा, जटहां बाजार, कप्तानगंज, रामकोला पुलिस तथा दो बटालियन पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपित धराया

जासं,तुर्कपट्टी: बहला फुसलाकर नाबालिग को भगाने व शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपित को तुर्कपट्टी पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित के घाघी पुल के पास मौजूद होने की सूचना मिली। टीम ने वहां पहुंच कर उसे दबोच लिया। उसकी पहचान शाहिल कुमार निवासी बेलवा मोकरी थाना रामनगर जिला बेतिया पश्चिमी चंपारण के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित पांच माह से फरार था।





## ट्रेन से कटकर मृत्यु

जासं, खड्डा: गोरखपुर नरकटियागंज रेल खंड के खड्डा व गुरली रामगढवा स्टेशन के बीच ट्रेन से कट कर अधेड़ की मृत्यु हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे से कुछ देर पहले अधेड़ ट्रैक के पास खड़ा था। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने उसे रोकने की कोशिश भी की थी।

## बहन के घर राखी बंधवाने जा रहे बाइक सवार तीन भाई घायल

जागरण संवाददाता,कसया : बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में राखी बंधवाने बहन के घर जा रहे बाइक सवार तीन भाई मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक को छुट्टी दे दी।

**बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में हुई दुर्घटना, देवरिया के विंदई गांव के रहने वाले हैं तीनों भाई**

देवरिया जिले के बघौचघाट थाने के बिंदई गांव के सिकंदर, प्रिंस व मिट्ठू चौहान एक ही बाइक से तुर्कपट्टी स्थित बहन के घर राखी बंधवाने जा रहे थे। सपहां रोड पर भरौली नहर के पास सामने से आई बाइक से भिड़ंत हो गई। इस वजह से तीनों भाई घायल हो गए। दुर्घटना में दूसरी बाइक के चालक को भी चोटें आईं पर वह मौके से फरार हो गया। घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से सिकंदर और प्रिंस जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कार की चपेट में आकर सड़क पर 10 मीटर घिसटता गया युवक, मृत्यु, वीडियो प्रसारित

- लोगों के शोर मचाने पर फरार हो गया कार चालक
- गंभीर स्थिति में ले जाया गया था अस्पताल

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर) : नगर के बस स्टेशन के सामने रामकोला रोड पर गिरे युवक को कार चालक करीब 10 मीटर घसीटता रहा। वीडियो के अनुसार कार में फंसे युवक को देखकर लोगों ने शोर मचाया तो चालक भाग गया। खून से लथपथ अचेत युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार रात पौने दस बजे की है। इसका वीडियो शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। युवक की पहचान नगर के ही आंबेडकर नगर में रहने वाले 40 वर्षीय राकेश पासवान के रूप में हुई है। युवक नशे का आदी बताया जा रहा। पुलिस कार की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

प्रसारित वीडियो में सुभाष चौक की तरफ से आया युवक बस स्टेशन के सामने रुका और कुछ ही क्षण में रामकोला रोड पर गिर पड़ा। इसी बीच लगभग पांच मीटर की ही दूरी पर खड़ी कार का चालक ने युवक के ऊपर कार चढ़ा दी, जिससे युवक कार में ही फंस गया था। युवक बस स्टेशन के पूर्वी गेट तक घिसटता रहा। यह देख लोग शोर मचाते हुए सड़क पर आ गए। भीड़ देख चालक ने कार की गति तेज कर दी और भाग गया। लोगों ने नजदीक स्थित चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक के स्वजन को जानकारी दी। सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि कार की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी स्नेह की डोर

## सुबह शुरू हुआ राखी बंधवाने का सिलसिला शाम तक चलता रहा, भाई से मिला उपहार तो खुशी से खिल उठे चेहरे



नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में पुलिस कर्मियों को राखी बांधती किसान इंटर कालेज पिपरा बाजार की छात्राएं • जागरण



पडरौना नगर में भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन • जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौना: भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन पूरे स्नहे-भाव से शनिवार को मनाया गया। घरों से लेकर बाजार तक पर्व की चमक देखने को मिली। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी और सुरक्षा का वचन लिया। भाइयों ने भी प्रेम रूपी उपहार संग सुरक्षा का वचन पूरे भाव से दिया।

पवित्र पर्व को लेकर उत्साहित भाई व बहन सुबह ही तैयार हो गए। शुभ मुहूर्त शुरू होते ही भाइयों की कलाई पर स्नेह की डोर बंधनी शुरू हुई तो देर शाम तक यह चलता रहा। कहीं भाई राखी बंधवाने के लिए बहनों की ससुराल गए तो कहीं बहनें भाई के घर पहुंची। दूसरी ओर बाजारों में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही। इस दौरान पडरौना नगर के सटे सिधुआ बाबा मंदिर परिसर में मेला आकर्षण का केंद्र रहा। छोटे बच्चों में रक्षाबंधन को लेकर गजब का उत्साह रहा।

### सुबह से दोपहर तक बाजारों में रही गहमागहमी

रक्षाबंधन को लेकर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों पर भीड़ लगी रही। हर तरफ रंग बिरंगी राखियों से बाजार सजे रहे। सुबह से लेकर दोपहर तक दुकानों पर बहनों की भीड़ इस त्योहार को लेकर उत्साह बयां कर रही था। नगर के धर्मशाला रोड, तिलक चौक, दरबार रोड, बैंक रोड, मेन रोड पर लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। नगर में 500 से अधिक राखी की दुकानें सजी रहीं। कपड़ा व मिठाई की दुकानों पर भी लोगों की भारी भीड़ दिखी। मिठाई के दुकानदार पप्पू सिंधी, राजेंद्र जायसवाल, रामू सिंधी, कमल, सोमू आदि ने बताया कि मिठाई की अपेक्षाकृत अधिक रही।



पडरौना नगर स्थित दुकान पर मिठाई खरीदते लोग • जागरण

# युवक ने छात्रा से की छेड़खानी, केस दर्ज

**रामकोला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक ने स्कूल जाते समय रास्ते एक छात्रा के साथ छेड़खानी कर रहा था। इसकी उलाहना देने छात्रा की मां गई तो युवक के परिजन उसके साथ मारपीट करने लगे। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा पढ़ने के लिए टेकुआटार जाती है। युवक अरमान रास्ते में अकेला पाकर छेड़ता था। छात्र अपने घर जाकर मां से आप बीती बताई। मां लड़की को लेकर आरोपी के घर पहुंच गई। इससे नाराज अरमान के परिजन लड़की और उसकी मां के साथ के साथ मारपीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंचे लड़की के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। संवाद

# बाइक सवारों ने ठेले में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**तमकुहीरोड।** सेवरही-पिपराघाट मार्ग स्थित तुर्कवलिया गांव के पास शुक्रवार की रात बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर ठेला में ठोकर मार दिया। इससे बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

इसके बाद नाराज बाइक सवारों ने ठेला दुकानदार के साथ मारपीट की। मौजूद लोगों की सूचना पर आई पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया और घायलों को सेवरही सीएचसी भिजवाया। यहां घायलों की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया।

सेवरही-पिपराघाट मार्ग स्थित तुर्कवलिया गांव के पास सेवरही कस्बा के गांधी नगर निवासी गोवर्धन केशरी (55) शुक्रवार की रात चाट बेचने के बाद ठेला लेकर घर जा रहे थे। उसी दौरान एक बाइक ने अनियंत्रित होकर ठेला में ठोकर मार दिया।

इससे बाइक सवार सिराज अंसारी (22), फिरोज (23) और असलम (18) निवासी राजपुर बगहा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। नाराज घायल युवक ठेला चालक के साथ मारपीट करने लगे। मौजूद लोगों की सूचना पर आई पुलिस समझा-बुझाकर शांत कराया और घायलों को सेवरही सीएचसी भेजवाई। संवाद

# डीजे की तेज आवाज से हुई दिक्कत

खड्डा। डोल यात्रा में लगे डीजे के तीव्र कंपन से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्ग व बीमार लोगों को हुई। शनिवार को खड्डा नगर में निकली डोल यात्रा एवं डोल विसर्जन यात्रा के समय बड़े बड़े साउंड बाक्स लगाकर डीजे बजाया जा रहा था। संवाद

# डीजे पर अश्लील गाने बजाए तो होगी कड़ी कार्रवाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कसया।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को पुलिस मित्रों और आगामी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें आवश्यक निर्देश देते हुए पुलिस मित्रों को परिचय पत्र वितरण किया गया।

एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर कुशीनगर में आयोजित होने वाले पारंपरिक डोल मेला को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने और डोल मेले के आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए जनपद वासियों को पुलिस मित्र के रूप में शामिल किया गया है।

पुलिस मित्र पुलिस बल के साथ मिलकर कार्य करेंगे, ताकि मेले का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। पुलिस मित्रों का चयन उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा, जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण को ध्यान में रखकर किया गया है।

कसया एसएचओ अमित शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजेंगे, डीजे का आवाज तेज नहीं बजना चाहिए।

**कसया में हुई पीस कमेटी की बैठक में दिए गए निर्देश**

इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार राय, हाईवे चौकी प्रभारी विवेक कुमार पांडेय, कस्बा चौकी प्रभारी गौरव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कार ने युवक को कुचला, मौत

## नशे में गिरा था युवक, पुलिस ने कहा-कार चढ़ने से पहले ही हो चुकी थी मौत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** शहर के सुबाष चौक स्थित रोडवेज बस स्टेशन के पश्चिमी गेट के सामने बृहस्पतिवार की रात एक युवक सड़क पर गिर गया। इसके कुछ देर बाद गिरे युवक के पास खड़ी कार उसे कुचलते हुए चली गई। बताया जा रहा है कि शराब की नशे में धुत सड़क पर युवक पड़ा था। युवक को कार कुचलते हुए आगे निकलती चली गई। यह पूरी घटना वहां एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

वायरल वीडियो के अनुसार देर रात युवक लड़खड़ाते हुए रामकोला रोड पर जा रहा है। अभी वह रोडवेज बस स्टेशन के पश्चिमी गेट के सामने



**युवक पर चढ़ती कार।** स्रोत-सोशल मीडिया

पहुंचा तो वह सड़क पर गिर गया। युवक के सड़क पर गिरने के कुछ देर बाद वहां पहले से खड़ी कार उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गई। वीडियो फुटेज में लक्जरी कार चालक के लापरवाही भरे ड्राइविंग को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं। वाहन के गुजरने के बाद घायल युव को मौजूद कुछ लोगों ने मेडिक कॉलेज रविंद्रनगर भेजवाए, जह डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिय मृतक युवक की पहचान शहर आंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी 4 वर्षीय राकेश पासवान पुत्र शिवपूज प्रसाद के रूप में हुई हैं।

घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटे शनिवार को वायरल होने के बा मामले की जानकारी ज्यादातर लो को आज हो सकी। लोगों ने मृत युव को शराब के नशे का आदि बताय वहीं पडरौना कोतवाली के प्रभा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि कार के युवक पर चढ़ने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

# वसूली गैंग...पुलिस की दबिश तेज
# ठिकाना बदलकर छका रहे शातिर

## पूर्व में जेल भेजे गए आरोपियों का भी नहीं चल रहा पता, फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर वाहनों से करते थे वसूली

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** फर्जी अधिकारी बनकर हाईवे पर वसूली करने वाले गिरोह से जुड़े गुर्गों की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं, क्योंकि इनसे जुड़े संरक्षणदाताओं ने हाथ खड़े कर दिए हैं। वह इनसे अब पल्ला झाड़ रहे हैं। इन दिनों पुलिस की सक्रियता और लगातार दबिश के कारण गुर्गे अपना ठिकाना बदल रहे हैं।

फर्जी अधिकारी बन हाईवे पर वसूली करने वाले गिरोह से जुड़े नौ आरोपियों को जुलाई 2024 में जेल भेजा गया था। इन आरोपियों में तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर निवासी मुखिया यादव उर्फ प्रिंस, नाजिर खान, मोईन खान व लालू यादव, नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो हरिहरपुर निवासी सैफ अली उर्फ टिंकू, वार्ड नंबर तीन तुलसीनगर निवासी जैफ अली, परसौनी बुजुर्ग निवासी महरुद्दीन, वार्ड नंबर दो यशोधरा नगर हरिहरपुर निवासी अजय कुमार चौहान उर्फ भोला व इसी वार्ड निवासी चंदन कुमार धोबी शामिल रहे। सूत्रों की मानें तो आरोपियों के जेल जाने के कुछ दिनों बाद तक ट्रक चालकों व ट्रांसपोर्टरों से फर्जी अधिकारी बनकर वसूली करने का धंधा ठप रहा, लेकिन कुछ दिनों बाद इस धंधे के मास्टरमाइंड मुखिया यादव के भाई की इंट्री उनके उत्तराधिकारी के रूप में हो गई और गिरोह का संचालन शुरू हो गया।



09 अगस्त को प्रकाशित खबर।

मुखिया जब तक जेल में रहा तब तक फर्जी वसूली का खेल उसके भाई के नेतृत्व में फलता-फूलता रहा। मुखिया के जेल से वापस आने के बाद दुर्घटना में उसे चोट लग गई। इसके बाद उसके छोटे भाई की धंधे में धमक बढ़ गई और फिल्मी स्टाइल में गिरोह का संचालन तेजी से होने लगा।

> पुलिस टीमें गिरोह से जुड़े समूचे तंत्र को हमेशा के लिए निष्क्रिय करने व कार्रवाई के दायरे में लाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। इस लिए ठोस कार्रवाई में थोड़ा समय लग रहा है। **-राकेश प्रताप सिंह,** सीओ तमकुहीराज

सूत्र बताते हैं अवैध अधिकारी बन वसूली करने वाले गिरोह से जुड़े सदस्यों की सम्पति में तेजी से अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और इनके परिवार का लाइफ स्टाइल पूरी तरह बदल गया है।

इसके अलावे इनके परिवार मे सुख-सुविधाओं के साधन में भी इजाफा हुआ है। गिरोह के संरक्षणदाताओं को पर्दे के पूछे से मदद के बदले निर्धारित रकम देते है, लेकिन चार से अधिक पुलिस टीमों की बिहार के सीमावर्ती इलाकों व आसपास में बढ़ी सक्रियता व दबिश के कारण मदद करने से हाथ खडे कर रहे हैं और इनसे पिंड छुड़ाने की जुगत मे हैं, क्योंकि इन्हें पुलिस के कानूनी पंजे मे फंसने का अंदेशा सता रहा है।

पुलिस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पुलिस की चार टीमें गिरोह से जुड़े गुर्गों की कुंडली खंगाल रही है और अन्य लोगों को ट्रेस करने के लिए आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल कर रही है।

जरूरत के हिसाब से गिरोह के सदस्यों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस की तेजी से सक्रियता व दबिश के कारण गिरोह के सदस्य लगातार ठिकाना बदल रहे हैं।

इसके कारण पुलिस की गति को मनमाफिक बढ़त नहीं मिल पा रही है हालांकि पुलिस आरोपियों के घर, सगे- सम्बन्धियों और गांव के आसपास लोगों व सरेह तक मे निगरानी बढ़ा दी है।

# आरोपियों से मिले सुराग...गुर्गों तक नहीं पहुंचे पुलिस के हाथ

## धर्मांतरण मामले में सुस्त पड़ी जांच, नेपाल और बिहार भी नहीं गईं टीमें

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** धर्मांतरण कराने के मामले में जेल भेजे गए आरोपियों के करीबियों और गिरोह से जुड़े बाकी लोगों तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। शिथिलता की वजह डोल मेला में पुलिस की व्यस्तता बताई जा रही है। हालाकि पकड़े गए आरोपियों के कनेक्शन बिहार, नेपाल में मिले थे। पडरौना कोतवाली पुलिस की ओर से जेल भेजे गए आरोपियों ने पूछताछ में गिरोह से जुड़े कई लोगों का नाम बताया था, लेकिन उन लोगों तक टीम के हाथ नहीं पहुंच सके हैं।

जिले में प्रेमप्रसंग और लालच में फंसाकर किशोरियों, युवतियों का धर्मांतरण कराकर शारीरिक शोषण का मामला पुलिस की कार्रवाई के बाद भी कम नहीं हो रहा है। पडरौना कोतवाली, रामकोला, नेबुआ नौरंगिया, सेवरही, विशुनपुरा में पुलिस ऐसे मामलों में कार्रवाई कर चुकी है। करीब 10 से अधिक किशोरियों को मुक्त कराया है। धर्मांतरण कराने में शामिल तीन महिलाओं को भी पुलिस जेल भेजी है। इसमें मां, बेटी भी शामिल हैं।

पुलिस की जांच में आरोपियों का कनेक्शन बिहार के सिवान, नेपाल के अलावा केरल, पंजाब में होने का दावा किया गया था, लेकिन अभी तक इस गिरोह से जुड़े एक भी आरोपी नहीं पकड़े गए है। पुलिस अभी तक जिन शहरों में कनेक्शन मिला है, वहां नहीं पहुंच सकी है।

पुलिस आरोपियो को फंडिंग करने वालों का डिटेल खंगाल रही है। आरोपियो का बैंक डिटेल के बारे में पुलिस पता लगा रही है। आरोपियों के मोबाइल में मिले वाट्सएप ग्रुप की जानकारी के लिए साइबर सेल की मदद विवेचक ले रहे हैं।


शादी का झांसा देकर युवती का कराया धर्मांतरण, गिरफ्तार

08 अगस्त को प्रकाशित खबर।

डोल मेला के चलते पुलिस की व्यस्तता बढ़ गई है। विवेचना में कई जानकारी पुलिस को मिली हैं। जल्द ही गिरोह में शामिल बाकी सदस्यों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**-निवेश कटियार,** एएसपी

# डोल मेले की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे 'पुलिस मित्र'

## भीड़ प्रबंधन के साथ टीम को दे रहे आवश्यक निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** पारंपरिक डोल मेला को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने इस बार एक नई पहल की है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के चुनिंदा नागरिकों को पुलिस मित्र बनाया गया है, जो पुलिस बल के साथ मिलकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं।

डोल मेले में भारी भीड़ और उत्साह को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। पुलिस मित्र न केवल सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस की मदद कर रहे हैं, बल्कि भीड़ को नियंत्रित करने, लोगों को दिशा-निर्देश देने और आपात स्थिति में त्वरित सहयोग प्रदान करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस मित्रों का चयन उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा, जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण को ध्यान में रखकर किया गया है। इनमें स्थानीय व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा स्वयंसेवक शामिल हैं।

एसपी का मानना है कि यह पहल न सिर्फ मेले की व्यवस्था को मजबूत बना रही है, बल्कि नागरिकों को सामुदायिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी कर रही है।

पुलिस और जनता की यह साझेदारी डोल मेला के शांतिपूर्ण आयोजन में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को पकड़कर पीटा

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम जखिनिया पश्चिम टोला निवासी एक व्यक्ति के रिश्तेदारी का युवक उसके यहां रहकर पढ़ाई करता है। बगल गांव की नाबालिग लड़की से उसे प्यार हो गया। रक्षाबंधन के दिन वह नाबालिग प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचा। वहां वह एक महिला के घर में दोनों मिले, जिसकी भनक लड़की के परिजनों को लग गई। महिला के घर में दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया और प्रेमी की जमकर धुनाई की। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी, जिस पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और युवक को कब्जे में लेकर थाने लायी।

## पडरौना के नौका टोला निवासी व्यक्ति की एक दिन पूर्व हुई थी मौत

# युवक को कार से कुचलने का वीडियो वायरल, जांच

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना में रामकोला रोड पर गुरुवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने इस मामले में सनसनी फैला दी। वीडियो में युवक एक कार से कुचलते दिख रहा है। पुलिस ने इस मामले को संज्ञान लेते हुए कार और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि हिन्दुस्तान समाचार पत्र वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

पड़रौना शहर में रामकोला मार्ग पर स्थित आंबेडकर नगर नौका टोला निवासी राकेश पासवान (40) की गुरुवार की देर रात रामकोला रोड पर मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और राकेश का शव लेकर घर चले गए। शुक्रवार की सुबह 9 बजे परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम शव घर पहुंचा और परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने लगा। वायरल वीडियो में राकेश पासवान सड़क पर गिरा पड़ा है। एक अर्टिगा कार उसे कुचलते हुए निकल जा रही है। वीडियो में राकेश कुछ दूर तक घिसटता दिख रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहीं भी चोट का निशान नहीं आया है।

मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने बिसरा संरक्षित कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने कार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस इसके लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक पडरौना हर्षबर्धन सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

### वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस

**पडरौना।** पडरौना सुभाष चौक पुलिस चौकी के समीप रामकोला रोड पर हुई घटना को लेकर पुलिस अंजान बनी रही। रात में घटना होने के बाद परिजन शव लेकर घर चले गये। सुबह परिवारीजनों की सूचना पर पुलिस को इसके बारे में जानकारी हुई। इसके बाद सुबह नौ बजे पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर शव का अंतिम संस्कार करा दिया। इसके बाद परिजन समेत पुलिस सामान्य मौत मानकर चुप हो गये, लेकिन शनिवार को कार से कुचलने का वीडियो वायरल होने के बाद परिजन के साथ पुलिस सक्रिय हो गई।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025

# कुकर्म पीड़ित का मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज होगा बयान

**फालोअप**



■ सोनौली कोतवाली क्षेत्र की है घटना, बयान के आधार पर होगी कार्रवाई

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** कक्षा पांच के छात्र के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोप में एक ही परिवार के चार आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद सोनौली पुलिस ने विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है। सोमवार को पुलिस पीड़ित का मजिस्ट्रेट के सामने कलमबंद बयान दर्ज कराएगी। बयान व मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

पीड़ित छात्र के पिता ने अपने ही कॉलोनी के रहने वाले एक परिवार के सदस्यों पर बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया गया। पीड़ित के पिता कारोबारी हैं। आरोप यह भी है कि पीड़ित को डरा-धमका कर धन उगाही भी कराई गई। इस मामले को लेकर सोसाइटी में कई बार पंचायत भी हुई। इसमें आरोपित पक्ष को दस लाख रुपया नेपाली मुद्रा देने के नाम पर सुलह-समझौता भी हुआ। सोसाइटी वालों ने भी पत्र जारी कर घटना की निंदा की थी। बाद में कार्रवाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई, पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री के जनता दर्शन व एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के आदेश पर सोनौली पुलिस केस दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है।

## महिला एसआई पर केस को प्रभावित करने का आरोप

पीड़ित के पिता ने सोनौली कोतवाली की एक महिला एसआई पर केस को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला आरोपित के मकान में किराया पर रहती है। जबसे केस दर्ज हुआ है तब से आरोपितों को बचाने के लिए केस को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में सोनौली कोतवाली के एसओ अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि प्रकरण में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है। मजिस्ट्रेट के सामने पीड़ित का बयान दर्ज कराया जाएगा। विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने यूरिया लदी पिकअप पकड़ी

**कटहरी।** कोठीभार थाना क्षेत्र के जहदा गांव के पास शुक्रवार की रात में पुलिस ने यूरिया खाद से लदी एक पिकअप को पकड़ लिया। इस दौरान पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद लदी पिकअप को सोहट गांव से यूरिया खाद लादकर जहदा चौराहे से होकर कुछ लोग नेपाल ले जाने की फिराक में थे। इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पुलिस ने जहदा गांव के पास घेराबंदी कर पिकअप को पकड़ लिया। पुलिस ने पिकअप की तलाशी लिया तो उसमें यूरिया खाद बरामद हुई।

# शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा, जांच शुरू

## केस दर्ज

**निचलौल, हिसं।** क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को एक युवक ने शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया। इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में किशोरी की मां ने बताया है कि बीते 20 जुलाई को एक युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर उसके घर से भगा ले गया। उसे तीन दिनों तक रिश्तेदारी में रखने के बाद युवक उसे नेपाल ले गया। नेपाल के नवलपरासी जिले के गोबरहिया नामक स्थान पर वह यह कहकर छोड़ दिया कि वह पैसे की जुगाड़ में जा रहा है। उसके बाद किशोरी नेपाल में अपने एक रिश्तेदार के घर जाकर पूरी बात बताई और रिश्तेदार उसके परिजनों को बुलाकर उसे घर भेज दिया। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी को भगाए जाने के आरोप में आरोपी आकाश निवासी निचलौल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अलग-अलग जगहों से 27 बोरी यूरिया बरामद

**नौतनवा, हिसं।** नौतनवा कस्बे से शनिवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर लावारिस पड़ी 20 बोरी यूरिया खाद बरामद की है। बरामद की गई खाद को तस्कर नेपाल ले जाने की फिराक में थे। इसे मधुबन नगर में स्थित एक स्कूल के निकट डंप किया गया था।

भारतीय क्षेत्र में खाद की किल्लत को लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी हरकत में आ गए हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन ने चेकिंग अभियान बढ़ा दिया है। भारतीय बाजार से बड़े पैमाने पर खाद की तस्करी नेपाल को की जाती है। जबकि भारतीय किसान खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। खाद तस्करी की सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी छोटेलाल ने मधुबन नगर के एक स्थान पर छापेमारी की तो वहां अवैध तरीके से राखी 20 बोरी लावारिस यूरिया खाद की बरामदगी हुई।

ठूठीबारी संवाद के अनुसार थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसएसआई व आरक्षी ने ग्राम राजाबारी टोला टड़हवा में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक खंडहर नुमा घर के बरामदे से सात बोरी लावारिस यूरिया खाद बरामद की।

# मारपीट में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज

**नौतनवा।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को मारपीट के मामले में चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले में थाना क्षेत्र के गांव पैसिया उर्फ कोनघुसरी निवासी महेंद्र भारती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बीते 31 जुलाई को ससुराल से घर लौट रहा था। थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर उर्फ चरखा के निकट डूडी नदी के पास पहुंचा था, तभी चार लोगों से रास्ते में रोक कर मारपीट किए। बीच बचाव करने उसका छोटा भाई प्रदीप आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मकसूद निवासी बैजनाथ, आफताब, असलाम व हमीदुन निवासी ग्राम पैसिया के विरुद्ध केस दर्ज जांच की जा रही है।

# युवक ने किशोरी को भगाया, केस दर्ज

भिटौली। भिटौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर अपनी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता महिला ने अपने तहरीर में लिखा है कि युवक पता नहीं कबसे उसकी बेटी से बात कर रहा था। घटना के दिन चार अगस्त को रात लगभग 11 बजे सब जब सो रहे थे तभी सुनसान पाकर वह उसकी बेटी को भगा ले गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# दादी के हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

हि फॉलोअप

**पुरैना/घुघली, हिन्दुस्तान टीम।** घुघली थाना क्षेत्र के हरखपुरा नौटंकी टोला में भूमि विवाद में अपनी दादी को पीटकर मौत के घाट उतारने वाले नाती विष्णु को पुलिस ने शनिवार को बेलवा टीकर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपित का न्यायालय चालान किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

हरखपुरा गांव के नौटंकी टोला में शुक्रवार को विष्णु चौहान ने भूमि विवाद को लेकर अपनी दादी शनिचरा देवी को बेरहमी से पीट दिया था। इलाज के लिए घुघली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने के बाद चिकित्सकों ने शनिचरा देवी को मृत घोषित कर दिया। घुघली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस मामले में शनिचरा देवी के पति की दूसरी पत्नी के पुत्र ओमप्रकाश की तहरीर पर आरोपित विष्णु के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर पुलिस तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल लालू पटेल, कांस्टेबल गौतम पासवान ने बेलवा टीकर चौराहा से शनिवार सुबह दस बजे के करीब विष्णु को गिरफ्तार किया।

## जमीन बेचने के विरोध पर दादी को मौत के घात उतारा था

शनिचरा देवी के पति ने दो शादियां की थीं। शनिचरा से विष्णु के पिता जर्नादन चौहान इकलौते बेटे के रूप में पैदा हुए थे। जनार्दन व उनकी पत्नी दोनों का निधन हो चुका है। दूसरे पत्नी से चार औलाद हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि विष्णु के नाम से दस डिस्मिल जमीन है। शनिचरा के नाम से 22 डिस्मील जमीन है। विष्णु अपनी दादी के साथ ही रहता था। कर्ज चुकता करने के लिए अपने हिस्से की जमीन को बेचना चाह रहा था। दादी इसका विरोध करती रहती थी। शुक्रवार को भी कहासुनी के बाद विष्णु दादी शनिचरा देवी को बेरहमी से पीटने लगा, जिससे शनिचरा देवी की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को उसे बेलवा टीकर चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# स्कूली छात्राओं ने एसएसबी जवानों को बांधी राखी

निचलौल। रक्षाबंधन के अवसर पर बाबा ज्ञान दास लघु माध्यमिक विद्यालय बैठवलिया की छात्राओं ने बहुआर पुलिस चौकी तथा 22 वाहिनी एसएसबी झुलनीपुर के जवानों को तिलक लगाकर राखी बांधी। बहुआर चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह, झुलनीपुर बीओपी के प्रभारी उप निरीक्षक हंसराज ने कहा कि यह पर्व सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देती है। उपनिरीक्षक तन्मय चक्रवर्ती, सत्येंद्र, मनोज कुमार शर्मा, कुलदीप सिंह, अर्जुन सिंह आदि रहे।



पंचमुखी मार्ग सिन्दुरिया में रक्षाबंधन पर लगा जाम। ● ● हिन्दुस्तान

# रक्षाबंधन पर लगा जाम, देर तक परेशान रहे लोग

सिन्दुरिया। स्थानीय सिन्दुरिया पंचमुखी चौराहे पर शनिवार को रक्षाबंधन पर करीब चार घंटे तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही। चौराहे पर खरीददारी करने और रक्षा बंधन मनाने निकले लोगों की वजह से वाहनों का रेला लग गया था। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने इस बारे मे बताया कि अधिक वाहनों के आ जाने से जाम की स्थिति पैदा हो गयी है। पुलिस की टीमों ने जाम को हटवाया।

# 20 बोरी लावारिस यूरिया बरामद

जासं, नौतनवा: नगर के मधुबन नगर में पुलिस ने चेकिंग के दौरान 20 बोरी लावारिस यूरिया बरामद कर लिया। यह बरामदगी उस समय की गई जब पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गश्त पर थी। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि बरामद उर्वरक को अग्रिम कार्रवाई हेतु कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है।

# घर में चोरी की जांच में जुटी पुलिस

लक्ष्मीपुर: लक्ष्मीपुर बाजार के गैस एजेंसी रोड स्थित पूनम के मकान का ताला तोड़कर चोर अंदर रखा सामान चोर उठा ले गए। मकान मालकिन पूनम तबीयत खराब होने के कारण अपने मायका लक्ष्मीपुर बाजार गई थी। शुक्रवार को घर लौटी तो गेट पर दूसरा ताला लगा देख परेशान हो गई। अंदर जाकर देखी तो सामान बिखरा पड़ा था, जबकि कुछ समान गायब था।मौके पर पहुंची लक्ष्मीपुर चौकी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। (जासं)



घली थाना में गिरफ्तार आरोपित विष्णु
हान के साथ पुलिस ● जागरण

## हत्यारोपित पोता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल भेजा गया

जासं, घुघली: भूमि बेचने से मना करने पर एक पोते ने दादी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना घुघली थाना क्षेत्र के हरखपुरा नौटंकी टोला में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को घटी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन घुघली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया। मृतका की पहचान शनिचरा देवी , पत्नी स्वर्गीय जतन चौहान के रूप में हुई है। आरोपी विष्णु चौहान पुत्र स्व. जनार्दन चौहान ने घर में ही दादी पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शनिचरा देवी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गंभीर चोटों के कारण ही मौत की पुष्टि हुई है। मृतका के दूसरे बेटे ओमप्रकाश चौहान की शिकायत पर पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में लग गई। शनिवार को 10.30 बजे बेलवा टीकर नहर पुलिया के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# रक्षाबंधन को लेकर दिन भर मुस्तैद रही पुलिस

जासं, आनंदनगर: फरेंदा पुलिस रक्षाबंधन को लेकर दिनभर सड़कों पर मुस्तैद रही। सड़कों पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बरती। पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करते रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक व चौकी इंचार्ज गंगाराम यादव कस्बे में भ्रमण शील रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था और जाम की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। पुलिस बल को निर्देशित किया और ड्यूटी स्थल का निरीक्षण किया। वहीं रक्षाबंधन के त्यौहार पर दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाली बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए सुबह से ही अपने वाहनों पर सवार होकर निकल पड़ीं। कस्बे में पहुंचने पर उन्हें कुछ स्थानों पर पर लगे जाम मिला। जहां पुलिस मौजूद रही और लोगों को आने जाने में मदद की।

# रक्षाबंधन की रौनक में सिंदुरिया चौराहे पर दिनभर भीषण जाम

- सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक जाम में फंसे रहे यात्री
- वाहनों का रेला, परसा गेट से पतरेंगवा तक रुकी रहीं गाड़ियां

जासं, सिंदुरिया: रक्षाबंधन के मौके पर शनिवार को सिंदुरिया चौराहा भीषण जाम की चपेट में आ गया। सुबह से लेकर शाम तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही और लोगों को घंटों तक परेशानी झेलनी पड़ी। एक ओर शनिवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार और दूसरी ओर बहनों द्वारा भाइयों को राखी बांधने के लिए सवारी पकड़ने की होड़ ने यातायात को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। भारी भीड़ और वाहनों की लंबी कतार के चलते सिंदुरिया-निचलौल मार्ग पर परसा गेट तक, सिंदुरिया-शिकारपुर मार्ग पर अरनहवा गांव तक, सिंदुरिया-सिसवा मार्ग पर पकड़ियार बुजुर्ग गांव तक, सिंदुरिया-झनझनपुर मार्ग पर सीताराम इंटरमीडिएट कालेज तक और सिंदुरिया-महराजगंज मार्ग पर पतरेंगवा गांव तक वाहनों का रेला लगा रहा।

इस दौरान पुलिस ने कई बार जाम खुलवाने की कोशिश की। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस के जवान लगातार मुस्तैद रहे।

# महिलाओं को किया गया जागरूक

जासं, महराजगंज: मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत कोतवाली, रोडवेज बस स्टेशन, मऊपाकड़, चौपरिया, फरेंदा के विष्णु चौराहा आदि के सार्वजनिक स्थलों पर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नारी सुरक्षा, सम्मान, महिलाओं में विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जानकारी दी जा रही है।

# नियमों के उल्लंघन में 147 वाहनों का चालान

महराजगंजः जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 147 वाहनों का चालान और एक वाहन सीज किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की।

इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 147 वाहनों का चालन और एक वाहन सीज किया गया ।

शांतिभंग की आशंका में 16 व्यक्तियों का चालानः महराजगंजः जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका में 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से मजिस्ट्रेट द्वारा उन्हें जमानत देकर मुचलके से पाबंद किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश करेगा, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

मार्ग दुर्घटना में चार घायल

नौतनवाः नौतनवा नगर के बाईपास पर शनिवार की रात हुई मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि गोरखपुर के चार युवक नेपाल के कैसीनो से कार से वापस लौट रहे थे। अभी वे नगर के मुंडी मोहल्ला बाईपास पर ही पहुंचे थे कि तीन गायों को कार से टक्कर मार दिए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक गाय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कार को घेर लिया और युवकों को रोक लिया। सूचना पाकर नौतनवा पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ में फंसे दो युवकों को थाने ले गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सात बोरी यूरिया बरामद

जासं, दूठीबारीः कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा राजाबारी के टोला टड़हवा में पुलिस ने एक खंडहर मकान में रखा लावारिस सात बोरा यूरिया बरामद कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए कस्टम को सुपुर्द कर दिया ।कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया की तस्करी का यूरिया बरामद किया गया।

# नौतनवा में 20 बोरी लावारिस खाद जब्त

**नौतनवा।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को मधुबन नगर वार्ड स्थित एक स्थान से लावारिस हालत में रखी 20 बोरी यूरिया बरामद की। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि चौकी प्रभारी छोटेलाल अपने हमराही लक्ष्मी शंकर यादव के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान कस्बे के मधुबन नगर वार्ड में स्थित एक स्कूल के पास 20 बोरी लावारिस खाद मिली। खाद को कस्टम कार्यालय नौतनवा को सौंप दिया गया। संवाद

# किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज

**भिटौली।** भिटौली थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर अपनी 14 वर्षीय पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। महिला ने अपनी तहरीर में लिखा है युवक चार अगस्त की रात करीब 11 बजे बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया की लड़की की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# पुलिस ने जब्त किया सात बोरी यूरिया

**महराजगंज।** शनिवार को अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ठूठीबारी पुलिस ने कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजाबारी टोला टडहवा में एक खंडहर घर के बरामदे से सात बोरी अवैध यूरिया बरामद की। बरामद खाद को लावारिस मानते हुए पुलिस ने कब्जे में ले लिया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# लापरवाही से वाहन चलाकर घायल करने व पीटने का आरोप, केस दर्ज

**नौतनवा।** नगर के महेंद्र नगर वार्ड निवासी समसुद्दीन ने सोनौली थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर सड़क दुर्घटना में घायल करने और मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समसुद्दीन का कहना है कि शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे वह अपनी कार से सोनौली की तरफ जा रहे थे। आरोप है कि सोनौली कोतवाली के आगे पीछे से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद उक्त वाहन से कुछ लोग निकले और उन्हें ही पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने जाते-जाते जानमाल की धमकी भी दी।

थानाध्यक्ष सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर चोट पहुंचाने, मारने-पीटने व धमकी देने की धारा में केस दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# सिंदुरिया चौराहे पर लगा जाम तीन घंटे तक जूझते रहे राहगीर




शिकारपुर चौराहे पर लगा जाम। स्रोत-ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**मिठौरा।** क्षेत्र की सिंदुरिया चौराहे पर शनिवार की सुबह करीब आठ बजे जाम लग गया। देखते ही देखते एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने करीब 11 बजे किसी तरह से जाम खुलवाया तब लोगों ने राहत की सांस ली।

सिंदुरिया में पंचमुखी चौराहा से गुजरने वाले चार पहिया, दो पहिया एवं भारी वाहनों के चलते अक्सर जाम लग जाता है। शनिवार को रक्षाबंधन पर्व के कारण चौराहे से सटाकर मिठाई और राखी की दुकानें सजी थीं।

लोग आड़े-तिरछे वाहन खड़ी कर खरीदारी करने लगे। इससे सिंदुरिया से महराजगंज, निचलौल, सिसवा और शिकारपुर की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर दो पहिया, चार पहिया के साथ ही भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। सिंदुरिया थाने की पुलिस ने काफी मशक्कत करके जाम समाप्त कराया, तब जाकर यात्रियों ने चैन की सांस ली।

## पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम

सिंदुरिया चौराहा निवासी पवन मोदनवाल, लक्ष्मण मौर्य, आनंद शर्मा, आजाद अली आदि का कहना है सिंदुरिया चौराहे पर बाजार के एवं त्योहार के दिन अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। थाना प्रभारी सिंदुरिया महेंद्र कुमार सिंह का कहना है त्योहार के कारण उमड़ी भीड के कारण जाम की समस्या का उत्पन्न हुई।

# रक्षाबंधन पर सीमा पर सख्ती से हुई तेज

**सोनौली।** रक्षाबंधन पर भारत नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर पर सुरक्षा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। नेपाल से आने वाले वाहनों की जांच की गई। शनिवार की शाम सात बजे कोतवाल अजित प्रताप सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी वृजभान यादव एसआई प्रिया तिवारी ने सोनौली टेंपो स्टैंड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर नेपाल से आने वाले यात्री वाहनों की जांच की गई। नेपाल जाने-आने की भी जानकारी ली गई। क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया पर्व को लेकर सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर जांच की जा रही है। संवाद

# ससुराल में रह रहे युवक का पोखरे में मिला शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूदलापुर में शनिवार को अपराह्न एक बजे ससुराल में रह रहे ग्राम पंचायत खजुरिया निवासी 22 वर्षीय अमीर का शव ससुराल के पास बौलिया पोखरे में मिला। उसका शरीर पेट के बल आधा पोखरे डूबा था।



**अमीर** (फाइल फोटो)

शव देखकर मृतक के साले अमन ने शोर मचाया। बाद में एक गाड़ी में रखकर पनियरा ले गए। मृतक के खजुरिया घर के पास छोड़कर आ गए।

घटना के संबंध में अमीर के दादा लियाकत अली ने बताया कि उसके पोते का एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। एक साल पहले मामला थाने तक भी गया था। सुलह-समझौते के बाद अमीर हैदराबाद जाकर पेंट-पॉलिश का काम करने लगा।

## 22 अप्रैल को किया था प्रेम विवाह, हैदराबाद में करता था पेंट-पॉलिश का काम

वहां से वापस आने पर बीते 22 अप्रैल को युवती के साथ उसके परिवार वालों ने अमीर का जबरदस्ती निकाह करवा दिया। तभी से वह ससुराल में ही रह रहा था। आज शव मिलने की सूचना पर जैसे ही हम लोग रूदलापुर पहुंचे तो दवा कराने के नाम पर अमीर को लोग पनियरा ले गए। उसके बाद उसके शव को खजुरिया स्थित घर के पास छोड़कर चले गए।

मृतक और युवती दोनों के पिता विदेश कमाने गए हैं।

मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे भाई समीर (18) व जमीर (16) वर्ष हैं। थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# घर में करंट लगने से महिला की मौत

## शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के गांव मटरा धमऊर में शनिवार को प्लग दबाने के दौरान एक महिला करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शव को कब्जे में लेकर पुलिस की जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक, गांव मटरा धमऊर निवासी दीनानाथ की पत्नी कृष्णावती देवी (50) बोर्ड के प्लग को दबाने की कोशिश में अचानक करंट की चपेट में आ गई। महिला की मौत के बाद बच्चे प्रियंका, सुनीता और पिंटू के साथ ही अन्य परिजनों का चीखने-चिल्लाने लगे।

थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार, स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटनास्थल का भी निरीक्षण किया गया है।

# विदेश भेजने का झांसा देकर 1.65 लाख की ठगी, दो पर केस

## भिटौली बाजार के रहने वाले हैं आरोपी, कई किस्तों में ली रकम, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिकारपुर/भिटौली।** क्षेत्र की ग्राम खेम पिपरा निवासी रीतु गुप्ता के पति लल्लन को विदेश भेजने का झांसा देकर 1.65 लाख की ठगी कर ली गई। पीड़िता रीतू की तहरीर पर भिटौली बाजार पुलिस ने शनिवार को आरोपी मोहम्मद रफीक और दिलीप वर्मा के विरुद्ध ठगी, धमकी देने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रीतू गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति विदेश जाने की तैयारी में जुटे थे। तभी उनकी मुलाकात मोहम्मद रफीक और दिलीप वर्मा से हुई। एक दिन दोनों उनके घर पहुंचे और पति को विदेश भेजने का झांसा देकर 1.65 लाख की मांग की। उनकी बातों में आकर 16 अगस्त 2024 को रीतू ने मोहम्मद रफीक के खाते में एसबीआई बैंक के माध्यम से 50 हजार रुपये ट्रांसफर किया।

इसके बाद छह नवंबर 2024 को फोन पे के जरिए 10 हजार रुपये भेजे गए। 15 नवंबर को मोहम्मद रफीक ने लल्लन गुप्ता का एक प्राइवेट अस्पताल में मेडिकल करवाया और उसी दौरान 50 हजार रुपये नकद ले लिए।

### रुपये मांगने पर जान से मारने की दी धमकी

इसके अतिरिक्त 23 नवंबर को फोन पे के माध्यम से पांच हजार रुपये और मंगवाए गए। रीतू ने अपनी शिकायत में बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में बैजनाथपुर, थाना कोतवाली निवासी दिलीप वर्मा ने गारंटर के तौर पर भूमिका निभाई और रुपये दिलवाने में सहयोग किया। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने एक साल से रीतू और उनके पति को विदेश भेजने के नाम पर गुमराह किया। जब रीतू ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने न केवल पैसे लौटाने से इन्कार कर दिया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। रीतू ने बताया कि मोहम्मद रफीक की पत्नी ने भी उनके घर जाकर मारपीट और धमकी दी।

थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि मोहम्मद रफीक और दिलीप वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जमीन हथियाने के लिए तैयार किया फर्जी निकाहनामा, केस

**महराजगंज।** थाना कोल्हुई क्षेत्र की ग्राम खरहरवा की आमिना खातून और सालेहा खातून ने न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा के समक्ष प्रार्थनापत्र दाखिल किया है। प्रार्थना पत्र में उन्होंने सलाहुद्दीन, राशिदा खातून, इरशाद अहमद, अब्दुल मन्नान, शमशेर अहमद और फजरुर्रहमान पर फर्जी निकाहनामा तैयार करने, धमकी देने और मानहानि का आरोप लगाया है।

प्रार्थनापत्र धारा 174 (3) बीएनएसएस के तहत दायर किया गया है। कोल्हुई पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। प्रार्थनापत्र के अनुसार, आमिना खातून पत्नी स्वर्गीय मो. अली और सालेहा खातून पत्नी इसरार अहमद ग्राम खरहरवा की निवासी हैं। आमिना ने बताया कि राशिदा खातून के साथ उनकी जमीन संबंधी विवाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं। विवाद के बीच, राशिदा खातून ने एक फर्जी निकाहनामा प्रस्तुत किया, जिसमें दावा किया गया कि आमिना का निकाह तीन सितंबर 2019 को सलाहुद्दीन के साथ हुआ था। आमिना ने इस निकाहनामे को फर्जी और कूटरचित करार देते हुए कहा कि उनका निकाह मो. अली से हुआ था और वे उनकी विधवा हैं।

### कोल्हुई क्षेत्र के ग्राम खरहरवा का मामला

निकाहनामे में गवाह के रूप में अब्दुल मन्नान और शमशेर अहमद के नाम दर्ज हैं जो राशिदा खातून के रिश्तेदार बताए गए हैं। इसके अलावा, निकाहनामे में चिनगुद का नाम उल्लेखित है, जिनकी मृत्यु 14 फरवरी 2011 को हो चुकी थी। इसे साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह फर्जी दस्तावेज उनकी संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से बनाया गया है। आमिना ने बताया कि उनके पति मो. अली की मृत्यु के बाद 15 अक्तूबर 2019 को उनकी संपत्ति का वारिसाना हो चुका था। कोल्हुई थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र की ग्राम पैसिया उर्फ कोनघुसरी निवासी महेंद्र भारती ने थाने में तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि 31 जुलाई की रात करीब 8 बजे वह कौलही स्थित अपने ससुराल से घर आ रहे थे। बैजनाथ उर्फ चरका स्थित सिवान में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और उन्हें व उनके भाई प्रदीप को गाली देते हुए पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि आरोपी मकसूद निवासी बैजनाथ उर्फ चरका, आफताब, असलम व हमीदुन निवासी ग्राम पैसिया उर्फ कोनघुसरी के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**महराजगंज।** त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शनिवार को निचलौल थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, स्टोर रूम, बैरक, शस्त्रागार, कारागार का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से थाने की व्यवस्थाओं और सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। पुलिसकर्मियों को सतर्कता, अनुशासन, स्वच्छता और त्योहारी सीजन के दौरान शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण संवेदनशीलता और सजगता के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया। बीट आरक्षी और मुख्य आरक्षी को अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। संवाद

# दादी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

## घुघली इलाके का मामला जमीन बेचने से मना करने पर की थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

घुघली। शुक्रवार की सुबह हरखपुरा गांव में दादी की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को बेलवा टीकर स्थित नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद में पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताया गया कि 22 वर्षीय विष्णु चौहान को शराब पीने की लत है। उसने जमीन बेचने से मना करने पर अपनी दादी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी भाग गया था। मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी।

जानकारी के अनुसार, विष्णु चौहान नासिक में पेंट-पॉलिश का काम करता है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी अपने बाबा और पिता के मरने के बाद अकेला हो गया। कुछ समय बाद आरोपी की मां की भी किसी गंभीर बीमारी से मौत हो गई। इसके बाद दादी शनिचरा देवी की देखरेख करता था।

कभी कभी बाहर जाकर कमाना और शराब पीना उसकी आदत बन गई थी। जब भी वह घर पर आता तो दादी को मारता पीटता रहता था। कुछ दिनों से दादी पर 20 डिसमिल जमीन बेचने का दबाव बना रहा था। शुक्रवार को आरोपी ने शराब पीकर रात भर घर में बवाल करते हुए दादी को खूब मारा पीटा, जिससे वह बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोपी का तांडव देख स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी।

पुलिस उसके घर पर जब तक पहुंची, आरोपी अपनी दादी शनिचरा देवी को पीटकर अधमरा कर दिया था। पुलिस गंभीर रूप से घायल शनिचरा देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली ले आई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जांच रिपोर्ट में गंभीर चोटों से मौत होने की पुष्टि हुई है।

मृतका के पुत्र ओमप्रकाश चौहान की तहरीर पर पुलिस ने हत्या सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार आरापी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही थी। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025

# वीडियो वायरल करने से रोका तो दी जाति सूचक गालियां, केस

**बस्ती।** संत रविदास जयंती के दौरान डांस कर रही बच्चियों का विपक्षी द्वारा चुपके से वीडियों बनाकर उसमें अश्लील गाना एडिट करके सोशल मीडिया पर डाल दिया गया। जिसका विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर मुण्डेरवा पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में शिकायत करते हुए राजमन भारती पुत्र श्रीराम निवासी बेहिल थाना मुण्डेरवा ने बताया कि बीते 13 फरवरी की शाम करीब 5 बजे रविदास जयन्ती के उपलक्ष्य में संत रविदास का जुलूस निकाला गया था। जिसमें गांव समाज के बच्चियां डांस कर रही थी। इस दौरान कुछ लोगो द्वारा बुद्ध विहार के पास बच्चियो के डांस और वीडियो चुपके से बना लिया और अश्लील गाने के साथ वीडियों को एडिट करके राकेश मौर्या के फेसबुक आईडी पर वायरल किया गया। जब राकेश मौर्या के पास जाकर उसे समझाया गया और ऐसा करने से रोका गया तो उस समय उसने अपनी आईडी से वीडियों को हटा दिया लेकिन एक दूसरी इस्टाग्राम आईडी रानी पाण्डेय 018 से पुनः उन्ही बच्चियो का कुछ वीडियो ऐड कर वायरल कर दिया गया।

# विवादित जमीन पर कार्य कराने से रोका तो दी गाली

**बस्ती (एसएनबी)।** न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद विवादित जमीन पर विपक्षीगणो द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। धरमपुर गांव स्थित गाटा संख्या 346 जिसका वाद वारिस अली तथा नासिर का मामला न्यायालय में चल रहा था। उक्त भूमि पर प्रकरण के निस्तारण होने तक किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप वर्जित था। लेकिन विपक्षी नासिर तथा उसके परिवार वालो द्वारा जबरन शौचालय निर्माण का कार्य कराया जाने लगा। जिसका वारिस अली ने विरोध किया तो उसे गाली व धमकी दी गयी तथा मारने के लिए अमादा हो गये। मामले में पीड़ित वारिस अली पुत्र इम्तिजा निवासी धरमपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नासिर पुत्र इस्तबा, महमूद पुत्र इस्तबा, अली अहमद पुत्र रमजान, कैराज अहमद पुत्र नियाज निवासगण धरमपुर थाना परसरामपुर के विरूद्ध धारा 131, 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दीवार गिराने से रोका तो कर दी पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** निर्माणाधीन दीवाल को गिराने से रोकने पर एक महिला को विपक्षी द्वारा गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए मारापीटा गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। रिक्खीपुर गांव की रहने वाली सूर्यमुखी अपने हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण का कार्य करा रही थी। करीब 5 फुट ऊंचा दीवाल चल चुका था। लेकिन विपक्षी अतुल द्वारा आकर कार्य करने वाले मिस्त्री व लेबरो को धमका कर भगा दिया और दीवाल को गिराने लगे। रोकने पर सूर्यमुखी को गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारापीटा गया। मामले में पीड़िता सूर्यमुखी पत्नी राजनरायन निवासिनी रिक्खीपुर न्यायालय की शरण में पहुंची और न्याय की गुहार लगायी। जिसपर न्यायालय के आदेश से थाना परसरामपुर की पुलिस ने आरोपी अतुल पुत्र राज नरायन निवासी रिक्खीपुर के विरूद्ध धारा 324(4), 131, 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आधा दर्जन चोरियों से ग्रामीणो में दहशत

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में हो रही ताबड़तोड़ चारियों से क्षेत्र की आम जनता में अपने माल की सुरक्षा को लेकर दहशत फैला हुआ है। इन दिनों चोरो की निगाहे मोटर साइकिल और सड़को के अगल बगल पार्किंग हुए बड़े वाहनों के डीजलो पर है। पुलिस की सतर्कता व गश्ती से बेखौफ चोर हर दिन एक नये चोरी को अंजाम दे रहे है और स्थानीय सुराग तक नही लगा पा रही है। जिले के पुरानी बस्ती, नगर, कोतवाली थाने पर बाइक तथा डीजल चोरी के करीब आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत किये गये है। कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना देकर पीड़ित जनार्दन प्रसाद शुक्ल पुत्र प्रेमनरायण निवासी भरवलिया शुक्ल थाना कप्तानगंज ने बताया कि उसने अपनी बाइक सख्या यूपी 51 एक्यू/ 9301 को कचहरी गेट के सामने खड़ा किया हुआ था। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में पुलिस  ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से  कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत पर पीड़ित रमेश कुमार पुत्र रामसहाय निवासी कैनपुरा डमरुआजगंल थाना वाल्टरगंज ने बताया कि वह जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 61 एएम/ 1502 को खड़ी किया हुआ था। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कुछ पता नही चला। वहीं ठाकुर कुमार पुत्र वीरेन्द्र चौहान निवासी अकेला कुबेरपुर पोस्ट गोनार थाना लालगंज ने बताया कि विकास भवन में आवश्यक कार्य से आने के दौरान उन्होंने अपनी बाइक संख्या यूपी 51 एएस/ 3575 को खड़ी कर दिया था।

# ट्रक से डीजल की चोरी, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** गैराज के सामने खड़ी ट्रक से अज्ञात चोर द्वारा डीजल की चोरी कर लिया गया। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र अन्तर्गत सबदेइया स्थित विक्रम चौधरी के बाडी गैराज पर धर्मेन्द्र कुमार अपनी ट्रको को खड़ा किया था। जिसमें से रात को अज्ञात चोरो द्वारा करीब 400 लीटर डीजल की चोरी कर लिया। इसी प्रकार से जायका ढाबा के सामने खड़ी इन्द्रसेन चौधरी पुत्र राम मिलन चौधरी निवासी सेल्हरा थाना लालगंज के वाहन संख्या यूपी 51 बीटी/ 7416 व बीआर 03 जीसी/ 1876 से भी करीब 400 लीटर डीजल की चोरी की गयी। मामले में पीड़ित धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्याम नारायण निवासी चौबाह थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहूभोज कार्यक्रम के दौरान मारपीट, कोर्ट केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थाना क्षेत्र के सिसवा बुजुर्ग गांव निवासी रौनक दूवे उर्फ देवेश दूबे पुत्र शेष प्रसाद दूबे ने न्यायालय में अर्जी लगाते हुए बताया कि बीते 18 अप्रैल को बहूभोज के कार्यक्रम में आये राजू उर्फ गोमती मिश्रा, दद मिश्रा उर्फ प्रिन्स, शिवम मिश्रा, जय मिश्रा, सोनू साहित अन्य कई लोगो से उसका विवाद हो गया। जिसके बाद अभियुक्तो ने उसे तथा उसके परिवार को गालियां देते हुए घर में घुसकर मारापीटा, जिसमें परिवार के कई सदस्यों को गम्भीर चोट आयी और वह बेहोश होकर गिर गये। मामले में न्यायालय के आदेश पर सोनहा थाने की पुलिस ने आरोपी शुभम मिश्रा पुत्र गोमती मिश्रा, राजू उर्फ गोमती मिश्रा पुत्र लाल मोहन, दद्दन मिश्रा उर्फ प्रिन्स पुत्र राजू मिश्रा, शिवम मिश्रा पुत्र गोमती मिश्रा, जय मिश्रा पुत्र भीमसेन मिश्रा, सोनू मिश्रा पुत्र उग्रसेन मिश्रा, सौरभ मिश्रा पुत्र कमला प्रसाद मिश्रा निवासीगण सिसवा बुजुर्ग थाना सोनहा व पांच से छह अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 191(2), 115(2), 351(3), 352, 333, 110 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकला जुलूस

**बस्ती (एसएनबी)।** विश्व आदिवासी दिवस पर आगामी शनिवार को जिला अस्पताल चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया



ज्ञापन देते अखिल भारत वर्षीय गोड़ महासभा के पदाधिकारीगण।

जाएगा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि बस्ती मण्डल मुख्यालय पर महारानी दुर्गावती, भगवान विरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापित कराये जाने, शासनादेश के अनुरूप अनुसूचित जन जाति का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जाने आदि की मांग शामिल है।

अखिल भारत वर्षीय गोड़ महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम लला गोंड के नेतृत्व में निकाले गये जुलूस और ज्ञापन देने वालों में बड़ी संख्या में गोड़ महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन देने के बाद राम लला गोंड ने कहा कि आदिवासी जमीन के लिए आज भी संघर्ष कर रहा है, विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है, साथ ही गैरकानूनी तरीके से भी उनके जमीन पर कब्जा हो रहा है। सच्चाई यह है कि अगर जमीन नहीं होगी, तो आदिवासी नहीं रहेगा और न ही उनकी सभ्यता और संस्कृति रहेगी। आदिवासी समाज के अधिकार, जल, जंगल, जमीन की रक्षा होने के साथ ही उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इस दिशा में संघर्ष जारी रहेगा। जुलूस और ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से गोंड महेश चन्द्रवंशी, गुड्डू कुमार गोंड, सचिन कुमार, शुभम, अरूण, अमित, प्रमोद, दयाराम, आकाश, आशुतोष, चन्द्रभान, दुर्गेश, उमेश, रामचन्द्र, शिव प्रसाद, रामानन्द, जगराम, रूद्र प्रताप, विकास, उमाकान्त, जय, अंकित, हरीराम, रामपत, मनिराम, अंशिका, सुभावती, गीता के साथ ही गोड़ जन जाति समाज के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वारंटी को गिरफ्तार करने गयी पुलिस से धक्का मुक्की

**बस्ती (एसएनबी)।** पाक्सो एक्ट साहित अन्य मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी का वांरट जारी होने के बाद पहुंची वाल्टरगंज पुलिस से अभियुक्त के परिवार वालो ने धक्का मुक्की करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया। जिसका फायदा उठाकर अभियुक्त फरार हो गया। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत जमदाशाही निवासी आमिर साहित हकीकुल्लाह, नूरजहां, गुड़िया के विरूद्ध थाना वाल्टरगंज पर 64(2)(एम), 115(2), 351(2), 352 बीएनएस व 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी कर रहे थे। अभियुक्त आमिर पुत्र हकीकुल्लाह के विरूद्ध न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश/ विशेष न्यायधीश अनन्य न्यायालय (पाक्सो एक्ट) द्वारा गिरफ्तारी हेतु व अजमानतीय वारण्ट बीते 29 जुलाई को जारी किया गया था। जिसके अनुपालन में आमिर की गिरफ्तारी के लिए पुरूष व महिला पुलिस बल जमदाशाही पहुंची थी। लेकिन जैसे ही आमिर की गिरफ्तार का प्रयास किया गया तो घर वालो द्वारा पुलिस के लोगो से उलझ गये और धक्का मुक्की करते हुए कार्य सरकार मे बाधा डालने लगे। इस दौरान थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी तथा आरक्षी देवेन्द्र यादव का नेम प्लेट नोच लिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी से बचाने के लिए उसके परिवार वालो द्वारा पुलिस को गालियां व जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसका फायदा उठाकर अभियुक्त आमित बरामदा से घर के अन्दर गया और फरार हो गया। मामले में थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी की तहरीर पर आरोपी आमिर पुत्र हकीकुल्लाह, नूरजहा पत्नी हकीकुल्लाह, गुड़िया पुत्री हकीकुल्लाह, हकीकुल्लाह पुत्र किताबुल्लाह, मोहम्मद आसिफ पुत्र हकीकुल्लाह, जैबुल्लाह पुत्र हकीकुल्लाह निवासीगण जमदाशाही थाना वाल्टरगंज व 3 से 4 अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 191(2), 190, 132, 352, 324(2), 253(बी) बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## डेढ़ दर्जन बकरियों की मौत, दो दर्जन बीमार

**दुबौलिया।** ब्लॉक क्षेत्र के खुशहालगंज गांव में बीमारी की चपेट में आने से एक दर्जन बकरियों की मौत हो गई। वहीं करीब दो दर्जन से अधिक बकरियां बीमार हैं, जिससे पशुपालकों में दहशत है। खुशहालगंज गांव निवासी शाह मोहम्मद की दो, जुम्मन की दो, मुख्तार की तीन, सलाहुद्दीन की एक, दीन मोहम्मद की एक, अफजल की दो, मुन्नौवर अली, अदालत की एक, सलाहुद्दीन की दो सहित अन्य पशुपालकों की करीब डेढ़ दर्जन बकरियों की मौत दो दिनों के भीतर हो चुकी है। पशु चिकित्सक को सूचना देने के बावजूद कोई देखने तक नहीं आया। इसी संबंध में पशुचिकित्साधिकारी चिलमा अजय गौड़ ने बताया कि पशुपालक अस्पताल में आकर दवाएं ले सकते हैं।

## आमने-सामने दो कार की भिड़ंत, चालक गंभीर

**घघौवा।** छावनी क्षेत्र के विक्रमजोत धुसैनिया रजवापुर सम्पर्क मार्ग पर अमोलीपुर नहर पुल के मोड़ पर शनिवार की दोपहर में दो कार अर्टिका और वैगनआर आमने-सामने टकरा गई। इस घटना में परसरामपुर थानाक्षेत्र के मेढैयाशुक्ल गांव निवासी वैगनआर कार सवार संदन कुमार शुक्ल (50) घायल हो गए। राहगीरों ने कार सवार को निजी वाहन से सीएचसी विक्रमजोत पहुंचाया गया। चिकित्सक ने घायल को गंभीर देख मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। वहीं अर्टिगा कार सवार को छावनी पुलिस ने विक्रमजोत अंडरपास के पास उसे पकड़ लिया। इस संबंध में प्रभारी चौकी इंचार्ज कमलेश यादव ने बताया कि दो गाड़ियां कब्जे में हैं, दोनों के चालकों का इलाज चल रहा है।

## हर्रैया क्षेत्र में तीन हादसों में तीन लोग घायल

**हर्रैया।** जगदीशपुर निवासी सूरज पुत्र सीताराम (27) बाइक से हर्रैया आ रहे थे। भदावल नहर सड़क पर सामने से आ रही बाइक की साइड लगने से घायल हो गए। दूसरी घटना शनिवार शाम चार बजे हर्रैया थाना के बेलाडे हरदिया मोड़ की है। मेंघनाथ चौधरी (40) वर्ष बाइक से रिश्तेदारी से आ रहे थे कि सामने से आ रही बाइक की भिडंत में घायल हो गए। तीसरी घटना हर्रैया थानाक्षेत्र के धनेवा गांव के पास की है। रुधौली क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासिनी ज्योति (45) वर्ष बाइक से धनिया गांव आ रही थीं। बाइक फिसलने से घायल हो गई।

## अज्ञात कारणों से घायल अवस्था में मिला युवक

**साऊंघाट।** मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत दसौती निवासी जगराम पुत्र (40) स्व. विश्वनाथ जो किसी काम से बस्ती शहर जा रहे थे। शहर जाते समय जैसे हड़िया सर्विस रोड के डिवाडर के पास पहुंचे ही थे कि सर्विस रोड पर अज्ञात कारणों से घायल होकर बीच सड़क पर गिरे पड़े थे। इस युवक को सड़क पर पड़ा देखकर राहगीरों ने इसकी सूचना हड़िया पुलिस चौकी पर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## रिटायर्ड मेट की इलाज के दौरान गई जान

**रुधौली।** नगर पंचायत रुधौली के शहीद शिवगुलाम सिंह वार्ड निवासी रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी के मेट रामअजोर चौरसिया का मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। रामअजोर चौरसिया बुधवार सुबह अपना खेत देखने गए थे। वहां से वापस घर जा रहे थे। तहसील के निकट कार ने उन्हें ठोकर मार दिया। पुलिस ने उन्हें सीएचसी रुधौली में भर्ती कराया करवाया था। गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

## गैस सिलेंडर से लगी आग, झोपड़ी जली

**कप्तानगंज।** दुबौला चौकी अंतर्गत सिंगोरिया गांव में हृदयराम की झोपड़ी में गैस सिलेंडर से आग लग गई। हृदयराम झोपड़ी में एक छोटी सी दुकान चलाने के साथ परिवार संग रहते भी थे। आग लगने से दुकान में रखा सामान सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम पहुंची। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। चौकी इंचार्ज दुबौला राकेश मिश्रा ने बताया की झोपड़ी में आग लगने से सारा सामान जल गया।

## हाईवे पर लूट करने वाले छह बदमाश गिरफ्तार

**बस्ती।** गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर बस्ती, गोंडा, अयोध्या और बाराबंकी तक लूट व चोरी करने वाले अंतरजनपदीय चोर गैंग का छावनी पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग सरगना समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लूट व चोरी के सामान बरामद किए हैं। ➤ ब्योरा P03

## निर्माण कार्य रोकने पर धमकाया, केस

**बस्ती।** परसरामपुर पुलिस ने धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। धरमपुर निवासी वारिस अली ने तहरीर देकर बताया है कि उनके एक गाटा संख्या का मामला न्यायालय में चल रहा है। विपक्षी जबरन शौचालय का निर्माण करा रहे हैं। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने धरमपुर निवासी नासिर, महमूद, अली अहमद और कैराज अहमद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बस्ती।** परसरामपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। इसी गांव की सूर्यमुखी देवी ने तहरीर देकर बताया है कि उनके पुराने नींव पर अपने हिस्से की जमीन पर लगभग 15 दिनों से मकान का कार्य चल रहा था। विपक्षियों ने मजदूरों को धमका कर भगा दिया और दीवार गिराने लगे। रोकने पर अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ाया। दो फिट जमीन उजाड़ दी और धमकाया। प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव के अतुल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट कर दी धमकी, तीन लोगों पर केस दर्ज

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने मारपीट की घटना में केस दर्ज किया है। कप्तानगंज के मरवटिया तिवारी निवासी अनीता देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों का मुर्गा उनके घर में घुसकर गंदगी फैला रहा था। यह देख उन्होंने ऐसा करने से मना किया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के करन, प्रानमती और क्रान्ती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में घायल की मौत मामले में मुकदमा

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत मामले में केस दर्ज किया है। इसीक्षेत्र के रमवापुर निवासी गोपाल राजभर ने बताया कि उनकी मां एक ब्रह्मभोज में पैदल जा रही थी। गांव के पास रामजानकी मार्ग पर एक वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। गंभीर हालत में सीएचसी हर्रैया भिजवाया गया। मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मारपीट व अन्य धाराओं में चार के खिलाफ केस

**सल्टौआ।** सोनहा पुलिस ने रंजिश को लेकर मारपीट मामले में चार पर केस दर्ज किया है। क्षेत्र के बनरही जंगल गांव निवासी दीपचन्द्र( दीपू) पुत्र छोटई के मुताबिक शनिवार सुबह 10 बजे रंजिश को लेकर गांव के श्याम सुन्दर उर्फ डब्लू, राम सूरत उर्फ लीली बब्लू व भुईलोटन ने रास्ते में जाते समय रोककर जान से मारने की धमकी दिया। प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद ने बतायाचार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बाइक की ठोकर से महिला घायल, अस्पताल में भर्ती

**सल्टौआ।** सोनहा थानाक्षेत्र के औड़जंगल टोला सूरजूपुर गांव के पास सड़क किनारे बकरी चरा रही महिला बाइक की ठोकर से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए पीएचसी सल्टौआ ले गए। जहां चिकित्सक ने घायल महिला की हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गांव निवासिनी जयराजी (60) गांव के किनारे शनिवार की दोपहर में बकरी चरा रही थी तभी सामने से आ रहा बाइक सवार ठोकर मार दिया।

# मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस

**हरैंया।** थानाक्षेत्र के बिहरा गांव में डेढ़ माह पूर्व बिजली का केबल जोड़ने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बिहरा गांव निवासिनी भारती पत्नी मनोज ने वाद दायर कर बताया कि ओमप्रकाश शुक्ला से भूमि विवाद है। पीड़िता के दरवाजे पर एक ट्रांसफॉर्मर लगा है। ओमप्रकाश अवैध केबल जोड़कर अपने ढाबे में बिजली जलाते हैं। 21 जून को आद्या प्रसाद, ओमप्रकाश, अंजनी प्रसाद निवासी रजौली और अरुण निवासी धर्मपुर थाना परशुरामपुर ढाबे के लिए अवैध बिजली का कनेक्शन जोड़ने लगे। मना करने आरोपियों ने लाठी-डंडे से पिटाई की। हरैंया पुलिस ने आरोपी आद्या प्रसाद, ओमप्रकाश, अंजनी और अरुण कुमार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संबंध में हरैंया थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### अंतरजनपदीय गैंग का छावनी पुलिस ने किया खुलासा, बस्ती, अयोध्या, गोंडा और बाराबंकी में वारदात को दे चुके हैं अंजाम

# हाईवे पर लूट मामले में छह आरोपित गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**बस्ती, निज संवाददाता।** हाईवे पर बस्ती, गोंडा, अयोध्या और बाराबंकी तक लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरजनपदीय गैंग का छावनी पुलिस ने खुलासा किया है। इस गैंग के सरगना समेत छह लोगों को टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लूट व चोरी के 12 मोबाइल, बाइक, नकद समेत अन्य सामान के साथ घटना में प्रयुक्त की जाने वाली कार को बरामद कर लिया है। इस गैंग के सभी सदस्य अयोध्या जिले के रहने वाले हैं।

एसपी अभिनंदन ने शनिवार को बताया कि यह गैंग अयोध्या व आसपास हाईवे पर सवारी का इंतजार कर रहे लोगों को निशाना बनाता है। उनका सामान लूटने के बाद फेंककर भाग जाते हैं। इनके खिलाफ बस्ती, अयोध्या, गोण्डा व बाराबंकी में लूट, चोरी के केस दर्ज हैं। 23 जुलाई को एक व्यक्ति को अयोध्या से गोरखपुर छोड़ने के नाम पर कार में बैठा लिया और लूटपाट कर उसे छावनी में फेंककर भाग गए थे। मुखबिर की सटीक सूचना पर टीम ने छावनी पुलिस ने खतमसराय के पास छह आरोपितों को दबोच लिया।



पुलिस लाइन में शनिवार को अंतरजनपदीय गैंग का खुलासा करते एसपी अभिनंदन।

एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में दिलीप मौर्या निवासी पाठक का पुरवा दशरथकुण्ड थाना कोतवाली अयोध्या गैंग का लीडर है। उसके साथी अजय निवासी देवकाली ककरहवा थाना कोतवाली अयोध्या, कृष्णा यादव निवासी रामपुर भगन थाना बीकापुर पुराकलन्दर अयोध्या, रिशु कुमार निवासी सनेथू थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या, हर्षित श्रीवास्तव निवासी श्रीरामपुरम कालोनी देवकाली बाइपास थाना कोतवाली अयोध्या और सौरभ निवासी दर्शननगर कुसमहा थाना दर्शननगर अयोध्या को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने धरपकड़ करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। प्रेसवार्ता में एएसपी ओपी सिंह, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ हरैंया संजय सिंह, सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह मौजूद रहीं।


**इस टीम ने की धरपकड़ :** गिरफ्तार करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। टीम की अगुवाई थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद ने की। प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, थाने के एसआई विंध्याचल प्रसाद, श्याम सुन्दर, श्रीहरि राय, हेड कांस्टेबल देवेश यादव, सत्येन्द्र सिंह, विनोद कुमार यादव, जितेन्द्र मौर्या, रमाकान्तधर दूबे, कांस्टेबल उपेन्द्र यादव, केशव यादव, संजय यादव, मुकेश यादव, राजू गुप्ता, संतोष यादव शामिल रहे।

### कार से लूट की घटनाएं करते थे गिरोह के सदस्य

गैंग लीडर दिलीप मौर्या ने बताया कि लूट करने के लिए तीन माह पूर्व कार खरीदी थी। जान बूझकर कार पर नंबर प्लेट नहीं लगाता हूं। अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर अपनी कार लगाकर अकेले यात्रियों को झांसे में लेते थे। यात्री को गाड़ी में बैठाने के बाद सूनसान जगह पर लूटने के बाद छोड़कर देते थे। आरोपी ने बताया कि 23 जुलाई को विक्रमजीत में भी लूट किया था।

### 13 दिनों में छह लोगों को बनाया निशाना

इस गैंग ने बस्ती में घटना को अंजाम देने के बाद अयोध्या, गोंडा और बाराबंकी में छह घटनाएं कर डाली। आरोपितों ने बताया कि 26 जुलाई की रात में अयोध्या के पास स्थित ढाबे के सामने गाड़ी को चुराया था। 28 जुलाई की रात अयोध्या नाका बाईपास पर एक व्यक्ति को गाड़ी में बैठा नकदी और सामान लेकर भाग निकले थे। चार अगस्त को एक व्यक्ति अयोध्या सहादतगंज बाईपास पर कार में बैठा उसका मोबाइल आदि लूटने के बाद अहमदपुर थाना जैदपुर बाराबंकी में उतार कर भाग निकले। 28 जुलाई की रात सोहावल ब्रिज रौनाही अयोध्या में दूध बेचने वाले से मोबाइल छीना था। तीन अगस्त को कामता चौराहा लखनऊ के सवारी बैठा कर मोबाइल व पैसा छीन लिया था।



# राखी बांधने जा रही किशोरी की हादसे में मौत

**कोहराम**

- दुबौलिया थानाक्षेत्र के शुक्लपुरा के पास शनिवार को हुआ हादसा
- स्कूटी चला रहा स्कूटी ममेरे भाई गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**दुबौलिया (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** रामजानकी मार्ग पर दुबौलिया थानाक्षेत्र के शुकुलपुरा के पास शनिवार शाम भाई को राखी बांधने जा रही किशोरी की हादसे में मौत हो गई। वह अपने ममेरे भाई के साथ स्कूटी से राखी बांधने के लिए रिश्तेदारी में जा रही थी। हादसे में स्कूटी चला रहे उसके ममेरे भाई को भी गंभीर चोट आई है। सीएचसी से उसे जिला अस्पताल के लिए चिकित्सक ने रेफर कर दिया है।

लालगंज थानाक्षेत्र के बाघापार निवासी रामवृक्ष अपने परिवार के साथ नेवासे पर कलवारी थानाक्षेत्र के बेलवाडाड़ में रहते हैं। उनकी बेटी प्रियांशी (16) अपने ममेरे भाई अभिषेक पुत्र रविंद्र के साथ शनिवार को स्कूटी से इसी थानाक्षेत्र के भिउरा में रिश्तेदार के घर राखी बांधने जा रही थीं। बताया जा रहा है कि शाम करीब साढ़े पांच बजे थानाक्षेत्र के शुकुलपुरा के पास एक बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में प्रियांशी और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी कप्तानगंज भिजवाया गया।

यहां पहुंचते ही चिकित्सक ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अभिषेक को गंभीर चोट लगने के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। हादसे की सूचना पाकर मृतका प्रियांशी का भाई कुंवर चंद्र भी अस्पताल पहुंच गया। हादसे की सूचना परिवार में पहुंची तो कोहराम मच गया। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# महिलाओं को पीटने वाले पांच पर केस

**बभनान।** चारा काटने की मशीन और इंजन बेचने की बात को लेकर शुरू हुए विवाद पर दबंगों ने महिलाओं को पीटकर लहुलुहान किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन माह बाद पांच नामजद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। गौर क्षेत्र के हलुआ मंडिलवा गांव निवासी विमला देवी पत्नी रामलाल ने न्यायालय में दायर याचिका में बताया है कि मेरे पति दिल्ली रहते हैं। 27 अप्रैल को गौर थानाक्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी राममिलन मेरी चारा मशीन और इंजन लेकर जाने लगे। मना करने पर सुमेसर उर्फ गुड्डर, रीना, कन्हैया, विकास और राममिलन पीटने लगे। बीचबचाव में एक बेटी का सिर और दूसरी का हाथ तोड़ दिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# रानी दुर्गावती की प्रतिमा लगाने को निकाला जुलूस



शनिवार को जिला अस्पताल चौराहे से कलक्ट्रेट तक प्रदर्शन करते संगठन के लोग।

**बस्ती।** विश्व आदिवासी दिवस पर जिला अस्पताल चौराहे से डीएम कार्यालय तक जुलूस निकाला गया। इसके बाद डीएम को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई। ज्ञापन में मांग किया गया है कि बस्ती मंडल मुख्यालय पर महारानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापित कराये जाने, शासनादेश के अनुरूप अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए जाने आदि की मांग शामिल है।

अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलला गोंड के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस और ज्ञापन देने वालों में काफी संख्या में गोंड महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन देने के बाद रामलला गोंड ने कहा कि आदिवासी जमीन के लिए आज भी संघर्ष कर रहा है, विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। साथ ही गैरकानूनी तरीके से भी उनके जमीन पर कब्जा हो रहा है। सच्चाई यह है कि अगर जमीन नहीं होगी, तो आदिवासी नहीं रहेगा और न ही उनकी सभ्यता और संस्कृति बचेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में महेश चन्द्रवंशी, गुड्डू गोंड, सचिन कुमार, शुभम, अरुण, अमित, प्रमोद, दयाराम, आकाश, आशुतोष, चन्द्रभान, दुर्गेश, उमेश, रामचन्द्र, शिव प्रसाद, रामानन्द, जगराम, रूद्र प्रताप, विकास, अंशिका, सुभावती, गीता के साथ ही कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शुभ मुहूर्त में राखी बांधने के लिए भाइयों के घर पहुंचीं बहनें, तिलक और आरती के साथ राखी बांधकर खिलाई मिठाई

# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधा स्नेह का बंधन

**त्योहार**

**बस्ती, निज संवाददाता।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शनिवार को बहनों ने प्यार और विश्वास की डोर अपने भाइयों की कलाई पर बांधी। भाइयों के दीर्घायु और खुशहाली की मंगलकामना की। वहीं भाइयों ने भी जीवनभर उनकी सुरक्षा और राखी के बंधन को निभाने का वचन दिया। साथ उपहार देकर बहनों का आशीष प्राप्त किया। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने सफाई-कर्मियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया।

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को पूर्णिमा दोपहर एक बजकर 24 मिनट तक होने के कारण इसके पहले ही अधिकतर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी। इस बार भद्रा न होने के कारण कई बहनों ने भाई के माथे पर लाल तिलक कर प्यार की डोर से उनकी कलाई सजा दी। बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर ईश्वर से अपने भाई के लिए लंबी उम्र और उसके परिवार की खुशहाली की दुआएं मांगी। जिले के हर्रैया, कप्तानगंज, छावनी, परसरामपुर, नगर, मुंडेरवा, भानपुर, सल्टौआ, मुंडेरवा, महादेवा, दुबौलिया, कुदरहा, गौर, बभनान, दुबौलिया, कुदरहा, सायपुर, बनकटी समेत सभी क्षेत्रों में रक्षाबंधन पर्व की धूम दिखी। राखी बंधवाने के साथ भाइयों ने बहनों को जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन दिया। साथ ही उन्हें उपहार भेंट किए। पूरे दिन उल्लास भरे माहौल में बहनें भाइयों की कलाई पर राखी सजाती रहीं। दुकानों पर रक्षाबंधन के गाने भी सुनाई दिए तो मिठाई की दुकानों पर पूरे दिन ग्राहकों की भीड़ दिखी।


शनिवार को पुलिस लाइन में डीएम को राखी बांधती छात्रा, साथ में एसपी अभिनंदन।

### मंदिरों में हुआ पूजन-अर्चन, बांधी गई राखियां

रक्षाबंधन पर शहर के मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए लोगों की अधिक भीड़ रही। कई बहनों और भाइयों ने राखी बांधने और बंधवाने से पहले मंदिर में जाकर देवी-देवताओं के दर्शन किए। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की और भगवान से एक-दूसरे के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। गांधीनगर हनुमानगढ़ी, गायत्री मंदिर, कंपनीबाग शिवमंदिर, केडीसी स्थित दुर्गा मंदिर, ब्लॉकडीहा स्थित दुर्गा मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में सुबह के वक्त भीड़ दिखी।

### पुलिस लाइन में डीएम-एसपी ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

पुलिस लाइन में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। डीएम रवीश गुप्ता, एसपी अभिनंदन को विभिन्न स्कूलों से आई छात्राओं व स्काउट गाइड की छात्राओं ने राखी बांधी। डीएम-एसपी के अलावा एएसपी ओपी सिंह, सभी सर्किल के सीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रिक्रूट आरक्षियों की कलाई पर भी राखी बांधी। महिला पुलिसकर्मियों एवं पुलिस परिवार के बच्चियों व बहनों ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डीएम ने कहा कि बस्ती पुलिस द्वारा बहुत अच्छी पहल की गई है। इससे न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती मिलेगी। एसपी ने कहा कि पुलिस कर्मी अपने परिवार से दूर रहकर सभी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराते हैं। स्कूली छात्राओं को उपहार भी दिए गए।


शनिवार को जेल पहुंचकर बहनों ने यहां निरुद्ध अपने भाइयों को राखी बांधी।

### जेल में भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं बहनें

जिला जेल परिसर में बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए शनिवार को पहुंचीं। जेल गेट पर कतार लगाकर भाई से मुलाकात का इंतजार किया। रक्षाबंधन के दिन मुलाकात के लिए 375 बहनों ने अपने भाई से मिलने पहुंचीं। जेल में निरुद्ध 253 पुरुष बंदियों ने अपनी बहनों से राखी बंधवाई। बहन-भाई का जेल पर मिलन काफी मार्मिक दिखा। नम आंखों व खुशी के साथ बहनों ने भाई के कलाई पर राखी बांधी।

# महादेवा चौराहे पर लगा जाम, फंसीं तीन एंबुलेंस

**पाकरडाड़/महादेवा।** लालगंज क्षेत्र के महादेवा चौराहे पर शनिवार सुबह 9:30 बजे के बाद जाम लग गया। हालत यह थी कि चौराहे की चारों सड़क पर लगभग दो किमी लंबा जाम लगा रहा। जाम में तीन एंबुलेंस भी फंस गई थीं। एंबुलेंस में मौजूद मरीज व उनके तीमारदार परेशान नजर आए। भीषण जाम के सामने पुलिस भी बेबस रही। चौकी इंचार्ज महादेवा दुर्गाप्रसाद जाम खुलवाने का प्रयास करते नजर आए। सूचना थाने पर दी गई, लेकिन वहां से फोर्स नहीं भेजी गई। जाम में फंसे लोग परेशान रहे। काफी लोग ऐसे थे जो परिवार के साथ थे। महिलाएं व बच्चे जाम में व्याकुल रहे।


महादेवा चौराहे पर लगे जाम में फंसी एंबुलेंस व अन्य वाहन।

महुली-बस्ती मार्ग पर कुदरहा-मुंडेरवा मुख्य मार्ग पर महादेवा चौराहा पड़ता है। इस चौराहे से हर रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। चौराहे को आने वाले रास्तों से सैकड़ों गांव जुड़े हैं। इसके अलावा चौराहे पर बड़ी बाजार है। जहां लोगों का सुबह से ही आना-जाना शुरू हो जाता है। रक्षाबंधन के कारण शनिवार सुबह से ही लोगों की आवाजाही बढ़ गई थी। चौराहे से गुजरने वाले वाहनों में बाइक, चार पहिया और ट्रक शामिल रहे। सुबह 9:30 बजे के बाद बेतरतीब आ रहे वाहनों के कारण चौराहे पर जाम लग गया। देखते ही देखते चौराहे के चारों मार्ग पर वाहनों की कतार बढ़ती चली गई। इसमें कई एंबुलेंस भी फंस गईं। एक एंबुलेंस बनकटी की तरफ से मरीज लेकर आ रही थी, जिसे मुंडेरवा जाना था। जाम के कारण उसे बैहल गांव की ओर मोड़ दिया गया। मुंडेरवा से बस्ती की ओर मरीज लेकर जा रही एक एंबुलेंस महादेवा पुलिस चौकी के पास फंसी थी। एंबुलेंस में मरीज व तीमारदार मौजूद थे।

**हरदिया चौराहे पर भी लगा रहा भीषण जाम :** शहर मुख्यालय को मनौरी होते हुए डुमरियागंज व बांसी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर मौजूद हरदिया चौराहे पर शनिवार सुबह से ही जाम की स्थिति बनने लगी थी। देखते ही देखते जाम काफी भीषण हो गया। सैकड़ों दुपिया व चारपहिया वाहन जाम में घंटों फंसे रहे। जाम में फंसे अधिकतर लोग त्योहार मनाने के लिए जा रहे थे। उनके साथ महिलाएं व बच्चे थे।

### पहले दिन 11768 बहनों ने रोडवेज से किया सफर

**बस्ती।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर संचालन शुक्रवार सुबह छह बजे से शुरू हो गया। मुफ्त यात्रा के पहले दिन 11768 बहनों ने यात्रा की। पहले दिन 794330 रुपये का मुफ्त यात्रा टिकट बनाया गया। शनिवार को सुबह रक्षाबंधन के दिन रोडवेज परिसर में महिला यात्रियों की खूब भीड़ नजर आई। निगम के अधिकारियों ने बताया कि बस्ती डिपो से 137 बसें बहनों को पहुंचाने के लिए अनिरोड रहीं। एआरएम आयुष भटनागर ने बताया अयोध्या, लखनऊ और कानपुर रूट पर यात्रियों का दबाव बढ़ने के बसों को बढ़ाया गया था। रक्षाबंधन पर्व पर संविदा ड्राइवर एवं कंडक्टरों के लिए निर्धारित किमी पूरी करने वाले चालक, परिचालकों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

# महादेवा चौराहा पर लंबा जाम, फंसी रही एंबुलेंस

जागरण संवाददाता, महादेवा: महादेवा चौराहे पर लंबा जाम लगने का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी बना रहा। सड़क पर जाम की वजह से एंबुलेंस भी घंटे भर फंसी रहीं। चौकी पुलिस की उदासीनता की वजह से सड़क पर ही राखी और मिठाई की अस्थाई दुकानें लगी रहीं। इसके कारण सड़क के साथ ही दोनों किनारे पटरी पर अतिक्रमण बढ़ गया है। महत्वपूर्ण चौराहा होने के कारण लालगंज, बनकटी, मुंडेरवा व बस्ती शहर की ओर से आने वाली सैकड़ों गाड़ियां जाम में फंसी रहीं। आम यात्रियों को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

रक्षाबंधन के महत्वपर्ण पर्व के दिन में महादेवा पुलिस चौकी पर न कोई पुलिस कर्मी और न ही होमगार्ड दिखे। स्थिति को नियंत्रित करने वाला कोई नहीं था। जाम के कारण जनता में पुलिस व्यवस्था के प्रति आक्रोश दिखा। स्थानीय नागरिकों पुलिस के उच्चाधिकारियों से अनुरोध किया है कि चौराहे पर कम से कम सड़क व उसकी पटरियों को खाली कराया जाए।

# अलग-अलग स्थान से चार बाइकों पर चोरों ने हाथ साफ किया

**बस्ती, निज संवाददाता।** शहर कोतवाली और नगर थानाक्षेत्र में चोरों ने अलग-अलग स्थान से चार बाइकों पर हाथ साफ कर दिया। कप्तानगंज थानाक्षेत्र के भरवलिया शुक्ल निवासी जनार्दन प्रसाद शुक्ल ने तहरीर देकर बताया है कि शहर के कचहरी गेट संख्या के दो पर खड़ी उनकी बाइक किसी ने चुरा ली। वहीं वाल्टरगंज के कैनपुरा डमरुआजंगल निवासी रमेश कुमार ने तहरीर देकर बताया है कि गत 31 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय के पास से किसी ने उनकी बाइक चोरी कर ली।

इसी तरह शहर में विकास भवन के पास से चोरों ने दो अगस्त को लालगंज थानाक्षेत्र के अकेला कुबेरपुर निवासी ठाकुर कुमार की बाइक पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तीनों वाहन चोरी की घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं नगर थाने में तहरीर देकर लालगंज थानाक्षेत्र के नंदपुर निवासी अनिल ने तहरीर देकर बताया है कि वह अयोध्या से जलभर लौट रहे थे।

गत 22 जुलाई को उन्होंने अपनी बाइक को जनता गैराज दुबखरा के पास खड़ा किया गया था। यहीं से किसी ने उनकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गर्भवती महिला की मृत्यु, सदमे मे स्वजन

जासं, सल्टौआ: वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के नरायनपुर में गर्भवती महिला की मृत्यु हो गई। सात माह की गर्भवती 30 वर्षीय सुमन पत्नी पवन कुमार को शुक्रवार बीती रात अचानक पेट मे दर्द शुरू हुआ। स्वजन उन्हें पीएचसी सल्टौआ ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना से स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल है। चिकित्सक डा. संतोष ने बताया कि रात में ड्यूटी पर थे, लेकिन जानकारी नहीं हुई।

# लिफ्ट देकर लूटने वाले गिरफ्तार

## बस्ती, गोंडा, बाराबंकी व अयोध्या में छह आरोपितों पर दर्ज है केस

जागरण संवाददाता, बस्ती: जनपद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हाईवे पर हो रही लूट की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए पुलिस की टीम ने छह अंतरजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सड़क पर अकेले यात्री को लक्ष्य करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए एसपी अभिनन्दन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को बताया कि इन सभी बदमाशों का नेटवर्क पूर्वांचल का लखनऊ-गोरखपुर हाईवे के अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा व बस्ती जनपद में फैला हुआ है। ये मुख्यतः हाईवे व सुनसान सड़कों पर रात के समय वाहनों को रोककर सिंगल सवारी को कार में बैठाकर लूटपाट करते हैं।

शनिवार को भोर में सवा तीन बजे छावनी एसओ जनार्दन प्रसाद की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध बदमाश एक सुनसान इलाके में एकत्र होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। टीम ने तत्काल मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर सभी छह बदमाशों को छावनी के खतमसराय से धर दबोचा गया। बदमाशों के पास से एक कार, एक बाइक, 12 मोबाइल फोन, नकली पिस्टल व 7150 रुपये नकदी बरामद की है। इनके विरुद्ध गोंडा, अयोध्या व बाराबंकी के थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में दिलीप मौर्या पुत्र आसमी निवासी पाठक का पुरवा दशरथकुंड, अजय कुमार पुत्र सन्तोष निवासी देवकाली ककरहवा थाना कोतवाली, कृष्णा यादव पुत्र रामभजन निवासी धनीराम पुरवा थाना चौक कोतवाली, रिशु कुमार पुत्र दिनेश निवासी सनेथू थाना पुराकलन्दर, हर्षित श्रीवास्तव पुत्र अनुप निवासी श्रीरामपुरम कालोनी देवकाली बाइपास थाना कोतवाली अयोध्या एवं सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी दर्शननगर कुस्महा थाना दर्शननगर अयोध्या जनपद अयोध्या शामिल हैं।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट का केस दर्ज

जासं, हरैया: कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज हुआ है। घटना बिहरा गांव में डेढ़ माह पूर्व हुई थी। भारती पत्नी मनोज की तहरीर पर आद्या प्रसाद व ओम प्रकाश पुत्र जग प्रसाद, अंजनी पुत्र अद्या निवासी रजौली व अरुण निवासी धर्मपुर थाना परसरामपुर पर केस दर्ज किया है।

# खुशहालगंज गांव में 18 बकरियों की मृत्यु, 25 से अधिक बीमार

जासं, दुवौलियाः खुशहालगंज गांव में बीमारी की चपेट में आने से 12 बकरियों की मृत्यु हो गई। वहीं करीब 25 से अधिक बीमार है, जिससे पशुपालकों में दहशत है। दुवौलिया विकासखंड के खुशहालगंज गांव निवासी शाह मोहम्मद, जुम्मन, अफजल, सलाहुद्दीन की दो-दो, मुख्तार की तीन, दीन मोहम्मद, मुनव्वर अली, असालत की एक-एक सहित अन्य लोगों की करीब 18 बकरियों की मृत्यु बीमारी की चपेट में आने से दो दिनों में हो चुकी है।

पशुपालकों का कहना है की बकरियों को कंपकपी के साथ बुखार, दस्त, मुंह में छाले पड़ जाते हैं। इससे उनके मुंह से झाग आना शुरू हो जाता है। 12 से 24 घंटे में ही उनकी मृत्यु हो जा रही है। वहीं गांव में करीब 25 से अधिक बकरियां बीमार हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पशु-चिकित्सक को सूचना दिया गया, लेकिन अब तक कोई आया नहीं। पशु चिकित्साधिकारी चिलमा अजय कुमार गौड़ ने बताया कि बकरियों में संक्रामक बीमारी चल रही है। पशुपालक अस्पताल में आकर दवा ले जा सकते हैं।

# इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने पर केस

जासं, बस्तीः संत रविदास जयंती की जुलूस में डांस कर रही बच्चियों के इंटरनेट मीडिया पर वीडियो अपलोड करने पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह घटना मुंडेरवा थानाक्षेत्र की 13 फरवरी संत रविदास जयंती के दौरान की बताई गई है। एसओ अतुल कुमार अंजान ने बताया कि राजमन भारती की तहरीर पर राकेश मौर्या, हरेन्द्र, संदीप, विनोद, दुर्गेश, गोपी, धर्मेंद्र व राजेन्द्र मौर्या पर मुकदमा अदालत के आदेश पर दर्ज किया गया है।

# मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

जासं, सोनहा, बस्ती: रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गए। सोनहा पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सोनहा थाने के बनरही जंगल गांव निवासी दीपचंद उर्फ दीपू पुत्र छोटई ने थाने पर तहरीर दी है। आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह बनरही जंगल चौराहे पर पुरानी रंजिश को लेकर गांव के श्याम सुंदर उर्फ डब्लू, भुईलोटन, रामसूरत उर्फ लीली व बब्लू ने अपशब्द कहते लाठी डंडा व राड से मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। इससे उन्हें चोटें आई हैं।

# दुर्घटना में स्कूटी सवार बहन की मृत्यु, भाई गंभीर

जासं, दुबौलिया, बस्ती : रामजानकी मार्ग पर शनिवार की शाम शुकुलपुरा कस्बे में अज्ञात वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार बहन की मृत्यु हो गई। भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इनकी पहचान कलवारी थाना क्षेत्र के बेलवाडाड़ गांव निवासी के रूप में हुई। कलवारी के बेलवाडाड़ गांव निवासी रविंद्र कुमार के 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक एवं 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी स्कूटी से कलवारी की तरफ जा रही थीं। शुकुलपुरा के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सक ने रेफर कर दिया। घायलों को लेकर कप्तानगंज सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया।

# दुर्घटना में स्कूटी सवार बहन की मृत्यु, भाई गंभीर

जासं, दुबौलिया, बस्ती: रामजानकी मार्ग पर शनिवार की शाम शुकुलपुरा कस्बे में अज्ञात वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार बहन की मृत्यु हो गई। भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इनकी पहचान कलवारी थाना क्षेत्र के बेलवाडाड़ गांव निवासी के रूप में हुई। कलवारी के बेलवाडाड़ गांव निवासी रविंद्र कुमार के 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक एवं 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी स्कूटी से कलवारी की तरफ जा रही थीं। शुकुलपुरा के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सक ने रेफर कर दिया। घायलों को लेकर कप्तानगंज सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया।

## मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

जासं, सोनहा, बस्ती: रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गए। सोनहा पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सोनहा थाने के बनरही जंगल गांव निवासी दीपचंद उर्फ दीपू पुत्र छोटई ने थाने पर तहरीर दी है। आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह बनरही जंगल चौराहे पर पुरानी रंजिश को लेकर गांव के श्याम सुंदर उर्फ डब्लू, भुईलोटन, रामसूरत उर्फ लीली व बब्लू ने अपशब्द कहते लाठी डंडा व राड से मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। इससे उन्हें चोटें आई हैं।

# शहर में बढ़ा बाइक लिफ्टरों का आतंक, चार गाड़ी चोरी

जासं, बस्ती: कोतवाली व नगर क्षेत्र के चार बाइक चोरी की घटना सामने आई है। कप्तानगंज के भरवलिया शुक्ल निवासी जनार्दन प्रसाद ने तहरीर में बताया है कि शहर के कचहरी गेट संख्या के दो पर खड़ी बाइक किसी ने चुरा ली। वहीं वाल्टरगंज के कैनपुरा डमरुआजंगल निवासी रमेश कुमार ने बताया है कि गत 31 जुलाई को डीएम कार्यालय के पास से किसी ने बाइक चोरी कर ली। शहर में विकास भवन के पास से चोरों ने दो अगस्त को लालगंज के अकेला कुबेरपुर निवासी ठाकुर कुमार की बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने तीनों वाहन चोरी की घटनाओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर थाने में लालगंज थानाक्षेत्र के नंदपुर निवासी अनिल ने तहरीर देकर बताया है कि गत 22 जुलाई को उन्होंने बाइक को जनता गैराज दुबखरा के पास खड़ा किया गया था। किसी ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया।

# बाइक की चपेट से मासूम समेत तीन घायल

**बनकटी।** महुली मार्ग पर लालगंज थानाक्षेत्र के बरंडा बरौहिया तिराहे पर बेकाबू बाइक की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़ा सात वर्षीय मासूम और बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोग निजी वाहन से घायलों को पीएचसी बनकटी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थानाक्षेत्र के छतौरा गांव निवासी मनीराम अपनी पत्नी दुर्गावती व बेटा राहुल को साथ लेकर संतकबीरनगर के महुली थाना के कटाई चौराहा अपनी ससुराल जा रहे थे। महुली मार्ग के बरंडा बरौहिया तिराहे पर उनकी बाइक का तेल खत्म हो गया। वह दूसरी साधन से तेल लेने पेट्रोल पंप पर चले गए और बेटा व पत्नी सड़क किनारे खड़े होकर उनके आने का इंतजार कर रहे थे ।

इसी दौरान कुदरहा स्थित अपनी बहन के घर से राखी बंधवा कर लौटे मुंडेरवा थानाक्षेत्र के अहिरौली निवासी अमित व रोहित की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बालक राहुल को चपेट में ले लिया। संवाद

# न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दीवार गिराने के मामले में केस दर्ज किया है। इसी गांव की सूर्यमुखी देवी ने तहरीर दी है कि पुरानी नींव पर अपने हिस्से में लगभग 15 दिन से मकान का कार्य चल रहा था। करीब पांच फुट दीवार तैयार हो गई थी।

आरोप है कि आठ अगस्त को विपक्षियों ने मजदूरों को धमका कर भगा दिया और दीवार गिराने लगे। रोकने पर अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ाया। प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव के अतुल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# बाइक से गिरकर मामा-भांजा घायल

**टिनिच।** गौर थाना क्षेत्र के टिनिच बाजार के दक्षिणी छोर पर हुए हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल दोनों रिश्ते में मामा भांजा हैं।

थाना क्षेत्र के बेलवाडाड़ गांव निवासी 30 वर्षीय राहुल यादव अपने बाइक से 28 वर्षीय भांजे विनोद कुमार के साथ शनिवार की दोपहर बाजार जा रहे थे। गांव के मोड़ से बाजार की तरफ बढ़ने पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। दोनों सड़क किनारे गिर गए। राहुल के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्वजन और पुलिस को दी।

उपनिरीक्षक रणजीत यादव तत्काल मौके पर पहुंचे। निजी वाहन से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां राहुल की हालत गंभीर होने पर राहुल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। संवाद



जुलूस निकालते गोंड महासभा के लोग। स्रोत-विज्ञप्ति

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला जुलूस, सौंपा ज्ञापन

**बस्ती।** विश्व आदिवासी दिवस पर जिला अस्पताल चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला गया। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई। मंडल मुख्यालय पर महारानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कराने, अनुसूचित जन जाति का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने आदि मांगें शामिल हैं।

अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम लला गोंड के नेतृत्व में निकले जुलूस में बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे। राम लला गोंड ने कहा कि आदिवासी जमीन के लिए आज भी संघर्ष कर रहा है। विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। साथ ही गैरकानूनी तरीके से भी उनकी जमीन पर कब्जा हो रहा है। अगर जमीन नहीं होगी, तो आदिवासी नहीं रहेगा और ना ही उनकी सभ्यता और संस्कृति रहेगी। आदिवासी समाज के अधिकार, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ ही उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ के लिए संघर्ष जारी रहेगा। संवाद

## मोड़ पर टकराईं दो कारें, गंभीर रुप से घायल चालक, लखनऊ रेफर

**विक्रमजोत।** छावनी थाना के विक्रमजोत धुसैनिया रजवापुर संपर्क मार्ग पर अमोलीपुर नहर पुल के मोड़ पर दो कारें टकरा गईं। हादसे में 50 वर्षीय संदन कुमार शुक्ल निवासी मेढैया शुक्ल थाना परशुरामपुर घायल हो गए। राहगीरों ने कार सवार को निजी वाहन से सीएचसी पहुंचाया। वहां से चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। दूसरी कार में सवार भी जख्मी हो गया। पहली कार सवार की स्थिति गंभीर देख वह अपनी कार लेकर भाग निकला। घटनास्थल की तरफ जा रही छावनी पुलिस ने विक्रमजोत अंडरपास मोड़ के पास धर दबोचा। कार को कब्जे में लेकर चालक को सीएचसी भेजा। चौकी इंचार्ज कमलेश यादव ने बताया कि दो कार कब्जे में हैं। संवाद

गए। दोनों को
अस्पताल में भ
एक की हाल
घायल दोनों रि
थाना क्षेत्र
निवासी 30 व
बाइक से 28
कुमार के साथ
बाजार जा रहे

## गड्ढे में गिरी बाइक युवक घायल

**वाल्टरगंज।** मुंडेरवा थानाक्षेत्र के खझौला चौकी क्षेत्र के दसौती निवासी जगराम किसी काम से बस्ती शहर जा रहे थे। हड़िया सर्विस रोड के डिवाइडर के पास गड्ढे में बाइक लेकर गिर पड़े। बाइक गड्ढे में रह गई और वह सड़क पर पड़े रहे। राहगीरों की सूचना पर हड़िया चौकी पुलिस जगराम को जिला अस्पताल ले गई। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। संवाद

**मेरी आवाज सुनो...**

## मड़वा नगर मोहल्ले की सड़क पर जलभराव

शहर के मड़वा नगर मोहल्ले में नाली का निर्माण न होने से सड़क पर जलभराव हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी सुबह स्कूली बच्चों और ड्यूटी जाने वाले कर्मचारियों को उठानी पड़ती है। सड़क पर पानी भरा होने से उन्हें जूते, कपड़े खराब होने का डर लगा रहता है। अक्सर बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं और उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। नाली का निर्माण कराने के लिए आईजीआरएस पर शिकायत भी दर्ज कराया गई। बावजूद उसके, कोई सुनवाई नहीं हुई। बड़ेवन से आंबेडकर पार्क मड़वा नगर को जोड़ने वाली सड़क बदहाल है। इस समस्या से मोहल्ले के सैकड़ों परिवार परेशान हैं।

– **अमिता यादव**, अंबेडकर पार्क, मड़वा नगर,बस्ती

## कोतवाली क्षेत्र से तीन, नगर क्षेत्र से एक बाइक चोरी

**बस्ती।** कोतवाली व नगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से चार बाइक चोरी हो गईं। कप्तानगंज थाना के भरवलिया शुक्ल के जनार्दन प्रसाद शुक्ल ने तहरीर दी है कि कचहरी गेट पर खड़ी उनकी बाइक चोरी हो गई। वाल्टरगंज के कैनपुरा डमरुआजंगल के रमेश कुमार ने बताया है कि 31 जुलाई को कलेक्ट्रेट के पास से उनकी बाइक चोरी हो गई। विकास भवन के पास से दो अगस्त को लालगंज के अकेला कुबेरपुर के ठाकुर कुमार की बाइक चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है। नगर थाने में तहरीर देकर लालगंज क्षेत्र के नंदपुर के अनिल ने बताया है कि 22 जुलाई को उन्होंने अपनी बाइक जनता गैराज दुबखरा के पास खड़ी की थी। किसी ने उनकी बाइक गायब कर दी। संवाद

# शहर के बाहरी इलाकों में जाम से जूझते रहे लोग

## बड़ेवन चौराहे पर दिन भर लगी रही भीड़, पहुंचते ही भर जा रहे थे यात्री वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी



हरदिया चौराहे पर लगा जाम। संवाद

**बस्ती।** रक्षाबंधन पर शहर के बाहरी इलाकों और कई कस्बों में कई जगहों पर जाम लग गया। इससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। शहर के बाहर बड़ेवन चौराहे पर दिन भर लोगों की भीड़ लगी रही। चौराहे पर लखनऊ तथा गोरखपुर जाने वाली बसें और अन्य वाहन मिलते हैं। यहीं से हर्रैया तथा बांसी और डुमरियागंज जाने के लिए भी वाहन मिलते हैं। जो भी वाहन पहुंच रहे थे, थोड़ी ही देर में भर जा रहे थे।

**हरदिया चौराहे पर लगा लंबा जाम :** बस्ती-बांसी मार्ग पर स्थित हरदिया चौराहे पर दोपहर 1 बजे लंबा जाम लग गया। रक्षाबंधन होने के कारण आज छोटे वाहनों का आवागमन इस सड़क पर अधिक था। इसके अलावा लोग टोल बचाने के लिए भी इस सड़क का प्रयोग करते हैं। गोरखपुर की ओर जाने वाले छोटे वाहन इस रास्ते पर न जाकर हरदिया चौराहा होते फोर लेने पर टोल आगे पहुंच जाते हैं। इससे उनका एक-जगह टोल बच जाता है। इसी तरह भारी वाहन भी बस्ती-बांसी मार्ग पर मनौरी होते हुए फोरलेन पर पहुंच जाते हैं। उनका भी टोल बच जाता है। शनिवार को हरदिया चौराहे पर वाहनों की संख्या अधिक हो जाने से जाम लग गया। गड़ियां रेंग-रेंग कर चल रही थी। यह जाम करीब आधा किमी लंबा था। पुलिस ने किसी तरह आवागमन सुचारु कराया।

### *तीन घंटे जाम में फंसे मुसाफिर मशक्कत से निकलीं दो एंबुलेंस*

***महादेवा।*** *बनकटी ब्लॉक के महादेवा चौराहे पर शनिवार सुबह फिर भीषण जाम लग गया। करीब 9 बजे शुरू हुआ जाम दोपहर 12 बजे तक बना रहा। यात्री घंटों परेशान रहे। जाम में दो एंबुलेंस भी फंस गई, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। रक्षाबंधन पर चौराहे की दोनों पटरी पर राखी और मिठाई की दुकानें सज गई हैं। आने-जाने के लिए कम जगह बची है। अव्यवस्थित पार्किंग और आगे निकलने की होड़ ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।* संवाद

# फुफेरे भाई संग स्कूटी से जा रही किशोरी की हादसे में मौत

कप्तानगंज/दुबौलिया। राखी बंधवाकर लौट रहे स्कूटी सवार भाई बहन दुबौलिया थानाक्षेत्र के शुकुलपुरा के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया। वहां 14 वर्षीय प्रियांशी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।



**प्रियांशी**(फाइल फोटो)

घायल अभिषेक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कलवारी थाना क्षेत्र के बेलवाडाड़ के 16 वर्षीय अभिषेक पुत्र रवींद्र कुमार अपनी फुफेरी बहन प्रियांशी के साथ अपनी बहन को पहुंचाने दुबौलिया क्षेत्र के एक गांव में गए थे। वहां राखी बंधवाकर अपनी बहन को बहन को छोड़ दिया और शाम को प्रियांशी को लेकर स्कूटी से अपने घर बेलवाडाड़ जा रहे थे।

शाम 5:30 बजे राम जानकी मार्ग पर शुकुलपुरा बाजार के निकट किसी वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में प्रियांशी पुत्री राम निवासी व उसका ममेरा भाई अभिषेक घायल हो गए। पुलिस ने किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संवाद

# चरने गईं बकरियों पर कुत्तों का हमला, चार की मौत

**बनकटी** । लालगंज थानाक्षेत्र के बैजीपुर की बाग में चरने गई बकरियों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। जिससे चार बकरियों की मौत हो गई। जबकि अन्य बकरियों ने भागकर अपनी जान बचाई।

लालगंज थाना क्षेत्र के बैजीपुर गांव निवासी राम कुबेर ने करीब दो दर्जन बकरियां पाल रखी हैं। रोज की तरह शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे चरने के लिए छोड़ दिया था। जहां आवारा कुत्तों ने उन्हें दौड़ा लिया और देखते देखते चार बकरियां को काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया ।

घायल बकरियों के इलाज कराने के लिए बकरी पालक ने पशु पालन विभाग के पैराबेट साधुशरण कन्नौजिया को सूचना दिया लेकिन इलाज से पहले ही बकरियों ने दम तोड़ दिया।

सभासद प्रतिनिधि विनोद यादव ने बताया कि करीब 6 माह से कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। आये दिन भेड़,बकरियों व गाय भैंसों को घायल कर रहे हैं। संवाद

# हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़...सरगना समेत छह गिरफ्तार

## लखनऊ से अयोध्या के बीच करते थे लूटपाट, 12 दिन में कर चुके थे लूट व चोरी की नौ वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी



लूट के आरोप में पकड़े गए बदमाश। स्रोत-पुलिस

बस्ती। लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह के सरगना समेत छह बदमाशों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इन बदमाशों ने बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा व बस्ती पुलिस की नींद हराम कर दी थी। पुलिस की पूछताछ में गिरोह के सरगना ने बताया है कि यात्री को अकेला देख उसको कार में बैठाकर रास्ते में उनका सामान, आभूषण और रुपये लूट लेते थे। 22 जुलाई से चार अगस्त के बीच इस गिरोह ने लूट-चोरी की नौ वारदात को अंजाम दिया है।

इन्हीं बदमाशों ने हरदोई से गोरखपुर जा रहे संतकबीरनगर के शरद को मार पीटकर सामान और रुपये लूट लिया था। उसके बाद छावनी पुलिस सक्रिय हुई थी।

एसपी अभिनंदन ने प्रेसवार्ता में बताया कि शनिवार को एसओ छावनी जनार्दन प्रसाद ने टीम के साथ तड़के साढ़े तीन बजे छावनी क्षेत्र के खतमसराय से छह बदमाशों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी बदमाश अयोध्या जिले के निवासी हैं और इनकी उम्र 19 से 21 वर्ष के बीच है। इनमें अयोध्या जिले के कोतवाली क्षेत्र के पाठक का पुरवा दशरथ कुंड निवासी दिलीप मौर्या, देवकाली ककरहवा निवासी अजय, थाना बीकापुर पूरा कलंदर के रामपुर निवासी कृष्णा यादव, इसी थाने के सनेथू निवासी रिशु, देवकाली बाइपास श्रीरामपुर कॉलोनी निवासी हर्षित श्रीवास्तव और दर्शननगर कुसुम्हा निवासी सौरभ शामिल हैं। इन पर बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा जिले के अलग-अलग थानों में लूटपाट के कई केस दर्ज हैं। बदमाशों के कब्जे से लूट के आठ समेत 12 मोबाइल, कार, 71 सौ रुपये, लूट के आभूषण बरामद किए गए हैं।

गिरोह के सरगना दिलीप मौर्या ने पुलिस की पूछताछ में बताया गया कि गिरोह बनाकर वे लोग चोरी व लूट जैसी वारदात को अंजाम देते हैं। इसके लिए उसने एक महीने पहले ही कार खरीदी थी। उस पर जान बूझ कर नंबर प्लेट नहीं लगाई थी। दिलीप के मुताबिक, कार लेकर रात में वे लोग निकलते हैं और जनपद अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर अपनी कार लगाकर यात्रियों का इंतजार करते हैं। जैसे ही कोई अकेला यात्री मिलता है तो उसे उसी की दिशा में जाना बताकर अपनी गाड़ी में बैठा लेते हैं। सुनसान स्थान देखकर उसे डरा-धमका और मार-पीट कर उनके पास जो भी सामान, रुपये, मोबाइल आदि लूट लेते हैं।

### हरदोई से गोरखपुर जा रहे संतकबीरनगर के युवक को बनाया था शिकार

### 23 जुलाई की रात की थी वारदात

शरद कुमार पुत्र कालिका प्रसाद यादव हरदोई जिले में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसके पिता कालिका प्रसाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। जिनसे मिलने 23 जुलाई को वह हरदोई से ट्रेन से अयोध्या पहुंचा। रात हो जाने कारण नाका बाईपास अयोध्या पर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी एक अर्टिगा कार वाले ने खलीलाबाद तक जाने की बात कह कर शरद को बैठा लिया। रास्ते में अर्टिगा कार में बैठे तीन अन्य बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर उसकी मोबाइल व उसके पास रखे रूपये छीन लिये। बदमाशों के साथ हाथापाई में शरद गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात बदमाश शरद को विक्रमजोत टूटी भीटी मार्ग पर तालागांव के सामने एक पुलिया के पास धक्का देकर फरार हो गए थे। पुलिस के कड़ाई से पूछने पर दिलीप मौर्या, अजय, कृष्णा यादव, हर्षित श्रीवास्तव ने घटना में शामिल होने की बात कबूल किया। बताया कि 23 जुलाई को रात 11 बजे के आसपास चारों लोग अर्टिगा कार के साथ देवकाली बाईपास पर गोरखपुर जाने वाले एक यात्री को बैठाए थे। विक्रमजोत पहुंचने पर टोल टैक्स का बहाना बताकर अपनी कार अवधेश ढाबा से बायें तरफ अमारी रोड पर मोड़ लिए। तालागांव पहुंचकर सूनसान स्थान देखकर उस व्यक्ति को मारपीट कर नकली पिस्टल दिखाकर करीब 4520 रुपये, मोबाइल तथा एक बैग लूट कर उसे गाड़ी से फेंक दिए थे।

### रात में कार से निकलते थे

पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि 26 जुलाई को हम छह लोग रात में कार से लूट करने के नीयत से निकले थे। अपना ढाबा जनौरा पुल सिविल लाइन अयोध्या के पास खड़ी बाइक चोरी चुराइ्र थी। हर्षित श्रीवास्तव व दिलीप मौर्या स्टार्ट करके चुराकर ले गया था। 28 जुलाई को कार में दिलीप मौर्या, अजय, कृष्णा यादव, रिशु और एक दिन पहले चोरी की गई बाइक हर्षित श्रीवास्तव ले कर निकला था। रात में 12.30 बजे अयोध्या नाका बाइपास पर सवारी का इन्तजार कर रहे एक व्यक्ति को जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिए और मारते पीटते अकबरपुर थाना नवाबगंज ले गए। पीछे हर्षित श्रीवास्तव व सौरभ भी मोटरसाइकिल से आ रहे थे। उस व्यक्ति को नकली पिस्टल दिखाकर मारपीट करके नौ हजार रुपये व दो बैग छीन लिए थे। 04 अगस्त को अयोध्या सहादतगंज बाइपास पर पुल के नीचे बाराबंकी जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे यात्री को कार में बैठा लिए। टोल बचाने का बहाना बनाकर कार को यू टर्न लेकर गांव की तरफ मोड़ दिया तथा उस व्यक्ति को मार पीटकर मोबाइल व रुपये छीनकर बाराबकी के अहमदपुर थाना जैदपुर में उतार कर भाग गये। 22 जुलाई को नया घाट अयोध्या से एक आइसक्रिम बेचने वाले से मोबाइल चुरा लिये थे। 28 जुलाई की रात सोहावल ब्रिज रौनाही के पास दूध बेचने वाले अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल छीन लिया था। 22 जुलाई को ही अयोध्या नाका से बात करते हुए जा रहे एक व्यक्ति से मोबाइल छीन लिया था। इतना ही नहीं, लखनऊ के कमता चौराहे के पास 4 अगसत की रात अन्जान व्यक्ति को बैठा कर बाराबंकी अहमदपुर टोल प्लाजा के आसपास दो मोबाइल व कुछ पैसे मार पीट कर छीने थे।


अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166

सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

# आरोपियों की तलाश में दबिश...लोग सहमे

## जमदाशाही में वारंटी को पकड़ने गई पुलिस से हुई थी बदसलूकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के जमदाशाही में शुक्रवार को पुलिस टीम से हाथापाई के बाद से गांव के लोग सहमे हुए हैं। पुलिस की टीमों ने गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश दी लेकिन कोई आरोपी हाथ नहीं लगा।

बताया जा रहा है कि आशनाई के इस मामले में आरोपी 17 वर्ष की प्रेमिका के बालिग होने का इंतजार कर रहा था। मगर, उसके पिता ने तहरीर देकर केस दर्ज करा दिया था। तभी से आरोपी आमिर लुकाछिपी कर रहा था। पुलिस को उसके घर पर मौजूद होने की सूचना मिली थी।

### यौन शोषण के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी पुलिस

मगर, दबिश के दौरान परिवार की महिलाएं व अन्य लोग पुलिस के साथ हाथापाई पर उतर आए।

बताया जा रहा है कि जमदाशाही निवासी अमिर से बगढरवा मेले में उसी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से पहली मुलाकात हुई। दोनों ने मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया और धीरे-धीरे उनमें नजदीकी बढ़ती गई। बाद में दोनों घर से भाग गए। किशोरी के पिता ने 12 जुलाई को वाल्टरगंज थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने किशोरी को ढूंढ़कर सीडब्लूसी के निर्देश पर उसके अभिभावक को सुपुर्द कर दिया था। इधर, सजातीय होने से दोनों ने शादी करने की जिद की लेकिन रुपयों का इंतजाम न होने से बात नहीं बन पाई।

बताया जा रहा है कि घर से फरार आरोपी आमिर अपनी प्रेमिका के बालिग होने का इंतजार कर रहा था ताकि दोनों शादी कर सकें। उधर, 29 जुलाई को न्यायालय से आमिर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गया। जिसके अनुपालन में गिरफ्तारी के लिए पुलिस हाथ-पांव मार रही थी। बृहस्पतिवार रात उसके घर पर मौजूद होने की सूचना पर एसओ उमाशंकर तिवारी टीम के साथ शुक्रवार तड़के पहुंचे थे।

# नियम-कायदे दरकिनार...हाईवे पर दौड़ रहीं निजी बसें, निगम करेगा सख्ती

## फोरलेन पर धड़ल्ले से दौड़ रहे डग्गामार वाहन, जगह-जगह बन गए हैं स्टैंड

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अखिल भारतीय पर्यटक परमिट पर सवारी ढो रहे डग्गामार वाहनों पर और सख्ती की तैयारी है। राष्ट्रीयकृत मार्गों पर चल रहे ऐसे वाहनों पर नजर रखने को टीम लगाई जाएगी। परमिट शर्तों का उल्लंघन कर फर्राटा भर रही बसों पर अब पेनाल्टी के साथ कार्रवाई भी होगी। इसकी तैयारी है।

कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट लेकर संचालक जरूरत के हिसाब से मनचाहे रूट पर बसें दौड़ा रहे हैं। जानकार बताते हैं कि चेकिंग टीम की लापरवाही से यह खेल चल रहा है। इन बसों ने चौक चौराहों को अवैध अड्डा बना लिया है।

बस्ती रोडवेज डिपो के आसपास और बड़ेवन ओवरब्रिज समेत मूड़घाट पर सवारी लेकर चलते हैं। रूट परमिट का उल्लंघन कर गैर रूट पर भी बसों का संचालन कर रहे हैं, लेकिन इसकी जांच नहीं होती।

शहर में बस स्टेशन और कई अनाधिकृत स्टैंड से प्रतिदिन सुबह बसों के अवैध संचालन का खेल शुरू होता है। चेकिंग में पकड़े जाने से बचने के लिए संचालक कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट पर मनचाहे रूट पर बसों के संचालन का खेल अल सुबह व रात में करते हैं। ऐसे समय में परिवहन विभाग के अधिकारियों की टीम के सोने का समय होता है।

यह नजारा प्रतिदिन बस स्टेशन के समीप दो पुलिस चौकी के बीच देखा जा सकता है। सुबह व देर रात के तीन घंटे में वह कमाई कर बसें खड़ी कर देते हैं। इससे जांच टीम की नजर से बचे रहते हैं। फुटकर सवारी को कार से गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं। इन डग्गामारों पर अब सख्ती होगी।




बड़ेवन ओवरब्रिज के पास बने अवैध स्टैंड पर खड़ी अनधिकृत बस। संवाद

### यात्रियों की जान जोखिम में डाल करा रहे सफर

बस संचालक सुरक्षा उपकरण के बिना स्टेज कैरिज की बसों का संचालन कर रहे हैं। बसों में न अग्निशमन यंत्र हैं और न ही फर्स्ट ऐड बॉक्स की सुविधा है। यही नहीं अधिक कमाई की चाहत में इमरजेंसी गेट को भी वेल्ड करा दिए हैं। ऐसे में यात्रियों की जान जोखिम में डालकर सफर कराया जा रहा है। परिवहन विभाग के अफसरों को कार्रवाई की याद तक आती है, जब कोई बड़ा हादसा होता है, तब कार्रवाई से बचने के लिए बसों को सीज व चालान कर खानापूरी करते हैं।

बसों के संचालन में कहीं रूट में बदलाव किया जा रहा है तो कहीं परमिट की शर्तों के उल्लंघन की शिकायत मिली है। जांच के लिए एआरटीओ व पीटीओ की टीम लगाई गई है। उन्हें कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।
– **फरीउद्दीन अहमद**, आरटीओ प्रशासन, बस्ती संभाग

निगम प्रशासन लगातार डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसमें आरटीओ और पुलिस का सहयोग भरपूर मिले तो कार्रवाई और तेज होगी। इससे निगम की आय पर पड़े प्रभाव को कम किया जा सकेगा।
– **आयुष भटनागर**, एआरएम, बस्ती

**निगम ने कार्रवाई के लिए गठित की है नौ सदस्यीय दो टीमें :** परिवहन निगम बस्ती डिपो ने बसों की गिरती आय के बाद डग्गामार वाहनों के खिलाफ सख्ती और कार्रवाई के लिए नौ सदस्यीय दो नई टीमें बनाई हैं।

पहली टीम में शामिल संजय तिवारी, महेंद्र प्रताप, अजीत पाल, रामानंद मिश्र, रविंद्र चौधरी, इंद्रजीत तिवारी, अभिनय सिंह, अभिनव श्रीवास्तव और संजय कुमार सुबह सात बजे से 10:30 बजे तक जांच करेंगे।

दूसरी टीम में शामिल दशरथ प्रसाद, राघवेंद्र सिंह, विनोद कुमार शर्मा, राम प्रकाश, मो. साबिर, श्रवण कुमार, सुशील कुमार गौड़, कन्हैया सिंह व राजेश कुमार दिन में दो बजे से शाम 5.30 बजे तक बस स्टेशन के सामने और आसपास जांच करेंगे।

# लाल निशान से 57 सेमी ऊपर सरयू स्थिर...तटबंधों पर दबाव

## सरयू के स्थिर होने के बाद अब ग्रामीण जलस्तर घटने की कर रहे उम्मीद, दुबौलिया क्षेत्र में सर्वाधिक गांव प्रभावित, विक्रमजोत में भी खतरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सरयू नदी शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार को छह सेंटीमीटर बढ़कर 93.30 मीटर पर स्थिर हो गई। अब भी नदी खतरे के निशान 92.73 मीटर से 57 सेमी ऊपर है। लोगों को नदी का जलस्तर अब कम होने की उम्मीद है। तटबंधों पर दबाव से गांवों में दहशत है।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार, नदी और तटबंध के बीच बसे सुविकाबाबू, बिशुनदासपुर अनुसूचित बस्ती, टेढ़वा, चर्दिया लोहार, सलहा आदि गांव में पानी फैल चुका है। तटबंधों पर दबाव है। जिससे ग्रामीणों की समस्याएं बढ़ी हुई हैं। राहत और बचाव कार्य में वैसे तो प्रशासन लगा हुआ है, लेकिन सुविकाबाबू गांव को छोड़ अन्य गांव में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण नहीं हो सका है। इससे बाढ़ प्रभावित लोगों के सामने संकट गहराया है। तटबंध के निकटवर्ती गांवों के पशुपालकों के समक्ष अब चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। पशुपालन विभाग से कोई मदद भी नहीं मिल पाई है।

सीवीओ डॉ. एके गुप्ता का कहना है कि टीम लगातार संपर्क में है। लोगों ने बताया कि पानी के चलते आसपास गड्ढों व अन्य स्थानों पर सड़न पैदा हो गया है, जिससे अब ग्रामीणों को संक्रामक रोगों का फैलने का डर सता रहा है। वहीं, सुविकाबाबू गांव में



श्रवणपुर गांव में घुसा बाढ़ का पानी। संवाद

### क्षेत्र में संक्रमण फैलने का डर, बचाव की गुहार

चिकित्सकों की टीम कैंप कर रही है। सीएचसी दुबौलिया के एमओआईसी डॉ. सुशील कुमार को गांव में भ्रमण कर रहे हैं। ग्रामीण को पानी उबाल कर पीने और अन्य तरीके बताए। एक्सईएन बाढ़ खंड दिनेश कुमार ने बताया एल्गिन ब्रिज पर नदी का जलस्तर घटने लगा है। आने वाले दिनों में यहां भी जलस्तर घटेगा, जिससे स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**बीडी बांध से सटे गांवों में फैला पानी :** छावनी। क्षेत्र के बीडी बंधे से सटे गांवों में सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से परेशानी बढ़ गई है। बीडी बंधे के 22 वी ठोकर के पास कई दिनों से कटान जारी है। इससे करीब 30 बीघा किसानों की जमीन जलमग्न हो गई है। बाढ़ खंड के अधिकारी और कर्मचारी बचाव कार्य में जुटे हैं। सरवरपुर गांव में शुक्रवार से कई घरों में पानी घुस चुका है। मनोज कुमार, राम जियावान, भूखर अनिल कुमार ने बताया कि घरों में बाढ़ का पानी आ गया है। 24 घंटे से घरों में पानी भरने से लोग परेशान हैं। मवेशियों को बांधे पर ले आकर चारा दिया जा रहा है। आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीडी बंधे के अंदर के गांव अर्जुनपुर में एक दर्जन से अधिक घरों को बाढ़ के पानी ने मेरुदंड बना दिया है। अर्जुनपुर और बघुआपार गांव के लोग जो बंधे और नदी के बीच रहते हैं चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गए हैं।



मोटर बोट से आते सुविका गांव के ग्रामीण। संवाद



मईपुर में नदी में डाली गयी कटर भरी बोरी। संवाद

### कटान रोकने को डाली जा रही कटर से भरी बोरी

**बहादुरपुर।** सरयू नदी स्थिर होने बाद जलस्तर घटने की संभावना है। वहीं, बाढ़ खंड बहाव तट से दूर करने के लिए कटर भरी बोरी डलवा रहा है। इस समय नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण धारा तट से होकर गुजरने के कारण स्पर व डैम्पनर पर दबाव बढ़ने लगा है। पिछले वर्ष कटान से प्रभावित घरों को बचाने के लिए अधिकारी लगे हैं। स्पर व डैम्पनर बनवाया गया है। नदी स्पर पर डैम्पनर से दूर बहे, इसके लिए कटर भरी बोरी डाल रहे हैं। रामपुर कलवारी तटबंध के जेई पीएन गुप्ता ने बताया कि नदी स्थिर है। जलस्तर घटने पर कटान की आशंका रहती है। संवाद

### सरयू के स्थिर होने से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**विक्रमजोत।** सरयू स्थिर होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, तटवर्ती गांवों में दुश्वारियां जस की तस हैं। माझा क्षेत्र के गांवों की फसलें डूब गई हैं। आधा दर्जन गांव नदी के पानी से घिरे हैं। क्षेत्र के तटबंध व नदी के बीच बसे कल्यानपुर, भरथापुर, चांदपुर, पकड़ी संग्रामपुर, माझा किता अव्वल, बैताया, नारसिंहपुर, मिठकाहा, कासिमपुर अर्जुनपुर, बघुआपार सहित गांव नदी के जद में हैं। जहां एक ओर कल्यानपुर, भरथापुर, माझा किता अव्वल सहित गांवों के रास्ते जलमग्न हो गये हैं वहीं बघुआपार, अर्जुनपुर आदि गांवों में पानी भरने से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। कल्यानपुर सहित गांवों में कटान को रोकने में अधिकारी लगे हैं। जेई आरके नायक ने बताया कि स्थिति सामान्य है। निगरानी के लिए कर्मियों को लगाया गया है। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट मामले में चार नामजद

**सोनहा।** पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट मामले में चार पर केस दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र के बनरही जंगल के दीपचंद्र उर्फ दीपू के मुताबिक शनिवार सुबह 10 बजे पुरानी रंजिश में गांव के श्याम सुंदर उर्फ डब्लू, राम सूरत उर्फ लीली, बब्लू व भुईलोटन ने रास्ते में जाते समय रोककर गाली गलौज देते हुए मारापीटा। जान से मार डालने की धमकी दिया। प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद ने बताया चार के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज व जानमाल की धमकी देने के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# मारपीट कर दी धमकी, तीन पर केस

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने मारपीट की घटना में केस दर्ज किया है। कप्तानगंज के मरवटिया तिवारी निवासी अनीता देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों का मुर्गा उनके घर में घुसकर गंदगी फैला रहा था। यह देख उन्होंने ऐसा करने से मना किया। इस पर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के करन, प्रानमति और क्रान्ती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# मारपीट के आरोप में चार लोगों पर केस दर्ज

**महराजगंज (बस्ती)।** हर्रैया थाना क्षेत्र बिहरा गांव में डेढ़ माह पूर्व केबल जोड़ने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में हर्रैया पुलिस ने शुक्रवार देर रात न्यायालय के आदेश पर दूसरे पक्ष के आद्या प्रसाद, ओम प्रकाश, अंजनी प्रसाद, अरुण के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत कर छानबीन शुरू की है। बिहरा निवासी भारती पत्नी मनोज कुमार ने न्यायालय में वाद दायर कर बताया कि ओम प्रकाश शुक्ला से भूमि विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है। ओमप्रकाश का नेशनल हाईवे पर रजौली के पास एक ढाबा संचालित है। संवाद

# निर्माण कार्य रोकने पर धमकाया

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। धरमपुर निवासी वारिस अली ने तहरीर देकर बताया है कि उनके एक गाटा संख्या का मामला न्यायालय में चल रहा है। इसमें किसी प्रकार का कोई हस्ताक्षेप वर्जित है। आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षी जबरन शौचालय का निर्माण करा रहे हैं। मना करने पर मारपीट पर आमादा हैं और काम नहीं रोक रहे हैं। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने धरमपुर निवासी नासिर, महमूद, अली अहमद और कैराज अहमद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# पुलिस के अभाव में यूरिया का वितरण नहीं

**बभनान।** गौर क्षेत्र की समितियों में चार दिन से यूरिया मौजूद है। लेकिन, बंट नहीं रही है। विभागीय जिम्मेदारों का कहना है कि पुलिस न मिल पाने के चलते वितरण नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार, भरवलिया, अभयपुरा व हरदी में 500-500 बोरी यूरिया आई है। यहां के सचिव ने कप्तानगंज पुलिस बल की मांग की है। इसी प्रकार गौर व पैकोलियां थाना क्षेत्र के महुआडाबर पेड़रिया बभन कटास समिति पर भी यूरिया है। किसान दिन भर सचिव का इंतजार कर रहे हैं। एडीओ कोऑपरेटिव राजीव लोचन पाठक ने बताया कि सांवडीह में भी 500 बोरी यूरिया ने वाली है। महुआ डाबर समिति में 500 बोरी यूरिया डंप है। सचिव पुलिस बल के इंतजार में यूरिया का वितरण नहीं कर पा रहे हैं। 500 बोरी यूरिया लेने के लिए हजारों की संख्या में किसान समिति पर पहुंच जाते हैं। सचिव बगैर फोर्स के यूरिया का वितरण करने से हाथ खड़ा कर दे रहे हैं। संवाद

# अफसरों व रिक्रूट आरक्षियों को छात्राओं ने बांधी राखी



राखी बंधवाकर उपहार देते डीएम रवीश गुप्ता, साथ में एसपी अभिनंदन। स्रोत-पुलिस

**बस्ती।** पुलिस लाइंस प्रेक्षागृह में शनिवार को डीएम रवीश गुप्ता, एसपी अभिनंदन को आईं छात्राओं व गाइड ने राखी बांधी। डीएम-एसपी के अलावा एएसपी ओपी सिंह, सभी सर्किल के सीओ, बीएसए, रिक्रूट आरक्षियों की कलाई पर भी राखी बांधी। महिला पुलिसकर्मियों एवं पुलिस परिवार के बच्चियों व बहनों ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संवाद

# बगैर परमिट बसों का हो रहा संचालन, राजस्व की क्षति

**कलवारी (एसएनबी)**। कलवारी क्षेत्र से होकर वगैर परमिटों की बसों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय लोगों की तमाम शिकायत के बाद भी पुलिस व परिवहन विभाग इन वगैर परमिट के बसों के संचलन पर रोक नहीं लगा पा रही है। परिवहन व पुलिस विभाग की निष्यता का नतीजा है कि जिला मुख्यालय से व रामजानकी मार्ग के कलवारी चौराहा होते हुए गोरखपुर, आजमगढ़ व अम्बेडकरनगर के साथ लखनऊ और दिल्ली तक दर्जनों की संख्या में सवारी ढोने में जुटे बस मालिक मालामाल हो जा रहे है। दूसरी ओर दर्जनों की संख्या में चलने वाली वगैर परमिट की यह बसे हर माह सरकार को लाखों रुपये के सरकारी राजस्व का चूना लगा रहै है। बीते वर्षो में टाण्डा कलवारी पुल पर आवागमन शुरु होने के बाद से ही आजमगढ़ व अम्बेडकरनगर जिले के वस मालिकों के लिए वरदान सिद्ध हो गया। बस मालिकोंने बसों को जिला मुख्यालय बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर से गोरखपुर, लखनऊ दिल्ली तक सवारी ढ़ोने के लिए लगा दिया। क्षेत्र के विभिन्न कस्बों एवं बाजारों से लखनऊसे लगायत दिल्ली तक रोज दर्जनों की संख्या में बगैर परमिट की बसे सवारी ढोने में जुटी हुई है।सूत्रों की माने तो वस मालिकों ने अपनी पहुंच का उपयोग करके जगह जगह पुलिस थानों और तीनों जिलों के परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अपनी गोटी फिट कर ली है । इन वसों के चालक इतने निडर है कि विभिन्न चौराहों और थाने के सामने ही घंटों बसों को खड़ी करके सवारी बैठाते देखे जाते हैं लेकिन पुलिस चुप्पी साधकर तमाशा देखने में मस्त रहती है। अभी हाल ही में कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट कस्बे में लखनऊ जाने वाली दो बसों के संचालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर जबरदस्त मारपीट भी हुआ था जिसको लेकर पुलिस द्वारा मुकदमा भी दर्ज किया गया था । इस बारे में पूछे जाने पर आरटीओ बस्ती ने वगैर परमिट की वसों के संचालन से स्वयं को अनभिज्ञ बताते हुए कहा कि अब जानकारी मिली है जल्द ही छापेमारी करके वगैर परमिट की वसों को पकड़कर सीज करके जुर्माना लगाया जाएगा। दूसरी ओर स्थानीय पुलिस का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर वगैर परमिट की वसों के संचालन पर पाबन्दी लगाई जाएगी।

# 6 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को सामान सहित पुलिस ने दबोचा

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना छावनी पुलिस व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही द्वारा जनपद बस्ती, अयोध्या, गोण्डा व बाराबंकी में हुए चोरी/लूट के घटना का सफल अनावरण करते हुए 6 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को चोरी/लूट के मोबाइल, मोटर साइकिल व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने घटना का खुलासा करते हुए थाना छावनी पुलिस व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही द्वारा जनपद बस्ती, अयोध्या, गोण्डा व बाराबंकी में हुए चोरी/ लूट के घटना का सफल अनावरण करते हुए 6 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को चोरी/लूट के मोबाइल, मोटर साइकिल व अन्य सामान के साथ थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत खतमसराय से गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी से मुकदमा अपराध संख्या 181/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना छावनी जनपद बस्ती, मुकदमा अपराध संख्या 465/2025 धारा 303(2) भादवि के तहत थाना कोतवाली जनपद अयोध्या, मुकदमा अपराध संख्या 266/2025 धारा 309(2),110,127(2) भादवि के तहत थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा, मुकदमा अपराध संख्या 257/2025 धारा 309 (6) भादवि के तहत थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी का अनावरण किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा अनावरण करने वाली पूरी टीम को रुपया-25,000 रुपये का इनाम दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण दिलीप मौर्या पुत्र आसमी मौर्या निवासी पाठक का पुरवा दशरथकुण्ड थाना अयोध्या कोतवाली जनपद अयोध्या , अजय कुमार पुत्र सन्तोष कुमार निवासी देवकाली ककरहवा थाना कोतवाली जनपद अयोध्या , कृष्णा यादव पुत्र रामभजन यादव निवासी रामपुर भगन थाना बीकापुर पुराकलन्दर जनपद अयोध्या, हाल पता धनीराम पुरवा थाना चौक कोतवाली जनपद अयोध्या , रिशु कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी सनेथू थाना पुरा कलन्दर जनपद अयोध्या , हर्षित श्रीवास्तव पुत्र स्व. अनुप कुमार श्रीवास्तव निवासी श्रीरामपुरम कालोनी देवकाली बाइपास थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या , सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी दर्शननगर कुसमहा थाना दर्शननगर अयोध्या जनपद अयोध्या शामिल हैं। उनके पास से 12 अदद मोबाइल ( 8 अदद लूट/चोरी का) ,अदद चाकू, 2 अदद डण्डा , घटना मे प्रयुक्त 1 अदद अर्टिगा कार (बिना नम्बर की), एक अदद नकली पिस्टल, एक अदद पिलास, एक अदद चैन सफेद धातु, एक अदद स्मार्ट वाच (लूट का ) व एक अदद वाच सिल्वर कलर (स्वयं का), एक अदद मोटर साइकिल हीरो स्पलेन्डर प्लस (चोरी का) संख्या यूपी 42एके9489 तथा कुल नगद 7150 रुपया बरामद किया गया है। आरोपियों का लम्बा आपराधिक इतिहास भी है। घटना के बारे में पूछताछ में बताया कि दिलीप मौर्या द्वारा बताया गया कि हमलोग एक साथ मिलकर गैंग बनाकर चोरी व लूट जैसी घटना को अंजाम देते है । जो ये अर्टिगा कार है वह मेरी है जिसे मैने तीन माह पहले खरीदा था, हमलोग पकड़े न जा सके इसके कारण मै जान बूझ कर अपनी कार पर नम्बर प्लेट नही लगाता हूं । हमलोग अपनी कार लेकर रात मे निकलते है तथा जनपद अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर अपनी कार लगाकर पैसेन्जर का इन्तजार करते है। जैसे ही कोई सिंगल पैसेन्जर मिलता है, हमलोग उसे उसी दिशा की तरफ हमलोग भी जाना बताकर पैसेन्जर को अपनी गाडी में बैठा लेते हैं और सुनसान स्थान देखकर उसे डरा, धमका और मार-पीट कर उनके पास जो भी सामान, रुपया पैसा, मोबाइल आदि मिलता है उसको लूट लेते हैं तथा पैसेन्जर को सूनसान स्थान पर छोड़कर भाग जाते हैं । यह काम हमलोग अपने जीविकोपार्जन एवं ऐशो आराम के लिये करते हैं । जो कार मे नकली पिस्टल, चाकू, व बेत मिला है इससे हमलोग पैसेन्जर को डरा धमका कर रुपया पैसा मोबाइल आदि लूट लेते हैं । कड़ाई से पूछने पर दिलीप मौर्या, अजय कुमार, कृष्णा यादव, हर्षित श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि दिनांक 23/7/2025 को समय 11.00 बजे के आसपास रात में हम चारो लोग अर्टिगा कार के साथ देवकाली बाईपास अयोध्या पर एक व्यक्ति को अपनी कार मे बैठाये वह गोरखपुर जा रहा था, हमलोग उक्त व्यक्ति को कार मे बैठाकर गोरखपुर के लिये चल दिये जैसे ही हमलोग विक्रमजोत पहुचे टोल टैक्स का बहाना बताकर अपनी कार अवधेश ढाबा से बायें तरफ कट कर अमारी रोड की तरफ मोड़ लिये तथा तालागांव पहुंचकर सूनसान स्थान देखकर उस व्यक्ति को मारपीट कर नकली पिस्टल दिखाकर करीब 4520 रुपया व एक मोबाइल तथा एक बैग जिसमे कपड़ा आदि रखा गया था लूट लिये थे, उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना छावनी पर मुकदमा अपराध संख्या 181/2025 धारा 309(4) भादवि के तहत पंजीकृत है । दिनांक 26/7/2025 को हम छः लोग रात मे उक्त अर्टिगा कार से लूट करने के नीयत से निकले थे करीब 9.00 बजे रात मे अपना ढाबा जनौरा पुल सर्विल लाइन अयोध्या के पास एक मोटर साइकिल यूपी 42/एके9489 हीरो स्पलेन्डर प्लस खड़ी थी।



जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन व बरामद सामान।

हम लोग मोटर साइकिल के पास रुक गये तथा आस पास देखा कोई भी व्यक्ति वहां पर मौजूद नही था तो हम लोगो ने उक्त मोटर साइकिल को चोरी करने का नीयत बना लिये कार मे से हर्षित श्रीवास्तव व दिलीप मौर्या उक्त मोटर साइकिल को स्टार्ट करके चुराकर लेकर चले आये थे। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली जनपद अयोध्या पर मुकदमा अपराध संख्या 465/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत है । 28/7/2025 को हम 6 लोग रात मे चोरी/लूट करने के नीयत से निकले थे कार मे दिलीप मौर्या, अजय कुमार, कृष्णा यादव, रिशु कुमार बैठे थे कार को दिलीप मौर्या चला रहा था तथा जो हम लोगो ने दिनांक 27/7/2025 को मोटर साइकिल चोरी किये थे उक्त मोटर साइकिल को हर्षित श्रीवास्तव लेकर निकला था । मोटर साइकिल के पीछे सौरभ बैठा था हमलोग रात मे 12.30 बजे के करीब अयोध्या नाका बाइपास पर पहुंचे तो देखा एक व्यक्ति ओवर ब्रिज के पास सवारी का इन्तजार कर रहा था । हम लोग पास पहुंचकर उस व्यक्ति को जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिये तथा उस व्यक्ति को मारते पीटते अकबरपुर थाना नवाबगंज ले आये, हम लोगों के पीछे पीछे हर्षित श्रीवास्तव व सौरभ भी मोटर साइकिल से आ रहे थे । हमलोगों ने उस व्यक्ति को नकली पिस्टल दिखाकर मार पीट करके 9000 रुपया तथा दो बैग जिसमे कुछ कपड़े थे तथा दो मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी तथा वीवो 1907 छीन लिये थे तथा उस व्यक्ति को वहीं पर फेककर भाग गये थे। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा पर मुकदमा अपराध संख्या 266/ 2025 धारा 309(2),110,127(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत है ।

दिनांक 4/8/2025 को रात मे दिलीप मौर्या, अजय कुमार, कृष्णा यादव, रिशू कुमार, हर्षित श्रीवास्तव व सौरभ हम लोग चोरी/लूट करने की नीयत से निकले थे एक व्यक्ति अयोध्या सहादतगंज बाइपास पर पुल के नीचे सवारी का इन्तजार कर रहा था । हम लोगो ने कार लेकर उस व्यक्ति के पास पहुचे तथा पूछा कि आप कहा जाएंगे तो उस व्यक्ति ने बताया बाराबंकी जाना है हम लोगो ने उस व्यक्ति को कार मे बैठा लिया तथा टोल बचाने का बहाना बनाकर कार को यू टर्न लेकर गांव की तरफ मोड़ दिया तथा उस व्यक्ति को मार पीट कर एक मोबाइल मोटोरोला कम्पनी जी62, चांदी का सीकड़, एक स्मार्ट घड़ी लूट लिये तथा उस व्यक्ति को ग्राम अहमदपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी मे उतार कर भाग गये।

उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी पर मुकदमा अपराध संख्या 257/2025 धारा 309 (6) बीएनएस के तहत पंजीकृत है । इसी तरह से दिनांक 22 या 23/7/2025 को नया घाट अयोध्या से एक आइसक्रिम बेचने वाले व्यक्ति से रेडमी 5जी रंग लाइट पर्पल एनड्राइड फोन रात मे हमलोगो ने चुरा लिये थे और दिनांक 28/7/2025 की रात्रि मे सोहावल ब्रिज रौनाही के पास से एक अदद ओप्पो मोबाइल काला रंग दूध बेचने वाले अज्ञात व्यक्ति से छीन लिया था । दिनांक 22/23/7/2025 की रात्रि मे अयोध्या नाका से बात करते हुए जा रहे एक व्यक्ति से वीवो एनड्राइड मोबाइल फोन रंग आसमानी छीन लिये थे ।

दिनांक 3 या 4/8/2025 की रात्रि मे एक अन्जान व्यक्ति को कामता चौराहा लखनऊ बैठा कर बाराबंकी अहमदपुर टोल प्लाजा के आस पास दो मोबाइल एक रेडमी नीले रंग की खराब अवस्था मे व एक एनड्राइड मोबाइल काला पीला रंग चालू अवस्था मे व कुछ पैसे मार पीट कर छीन लिये थे । हमने जो भी मोबाइल छीनी है उसे छीने हुए एक बैग मे रखकर हर्षित श्रीवास्तव अपने घर के आस पास के बाग मे हमलोगो द्वारा चुराई गयी मोटर साइकिल के डिग्गी मे सुरक्षित रखे हैं । अभियुक्तों की निशानदेही पर बताये गये स्थान पर पहुंचकर मोटर साइकिल की डिग्गी में रखे बैग से उपरोक्त चोरी का सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण मेंथानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत , उपनिरीक्षक विन्ध्याचल प्रसाद, उप निरीक्षक श्याम सुन्दर, उप निरीक्षक श्रीहरि राय थाना छावनी जनपद बस्ती, हे.का. देवेश यादव, हे.का. सत्येन्द्र सिंह , का. संतोष यादव सर्विलांस टीम बस्ती., हे.का. विनोद कुमार यादव, हे.का. जितेन्द्र मौर्या, हे.का. रामायणधर दूबे, का. उपेन्द्र यादव, का. केशव यादव, का. संजय यादव, का. मुकेश यादव, का. राजू गुप्ता थाना छावनी जनपद बस्ती शामिल हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

4


# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025

# शाहपुर में लगा जाम, प्रशासन के प्रति जताया आक्रोश

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना अंतर्गत रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पुलिस-प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते शाहपुर क्षेत्र में भीषण जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सुबह 10 बजे से लगा यह जाम समाचार लिखे जाने तक यानी दिन में दो बजे तक बना रहा, जिससे त्यौहार मनाने जा रहे हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**पुल में आए दरार के बाद पुलिस के बैरियर लगाने के साथ यातायात के प्रति पुलिस की लापरवाही बनी जाम का कारण**

यह जाम राप्ती पुल पर आई दरार के बाद लगाए गए बैरियर के कारण लगा था। हालांकि, प्रशासन द्वारा बैरियर तो लगा दिया गया, लेकिन वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। चश्मदीदों के मुताबिक, बैरियर पर पुलिसकर्मियों की गैरमौजूदगी ने हालात को और भी बदतर बना दिया।जब स्थानीय लोगों ने पुलिस को फोन किया, तब जाकर पुलिस चौकी से कांस्टेबल अरुण पांडे और कृष्णानंदन यादव मौके पर पहुंचे। लेकिन, तब तक स्थिति इतनी बिगड़ चुकी थी कि इन दो पुलिसकर्मियों के लिए जाम को संभालना असंभव था। त्यौहार के दिन भाइयों के घर जा रही बहनें, बच्चे और बुजुर्ग धूप में घंटों फंसे रहे। छोटे बच्चों को विशेष रूप से इस गर्मी और असुविधा से जूझना पड़ा।क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन की इस अव्यवस्था पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका आरोप है कि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहने के बजाय चौकी में आराम फरमा रहे थे।सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी मिली है कि शाहपुर पुलिस चौकी के कुछ पुलिसकर्मी रात के समय भारी वाहनों को बैरियर से गुजरने देने के लिए पैसे लेते हैं। इस तरह के गंभीर आरोप पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े करते हैं। इस घटना ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि पुलिस की लापरवाही से आम जनता को कितना कष्ट उठाना पड़ता है। अब देखना यह होगा कि क्या इस मामले में प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता है या नहीं।



शाहपुर में लगा जाम, लोग रहे हलकान। फोटो : एसएनबी

# लाखों की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**इटवा (एसएनबी)।** गत 31 जुलाई को स्थानीय कस्बा के डुमरियागंज मार्ग पर स्थित डाक्टर ओसामा रब्बानी के घर में हुई चोरी की घटना के आरोपी अशफाक खान पुत्र मकबूल खान ग्राम बिरवापुर निवासी को पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र के सिसवा मुंडेरवा पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पास से सात लाख अस्सी हजार नकद व जेवरात बरामद हुआ। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ अभिषेक महाजन ने प्रेस वार्ता में दिया है उन्होंने बताया कि इटवा कस्बा निवासी डॉ ओसामा रब्बानी डुमरियागंज मार्ग पर क्लिनिक चलाते हैं। जिसके सम्बन्ध में डाक्टर ओसामा रब्बानी द्वारा इटवा थाने पर लिखित तहरीर दिया जिस पर मु0अ0सं0 141/2025 धारा 331(4)/305(1) भारतीय न्याय संहिता-2023 बनाम अज्ञात पंजीत किया गया। इस घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसओजी तथा सर्विलांस व इटवा पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। [illegible] तिवारी प्रभारी निरीक्षक इटवा के नेतृत्व में [illegible] निरीक्षक थाना इटवा, उ0नि0 [illegible] प्रभारी एसओजी, उ0नि0 इन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अशफाक खान पुत्र मकबूल खान निवासी बिरवापुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को चोरी के माल के साथ थाना क्षेत्र के सिसवा मुंडेरवा पुल के पास से शनिवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर लिया है। अभियुक्त के पास से भारी मात्रा में चोरी के जेवरात तथा 7 लाख अस्सी हजार नगद भी बरामद हुआ।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ मे बताया कि मै बहुत कर्ज मे हो गया था। अपनी पत्नी को जे एन एम मे एडमिशन कराना था वह अक्सीम हॉस्पिटल मे प्रैक्टिस करती है। मेरी सास की बहन अक्सीम अख्तर ग्राम हिंगुआ अपने भाई सिंटू के घर खाने-पीने सपरिवार जाती थी। गत 31 जुलाई को मैं भी इन लोगों के साथ गया था। वहाँ खाना बनने मे समय था तो मैं वहाँ अपनी मोबाइल छोड़कर चोरी करने के लिए उनके हॉस्पिटल आ गया। मैं पुराने घर के बगल से कैमरे से बचते हुये ऊपर उनके कमरे मे घुसा। चोरी करने के बाद नेपाली गुटखा फेंककर मोटर साइकिल से अपने गाँव बिरवापुर कब्रिस्तान के बगल मे घास की झाड़ी मे माल को छिपा दिया। तुरंत वहां से हस्पिटल आ गया ताकि कोई शक न करे। मै आज उक्त माल को लेकर बाहर निकलने वाला था कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया।

टीम को बीस हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की गई है।

# खाद संचालक के खिलाफ केस

भनवापुर (एसएनबी)। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गड़ावर चौराहे पर स्थित जय ट्रेडर्स पर डीएम सिद्धार्थनगर डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर एसडीएम डुमरियागंज राजेश कुमार, तहसीलदार डुमरियागंज रवि कुमार यादव के साथ ही जिला कृषि अधिकारी सिद्धार्थनगर मो. मुजम्मिल ने छापामार की कार्रवाई किया था। छापामार के दौरान एक दूकान व एक गोदाम में मिले करीब पांच हजार बोरी खाद को सील कर दिया गया था। शुक्रवार को जिला कृषि अधिकारी के तहरीर पर त्रिलोकपुर पुलिस ने दूकान संचालक रामानंद तिवारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**जय ट्रेडर्स पर छापामार के दौरान भारी मात्रा में खाद को किया गया था सील**

इटवा थाना क्षेत्र के हंसुड़ी औसानपुर गांव निवासी रामानंद तिवारी त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गड़ावर चौराहे पर जय ट्रेडर्स नाम के फर्म से खाद का दूकान चलाते हैं। मुखविर के द्वारा डीएम सिद्धार्थनगर को खाद के कालाबाजारी की सूचना दी गई। डीएम के निर्देश पर डुमरियागंज एसडीएम राजेश कुमार व तहसीलदार रवि कुमार यादव के साथ जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल ने भारी पुलिस बल के साथ उक्त दूकान पर शुक्रवार को छापामार की कार्रवाई की, जहां करीब तीन हजार बोरी यूरिया के साथ ही अन्य फास्फेटिक खाद व दवाएं कुल करीब पांच हजार बोरी से अधिक पकड़ा। तत्काल कार्रवाई करते हुए एक दूकान व एक गोदाम को सील कर दिया गया। शुक्रवार को जिला षि अधिकारी सिद्धार्थनगर के तहरीर पर त्रिलोकपुर पुलिस ने दूकान संचालक रामानंद तिवारी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 3(7) ई.सी एक्ट के साथ ही 316(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। इस संवंध में प्रभारी थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर वीरेंद्र कुंवर ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी सिद्धार्थनगर के तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ जिले में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

सिद्धार्थनगर।आज सुबह से ही रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम,खुशी व आस्था के साथ मना।भाइयों ने बहन से राखी बँधवा कर उनकी रक्षा का व्रत व संकल्प लिया।

**घूमधाम। व आस्था के साथ मना**

**स्कूली बच्चों ने पुलिस अधीक्षक के कलाई पर बांधी राखी**

आज सुबह भाई व बहनें नहा धोकर नए कपड़े धारण किये। थाली सजाकर उसमें रोली,अक्षत, दही, आरती का दीप ,राखी रखकर बहनें ,भाइयों को रोली अक्षत माथे पर लगाकर उनका आरती उतारा और उनके हाथ में राखी बाँधा व उनका मुँह मीठा कराया।बहनों ने भाई के दीर्घायु, यश,सुस्वास्थ्य,की कामना की तो भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।सभी उम्र की बहनों ने भाइयों को राखी बाँधी व उनके खुशहाली की ईश्वर से प्रार्थना की।विवाहित बहनें अपने भाइयों के घर आई व राखी बाँधा तो तमाम भाई अपने विवाहित बहनों के घर जाकर राखी बंधवाए और उन्हें उपहार स्वरूप विभिन्न सामग्री प्रदान किया।पूरा माहौल हर्ष से भरा रहा।घरों में तरह तरह के पकवान बनाये गए थे।घरों में राखी के गीत बज रहे थे।



स्कूली बच्चे अधिकारियों को राखी बांधते, सेंट जेवियर्स स्कूल भीमापार की छात्राओं ने एसपी बांधी राखी, भाई को राखी बांधती बहन।

तमाम घरों में विप्रजन अपने यजमानों के यहाँ पहुँचकर उन्हें रक्षासूत्र बाँधे व येन बन्धु, बली राजा ,का मंत्र पढ़े।यजमानों ने उन्हें यथोचित दानपुण्य व अन्य सामग्री दिया व उनसे आशीर्वाद किया।मंदिरों पर भारी भीड़ दिखायी दी।लोग भगवान के दर्शन, पूजन,अर्चन करते दिखे।स्कूली बच्चे अधिकारियों को राखी बाँधे।

रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सेंट जेवियर्स स्कूल भीमापार की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन को उनके आवास पर जा कर रक्षा सूत्र बांधा।पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें रक्षाबंधन त्योहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी तथा उनकी रक्षा सुरक्षा का वचन दिया।इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा रक्षाबन्धन पर्व के उपलक्ष्य में वृद्धा आश्रम पुरानी नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर में बुजुर्ग भाइयों को राखी बांधकर मिष्ठान तथा फल वितरण किया।जिससे वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे।

उसका बाजार प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व हर्ष, उल्लास के साथ पारंपरिक रूप से मनाया गया। भाइयों ने बहनों को उपहार एवं सुरक्षा, सहयोग का वचन दिया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर कस्बा एवं चौराहों पर उत्साह दिखा। जगह जगह मिठाई और राखी की दुकानें सजी दिखीं। तमाम बहनों ने अपने निजी एवं सरकारी साधन का उपयोग कर भाइयों को राखी बांधने मायके पहुंची।

मोहाना बाजार प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा।इससे पहले बहनों ने भाई के माथे पर टीका लगाकर, आरती उतारकर, मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।बहनों ने सुख,समृद्धि, भाई बहन का अटूट रिश्ता ,दीर्घायु की कामना सहित तमाम अपेक्षा रखते हुए भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधा।

# बाइकों की टक्कर में पांच घायल, तीन रेफर

बानगंगा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शोहरतगढ़ खुनुवा मार्ग पर रक्षाबंधन पर्व के दिन शनिवार को दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ पहुंचाया गया।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर तीन की हालत गंभीर देख माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कलेज सिद्धार्थ नगर रेफर कर दिया गया है।शनिवार को आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड नंबर 9 शिवनगर निवासी विकास पुत्र भगौती उम्र 22 वर्ष,शिवा पुत्र राजू उम्र 19 वर्ष व सिद्धार्थ कुमार (22 वर्ष) शनिवार को खुनुवा से शोहरतगढ़ की तरफ आ रहे थे। इनके मोटरसाइकिल की टक्कर नेपाल की तरफ जा रहे राहुल पाण्डेय पुत्र कपिल देव पाण्डेय उम्र 27वर्ष, निर्मला पाण्डेय पत्नी कपिल देव पाण्डेय उम्र 68 वर्ष निवासी गोपालपुर जिला कपिलवस्तु नेपाल की मोटरसाइकिल से हो गई जोरदार टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ पर पहुंचाया। जहां पर ड. अभय भारती ने गंभीर रूप से घायल विकास, शिवा और निर्मला पाण्डेय को इलाज के लिये माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कलेज सिद्धार्थ नगर रेफर कर दिया। लोगों का कहना है कि निर्मला पांडेय नेपाल से भारत में किसी जगह राखी बांधने के लिए आई हुई थी और वह घर वापस जा रही थी।

खाद की दुकान के संचालक पर केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

अपहरण के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, अपहृता भी बरामद


ओवर स्पीड बाइक की ठोकर से महिला बेहोश



दो बाइकों की टक्कर में 5 घायल, इनमें 3 गंभीर

इटवा कस्बे में अकलीमा अस्पताल के डॉक्टर के घर में हुई चोरी का खुलासा, 7.80 लाख रुपये और गहने बरामद

## डॉक्टर के घर में रिश्तेदार ने की थी चोरी, गिरफ्तार



पेट खराब.. समझो दिन खराब..!
Use Digesto Veda
डाइजेस्टो वेदा



### जेल में बहन को देख हो गए भावुक भाई



### भाई को राखी बांधने नेपाल से आई बहन

### छात्राओं ने एसपी को बांधी राखी



### सड़क की पटरी से कब्जा हटाने का दिया निर्देश

## एसएसबी जवानों संग अनाथालय की बच्चियों का उत्सव



43 बटालियन को राखी बांधने पहुंची गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राएं • जागरण

गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं और ब्रह्मर्षि बावरा सिद्धार्थ ममता गृह अनाथ आश्रम जगमोहनी की बच्चियों ने 43वीं बटालियन एसएसबी के जवानों की कलाई पर राखी बांधकर पर्व मनाया। जवानों ने बच्चियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और मिठाई खिलाकर स्नेह जताया। जवानों ने कहा कि वह सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं, लेकिन बहनों के स्नेह को कभी दूर नहीं मानते।

**नपाध्यक्ष ने निभाई 32 साल पुरानी परंपरा**: नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राइनी और उनके पति पूर्व अध्यक्ष मो. इदरीश पटवारी ने इस बार भी 32 वर्ष पुरानी परंपरा निभाते हुए अपने मुंहबोले भाइयों से राखी बंधवाई और बांधी। चमन आरा ने नगर पालिका के लिपिक रविशंकर गुप्ता, उद्योगपति अमित बधवा और जेसीबी चालक अजय दुबे को राखी बांधी। भाई-बहन का इस रिश्ता को निभाना आत्मसंतोष देता है।



रक्षाबंधन पर एसपी डा. अभिषेक महाजन को तिलक लगाकर राखी

# घोड़े की चपेट में आने से किशोर के घायल मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को घोड़े के घसीटने से किशोर के घायल होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घोड़ा पालक थाना क्षेत्र के नीबी दोहनी निवासी गरीबुल्लाह को आरोपित बनाया है। नगर पंचायत के इक्काबान तिराहा के पास शुक्रवार को एक घोड़े ने किशोर हर्षित कसौधन को काफी दूर तक घसीट दिया था। घोड़े को बांधी गई रस्सी में किशोर फंस गया था। किसी ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया था। वहां मौजूद लोगों ने किसी प्रकार घोड़े को काबू में किया और रस्सी व लोहे की छड़ में फंसे घायल किशोर को उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। किशोर के पिता नीबी दोहनी निवासी लक्ष्मीकांत कसौधन की मेडिकल स्टोर है। एसएचओ शोहरतगढ़ विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि घोड़ा पालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**धोखाधड़ी व मारपीट में तीन पर मुकदमा**

शोहरतगढ़ : जमीन और मकान की बिक्री में धोखाधड़ी व पीड़िता द्वारा दिए एडवांस 20 लाख मांगने पर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर किया है।

नगरनिगम गोरखपुर के हुमायुंपुर निवासी मोहम्मद मुर्तजा हैदर ने शोहरतगढ़ थाने पर तहरीर देकर बताया कि शोहरतगढ़ में जमीन खरीदने के लिए तीन वर्ष पहले शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के धनघरा निवासी मो.हुसेन, परसोहिया निवासी मोहम्मद इब्राहिम से मुलाकात हुई। इन लोगों ने कहा कि एक मकान व 13 मंडी जमीन बिकाऊ है। उसके बाद जमीन के स्वामी हरिद्वार पुत्र चन्दभान निवासी नगर पंचायत शोहरतगढ़ से मुलाकात करवाई। पूरे जमीन की कीमत 46 लाख रुपये में तय हुआ और जमीन व मकान एग्रीमेंट भी हो गया। इसके बाद बैंक खाते व चेक के माध्यम 20 लाख विक्रेता हरिद्वार को दिया। शेष राशि बैनामा रजिस्ट्री होने के बाद देने की बात हुई। जमीन की पैमाइश करवायी गयी तो जमीन नौ मंडी निकली। लगातार मांग पर 10 जुलाई को शाम चार बजे इन लोगों ने थाना क्षेत्र एक ढाबा पर मामला सुलझाने के लिए बुलाया। जैसे ही मैं वहां पहुंचा हरिद्वार, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद हुसैन गाली देते हुए मारापीटा।

# किशोरी व बुजुर्ग का वीडियो प्रसारित

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। वीडियो में एक बुजुर्ग एक खंडहर से एक किशोरी के साथ आगे पीछे निकल रहा है। वीडियो के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बुजुर्ग किशोरी के साथ हैवानियत को अंजाम दिया होगा। वीडियो चिल्हिया थाना क्षेत्र का है और दो दिन पुराना बताया जा रहा है। हालांकि दैनिक जागरण वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

35 सेकेंड के वीडियो में एक खंडहर से एक किशोरी निकल कर भाग रही है। इस प्रसारित वीडियो को लेकर बुजुर्ग के कुकृत्य की तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। एक और वीडियो 21 सेकेंड का वायरल है। वह वीडियो एक माह पुराना इसी बुजुर्ग की बताई जा रही, जिसमें एक किशोरी बैठी है और बुजुर्ग वीडियो बनता देख बाग में भाग रहा है। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि खंडहर के बीच से लोग आते जाते हैं। किशोरी व बुजुर्ग भी आ रहे थे।

# अवैध रूप से सात हजार बोरी उर्वरक स्टोर करने पर संचालक पर मुकदमा

- गड़ावर चौराहे पर कालाबाजारी छापेमारी करके प्रशासन की बड़ी कार्रवाई
- दुकान व गोदाम पर एसडीएम डुमरियागंज ने की थी छापेमारी

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : अवैध रूप से 7000 बोरी उर्वरक स्टोर करने के आरोप में शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गड़ावर चौराहे स्थित जय ट्रेडर्स पर छापेमारी के दौरान यह उर्वरक बरामद हुई थी। प्रशासन ने उर्वरक की बोरियां जब्त कर दुकान व गोदाम को सील कर दिया था।

जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम डुमरियागंज राजेश कुमार, तहसीलदार रवि कुमार यादव व जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल ने गड़ावर चौराहे पर दबिश दी थी। सूचना मिली थी कि जय ट्रेडर्स पर भारी मात्रा में उर्वरक का अवैध भंडारण और संभावित कालाबाजारी हो रही है। इस पर अधिकारियों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

जांच में लगभग सात हजार बोरी यूरिया, फास्फेटिक खाद और कृषि दवाएं बरामद हुईं। भारी मात्रा में माल मिलने पर अधिकारियों ने तत्काल दुकान और गोदाम को सील कर दिया। दुकान के संचालक रामानंद तिवारी इटवा थाने के हंसुड़ी औसानपुर का निवासी है। जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर त्रिलोकपुर थाने में उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुंवर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अवैध भंडारण व कालाबाजारी से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

## डीएम ने दी चेतावनी, उर्वरक की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

जासं, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने उर्वरक विक्रेताओं को चेताया है कि अगर कालाबाजारी की सूचना मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खरीफ की खेती के लिए आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। लेकिन इसके बाद भी कालाबाजारी की नियमित शिकायत मिल रही है। डीएम डा. राजागणपति आर ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी करके यह चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि शिकायत मिल रही है कि उर्वरक विक्रय समिति मे आवश्यकता के अनुसार उपलब्धता नहीं हो पा रही है। वहीं प्राइवेट उर्वरक विक्रेता कालाबाजारी की नीयत से इसका भंडारण करके रख रहे है। दुकानदार किसानों मे वितरण नहीं करके इसे अधिक मूल्य पर बेचने का काम कर रहे हैं। वितरण रजिस्टर भी अपडेट नहीं किया जा रहा है। प्रतिदिन का शेष स्टाक भी नहीं दर्शाया जा रहा है। यह दंडनीय अपराध की श्रेणी में है।

**यह और अन्य खबरें देंखे**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_ gorakhpur-city-news-hindi.html

## ननिहाल गई नाबालिग का अपहरण, मुकदमा

जासं, बांसी : छह दिन पहले ननिहाल गई एक नाबालिग को वहीं के युवक ने अपहरण कर लिया। चार दिन तक खोजबीन के बाद परिजनों ने शिवनगर डिड़ई थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी बीते सोमवार को कानपुर जनपद के बिधनू थाना क्षेत्र स्थित ननिहाल गई थी। वहां मझावन गांव के सलमान पुत्र मुर्शीद ने उसका अपहरण कर लिया। नाबालिग की मां ने बताया कि बेटी को खोजा, लेकिन जब अपहरण की जानकारी हुई तो शनिवार को थाने पर सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित को पुलिस तलाश रही है।

## लापता किशोरी को पुलिस ने खोज निकाला

जासं, सिद्धार्थनगर : फेसबुक पर हुई दोस्ती के बाद मित्र के साथ लापता किशोरी को उस्का बाजार थाना की पुलिस ने शनिवार को खोज निकाला। वह बिहार निवासी फेसबुक फ्रेंड के साथ पहले उसके घर चली गई। आरोपित फेसबुक फ्रेंड जब उसे उसके घर छोड़ने आया तो पुलिस ने उस्का बाजार रेलवे स्टेशन से धर दबोचा। आरोपित का नाम बिहार के पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के थाना पताही के चंपापुर गांव निवासी ओमप्रकाश है।

## जांच भटकाने के लिए छोड़ा नेपाली गुटखा का रेपर

पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपित से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके ऊपर कर्ज हो गया है। डा. ओसामा की पत्नी मेरी सास की बहन है। मेरी पत्नी उनके अस्पताल में काम करती है। पत्नी को जेएनएम का कोर्स कराना चाहता था। इसे देखते हुए चोरी की योजना बनाई। घटना वाले दिन सभी लोग हिगुआ गांव में गए थे। वहां पर मौका देख डाक्टर के घर आ गया। पुलिस की जांच को भटकाने के लिए मौके पर नेपाल कंपनी के गुटखा का रेपर भी फेंका था।

# रिश्तेदार ने की थी डाक्टर के घर में लाखों की चोरी, गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक ने किया इटवा में हुई चोरी के घटना का पर्दाफाश

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में इटवा थाना क्षेत्र में डाक्टर के घर में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश किया। इटवा थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चोरी के जेवर और नकदी के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। डाक्टर का आरोपित रिश्तेदार है। संयुक्त टीम ने आरोपित से 7.80 लाख नकद व 17 लाख के जेवर बरामद किए हैं। यह सभी सामान चोरी हुआ था। आरोपित का नाम इटवा थाना के बिरवापुर गांव के अशफाक खान है।



चोरी की घटना के बारे में जानकारी देते एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ( दाएं), सीओ इटवा सुबेंदु

एसपी डा. अभिषेक महाजन ने बताया कि इटवा थाना के नगर पंचायत निवासी डा. ओसामा रब्बानी के घर में 31 जुलाई को चोरी हुई थी। चोर ने घर के एक कमरे में रखे लाखों के जेवर और नकदी की चोरी की थी। इटवा थाना में तहरीर के आधार पर चोरी की मुकदमा दर्ज किया गया। मामले के पर्दाफाश के इटवा थाना, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो कहीं कोई सुराग नहीं मिल रहा था। डाक्टर ने बताया कि वह परिवार के साथ पत्नी के भाई के हिंगुआ गांव स्थित घर पर भोजन करने के लिए गए थे। आरोपित मेरी पत्नी की बहन का दमाद है। वह एक घंटे के लिए वहां से दूसरे की बाइक लेकर कहीं गया था। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपित से पूछताछ की तो पता चला कि वह लखनऊ गया है। टीम ने संदेह पर उसकी निगरानी शुरू कर दी। शुक्रवार देर रात वह घर लौटा और सुबह बिरवापुर गांव के बाहर झाड़ी में छिपाकर रखे सामान को निकाल कर कहीं जाने लगा। तभी पुलिस टीम ने उसे धर दबोचा।



# खाद की दुकान संचालक के खिलाफ केस

## गड़ावर चौराहे पर जय ट्रेडर्स पर छापे के दौरान बड़ी मात्रा में खाद की गई थी सील

संवाद न्यूज एजेंसी

**भनवापुर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गड़ावर चौराहे पर स्थित जय ट्रेडर्स पर शुक्रवार को डीएमडॉ.राजा गणपति आर. के निर्देश पर एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार रवि कुमार यादव के साथ ही जिला कृषि अधिकारी मो.मुजम्मिल ने छापामार कार्रवाई की थी।

इस दौरान एक दुकान व एक गोदाम में मिली करीब पांच हजार बोरी खाद सील कर दी गई थी। शुक्रवार को जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर त्रिलोकपुर पुलिस ने दुकान संचालक रामानंद तिवारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

इटवा थाना क्षेत्र के हंसुड़ी औसानपुर गांव निवासी रामानंद

### डीएम के आदेश पर एसडीएम और तहसीलदार ने कृषि विभाग संग मिलकर की थी कार्रवाई


कालाबाजारी : छापे में पकड़ी पांच हजार बोरी खाद

9 अगस्त को प्रकाशित खबर।

तिवारी त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गड़ावर चौराहे पर जय ट्रेडर्स नाम की फर्म से खाद की दुकान चलाते हैं।

डीएम को खाद की कालाबाजारी की सूचना दी गई। डीएम के निर्देश पर एसडीएम राजेश कुमार व तहसीलदार रवि कुमार यादव के साथ जिला कृषि अधिकारी मो.मुजम्मिल ने दुकान पर शुक्रवार को छापामार की कार्रवाई की, जहां करीब तीन हजार बोरी यूरिया के साथ ही अन्य फास्फेटिक खाद व दवाएं कुल करीब पांच हजार बोरी से अधिक पकड़ी गईं। तत्काल कार्रवाई करते हुए एक दुकान व एक गोदाम को सील कर दिया गया।

शुक्रवार को जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर त्रिलोकपुर पुलिस ने दुकान संचालक रामानंद तिवारी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके जांच में जुट गई है।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुंवर ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी के तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# साढ़े छह किलो सोने के साथ 11 भारतीय पकड़े

## पुलिस ने उनके पास से 444 तोला चांदी और 514,665 रुपये भी बरामद किए

संवाद न्यूज एजेंसी

**कपिलवस्तु।** जिला पुलिस कार्यालय, कास्की पोखरा ने लगभग साढ़े छह किलो सोने के साथ 11 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर से शुरू हुई और पूरी रात चली कार्रवाई के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में जिला पुलिस कार्यालय, कास्की के मुख्य पुलिस अधीक्षक श्यामबाबू ओलिया ने बताया कि उन्हें छह किलो चार सौ ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 444 तोला चांदी और

### गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी कोलकाता, पश्चिम बंगाल के रहने वाले

514,665 रुपये भी बरामद किए हैं। बरामद सोने का बाजार मूल्य 10 करोड़ 97 लाख है।

पुलिस अधीक्षक ओलिया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 11 लोगों को आवश्यक कार्रवाई और जांच के लिए उनके सामान के साथ राजस्व जांच कार्यालय, बुटवल भेजा जाएगा।

शुक्रवार शाम चार बजे एक सूचना मिली कि पोखरा महानगर के वार्ड संख्या-2, 3, 4 और 9 के कुछ इलाकों में अवैध रूप से सोने-चांदी का कारोबार हो रहा है। इस सूचना के आधार पर जांच शुरू की गई जिसके दौरान राजेंद्र रामचंद्र जगताप, माणिकलाल अदक, संदीप धाव, सोमनाथ पाल, दीपक सामंत को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने गोविंदा डिंडा असित वर, तपस सामंत, उज्ज्वल भोमिक, सुनीता पवार और प्रोवास माझी को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिक कोलकाता, पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और पोखरा में लंबे समय से सोने-चांदी के कारीगर के रूप में काम कर रहे हैं।

# पत्नी की पढ़ाई के लिए चोरी...जहां करती थी काम वहीं से नकदी और जेवर उड़ाए

## एसओजी और इटवा पुलिस ने गांव के पास से पकड़ा, निजी अस्पताल में हुई थी लाखों की चोरी की वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। इटवा कस्बे के निजी अस्पताल में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर को एसओजी और इटवा पुलिस ने गांव के पास से दबोच लिया। चोरी करने वाला कोई और नहीं, बल्कि उसी अस्पताल में काम करने वाली महिलाकर्मी का पति है। पत्नी को जेएनएम में दाखिले के लिए उसे रुपये की जरूरत थी। इसलिए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। ऐसी उसने पुलिस की पूछताछ में जानकारी दी है।



आरोपी अशफाक।

### कर्ज से उबरने और दाखिले के लिए रुपये की थी जरूरत

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कर्ज से होने वाली तंगी और जरूरतों को पूरा करने के लिए यही एक रास्ता दिखा। इसलिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उसने बताया कि वह बहुत कर्ज में हो गया था। पत्नी को जेएनएम में एडमिशन कराना था वह अकलिमा हॉस्पिटल में प्रैक्टिस करती है। मेरी सास की बहन अकलिमा (अकलिमा हॉस्पिटल की संचालिका) अक्सर ग्राम हिंगुआ अपने भाई पिंटू के घर खाने-पीने सपरिवार जाती थी। 31 जुलाई को मैं भी उन लोगों के साथ गया था। वहां खाना बनने में समय था तो मैं वहीं अपना मोबाइल छोड़कर चोरी करने के लिए अकलिमा हॉस्पिटल आ गया। मैं पुराने घर के बगल से कैमरे से बचते हुए कमरे में घुसा और चोरी करने के बाद नेपाली गुटखा फेंककर मोटरसाइकिल (जो अकलीमा के भाई पिंटू की थी) से अपने गांव बिरवापुर कब्रिस्तान के बगल में घास-फूस की झाली में माल छिपा दिया और तुरंत अकलिमा हॉस्पिटल आ गया ताकि कोई शक न करे। सोचा मामला ठंड हो गया है, अब ठिकाने लगा दें, लेकिन पकड़ लिया गया

पुलिस ने उसके कब्जे से 7.80 लाख रुपये और आभूषण बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि इटवा कस्बे के निजी अस्पताल में 31 जुलाई को चोरी की वारदता हुई थी।

इस मामले का पर्दाफाश करने के लिए टीम लगी थी। इसमें एसओजी, इटवा पुलिस के अलावा अन्य टीमें लगी थीं। शनिवार सुबह

### 7.80 लाख रुपये नकदी सहित अन्य सामान बरामद

एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी को जानकारी मिली कि चोरी की वारदात अस्पताल में काम करने वाली महिलाकर्मी के पति ने की है।

वह गांव के पास है, और चोरी का आभूषण बेचने के लिए निकलने वाला है। टीम ने मामले को संज्ञान में लिया और इटवा पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गई। यहां पिपरा मुर्गिहवा के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने अपनी पहचान अशफाक खान निवासी बिरवापुर थाना इटवा बताया। उसके कब्जे से 7.80 लाख रुपये और आभूषण बरामद किए गए। पूछताछ करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# जीएनपीएस की छात्राओं ने एसएसबी जवानों को बांधी रखी



सिद्धार्थनगर (वि)। गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शनिवार को एसएसबी 43 वीं वाहिनी कैंप में जवानों को राखी बांधी। भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस त्योहार पर जवानों ने बहनों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया। छात्राओं ने जवानों की दीर्घायु की कामना की। स्कूल की शिक्षिका शोभा मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर छात्राओं ने रखी बांधकर त्योहार मनाया। इस दौरान प्रज्ञा मिश्र, अनिल तिवारी, सौरभ मिश्रा, अवानी, स्नेहा, शगुन, अदिति, कृति आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटवाने की उठाई मांग

शोहरतगढ़। बढ़नी नगर पंचायत के मिल कॉलोनी में सफाई नहीं होने से नालियों व सड़क के किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे नगर के लोगो बहुत ही परेशानी हो रही है। बढ़नी कस्बे के मिल कालोनी गन्ना दफ्तर की तरफ जाने वाले नाले की कई महीनों तक सफाई नही हुई है। जिससे नाला गंदगी से पट गया है। मिल कॉलोनी के लोगों का कहना कि मिल कालोनी कस्बे का जिम्मेदार ध्यान नहीं दे है। क्षेत्र के अजय, विजय, अमन आदि लोगों ने नाली की सफाई व अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है। संवाद

# रक्षाबंधन पर छात्राओं ने अपनी बनाई राखी पुलिसकर्मियों को बांधी



डुमरियागंज थाने पर एसआई मनोज कुमार पटेल को राखी बांधती प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं। स्रोत-विज्ञप्ति

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**डुमरियागंज।** हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय डुमरियागंज प्रथम की छात्राओं ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में स्वयं निर्मित तिरंगा राखी डुमरियागंज थाने के एसआई मनोज कुमार पटेल सहित पुलिसकर्मियों को बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। बदले में पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बीईओ अशोक कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक धर्मराज दुबे, नसीम अहमद, नेहा दीक्षित, बरखा, मलिक निकहत, दिव्या सोनी, ज्योति आदि मौजूद रहीं।

## जेल में कैदियों को बांधी राखी

**सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार में रक्षाबंधन हर्षोल्लास और श्रद्धा से मनाया गया। सुबह से ही उत्साह के साथ जिला कारागार में चहल-पहल देखने को मिली। जेल प्रशासन ने विशेष रूप से तैयारियां की थीं। सुरक्षा के साथ-साथ सजावट पर भी विशेष ध्यान दिया गया। परिसर में रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजावट की गई। जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने बताया कि कुछ बहनों ने बताया कि वे लंबे समय से अपने भाइयों से नहीं मिल पाईं। रक्षाबंधन का यह अवसर उनके लिए बेहद खास था। एक बहन ने भावुक होकर कहा कि भले ही मेरे भाई जेल में हैं, लेकिन उनके लिए मेरा स्नेह और आशीर्वाद हमेशा साथ है। राखी बांधने का यह क्षण मेरे जीवन का सबसे कीमती पल है। कई कैदियों ने भी कहा कि यह पर्व उन्हें परिवार की याद दिला देता है। उनके भीतर घर लौटकर नई शुरुआत करने का संकल्प जगाता है। एक कैदी ने कहा, जब बहन राखी बांधती है, तो लगता है जैसे हम घर में हैं, और यह हमें सही राह पर लौटने की प्रेरणा देता है। जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रशासन हर साल इस पर्व को विशेष रूप से मनाने की तैयारी करता है। इसके लिए सुरक्षा इंतजाम और बैठक कक्ष की सजावट के साथ-साथ कैदियों और उनके परिजनों की मुलाकात का समय भी बढ़ाया जाता है, ताकि वे बिना जल्दबाजी के अपने भावनात्मक पल जी सकें। संवाद

## छात्राओं ने एसपी को बांधी राखी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइंस में शनिवार को एसपी डॉ. अभिषेक महाजन को सेंट जेवियर्स भीमापार की छात्राओं ने राखी बांधी। एसपी ने उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुरक्षा के प्रति भी आश्वस्त किया। संवाद

# पुल की रेलिंग टूटी, हादसे का खतरा

**बढ़नी।** एनएच-730 बढ़नी-पचपेड़वा मार्ग पर स्थित चरगहवा नदी पर बने पुल की रेलिंग कई माह से टूटी है। इससे हादसे का खतरा बना है, लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर हैं। हर साल बोर्ड लगाने और जर्जर की मरम्मत कराने के लिए योजनाएं तैयार होती हैं, लेकिन वह कागजों तक सिमट कर रह जाती हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। रात के समय या बारिश में विजिबिलिटी कम होने पर यह रेलिंग दुर्घटना का कारण बन सकती है। लोगों का कहना है कि क्या कोई बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार किया जा रहा है। पुल के आसपास कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है और न ही अस्थायी बैरिकेडिंग की गई है, जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाएं।

स्थानीय नागरिक विशाल, मंगरे, बबलू, सुभाष, एडवोकेट धर्मेंद्र पांडेय ने मांग की है कि टूटी रेलिंग की जल्द मरम्मत कराई जाए और तब तक अस्थायी व्यवस्था की जाए, जिससे यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। संवाद

मामला संज्ञान में है, जल्द ही इस समस्या का ही निस्तारण कर दिया जाएगा। -**आरके वर्मा,** अधिशासी अभियंता, नेशनल हाईवे-730

# जमीन बैनामा करने के नाम पर 20 लाख हड़पे, पिटाई भी की

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया केस

## शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** थाना क्षेत्र में जमीन और मकान की बिक्री में धोखाधड़ी व पीड़िता द्वारा दिए 20 लाख रुपये मांगने पर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गोरखपुर के वार्ड हुमायूंपुर निवासी मोहम्मद मुजतबा हैदर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शोहरतगढ़ में जमीन लेने की चाहत तीन वर्ष पहले मोहम्मद हुसैन धनधरा थाना शोहरतगढ़, मोहम्मद इब्राहिम निवासी परसोहिया थाना शोहरतगढ से मुलाकात हुई। इन लोगों कहा कि एक मकान व 13 मंडी जमीन बिकाऊ है। वही खरीद लीजिए। इन की बात मानकर जमीन व मकान देखा। खतौनी भी इन लोगों ने दिखाई। उसके बाद जमीन के स्वामी हरिद्वार पुत्र चंद्रभान निवासी नगर पंचायत शोहतरगढ़ से मुलाकात करवाई। पूरी जमीन की कीमत 46 लाख रुपए तय हुई और जमीन व मकान एग्रीमेंट भी हो गया।

इसके बाद बैंक खाते व चेक के माध्यम 20 लाख रुपये विक्रेता हरिद्वार को दिए। शेष राशि 26 लाख रुपये बैनामा रजिस्ट्री होने के बाद तय हुई। उसके बाद जब जमीन व मकान की बैनामा रजिस्ट्री की बात आई तो उन लोगों ने कहा कि जो 20 लाख रुपये दस्तावेज में नहीं दर्शाई जाएगी। नहीं तो स्टांप की फीस अधिक लगेगी। जमीन की पैमाइश करवाई गई तो जमीन नौ मंडी निकली। उसके बाद उन लोगों ने कहा कि पैसा नौ मंडी का ही देंगे।

जमीन बैनामा रजिस्ट्री कर दो। इन लोगों ने करीब दो वर्ष आजकल में बिता दिए। जमीन व मकान खरीदने के लिए दिए गए 20 लाख रुपये की मांग की तो चेक दिए। जो बाउंस हो गए। एक साल और गुजर गए। जब इन लोगों से पैसे की मांग करते रहे तो 10 जुलाई को शाम चार बजे इन लोगों ने थाना क्षेत्र एक ढाबा बुलाया कहा कि आओ हम लोग बात कर मामला सुलझा लेते हैं। जैसे ही मेरे साथ अली जहीर सिद्दीकी वहां पहुंचा। तभी वहां मौजूद हरिद्वार, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद हुसैन गालियां देने लगे।

# किशोरी के साथ खंडहर से निकला वृद्ध, चर्चाएं तेज

**शोहरतगढ।** चिल्हिया थाना के एक गांव में गंदगी से भरे खंडहर से एक किशोरी व एक समुदाय के वृद्ध के निकलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा कि गंदगी से भरे खंडहर से एक किशोरी निकल रही है। उसके पीछे एक समुदाय का व्यक्ति निकल रहा है। वीडियो बना रहे लोगों से आंख नम कर हाथ जोड़ रहा था। हालांकि, संवाद न्यूज एजेंसी इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा यह वीडियो दो दिन पहले का है। सूत्रों के मुताबिक एक गांव में गंदगी से भरे खंडहर में कुछ लोगों के होने की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने देखा कि अंदर एक किशोरी व एक समुदाय का वृद्ध मौजूद है। बाहर हलचल होने पर किशोरी भाग गई। किशोरी के निकलने के बाद कुछ सेकेंड बाद वृद्ध निकला। इस दौरान लोग वीडियो बना रहे थे। वीडियो बनता देख व्यक्ति आंख नम कर लोगों से हाथ जोड़कर इशारों में वीडियो नहीं बनाने के लिए कह रहा था।

उसके बाद किसी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस संबंध में चिल्हिया एसओ रामदेव ने बताता कि उस खंडहर से रास्ता निकलता है। उस दौरान किशोरी निकली, उसके बाद व्यक्ति निकला। किसी ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया। संवाद

# सिद्धार्थनगर पुलिस ने की हरिहरपुर विद्युत उपकेन्द्र पर छापेमारी

**नाथनगर (एसएनबी)।** नगर पंचायत हरिहरपुर में शनिवार को सिद्धार्थनगर पुलिस ने विद्युत उपकेन्द्र हरिहरपुर पर छापेमारी कर विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियन्ता को गिरफ्तार करने का प्रयास किया लेकिन अवर अभियन्ता के उपकेन्द्र पर उपस्थित न होने से उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अवर अभियन्ता की गिरफ्तारी करने के लिए पहुंचे सिद्धार्थनगर जनपद के शोहरतगढ़ थाने पर कार्यरत उपनिरीक्षक कमलेश मिश्रा ने बताया कि हरिहरपुर विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियन्ता सुनील कुमार के विरूद्ध सिद्धार्थनगर जिले के न्यायालय द्वारा गैरजमानती वारण्ट जारी किया गया है जिसके अनुपालन में अवर अभियन्ता की गिरफ्तारी करने के लिए वह शनिवार को विद्युत उपकेन्द्र हरिहरपुर पहुंचकर छापेमारी की। उपनिरीक्षक ने बताया कि छापेमारी करने के बारे में जानकारी महुली पुलिस को भी दे दी गई है। उपनिरीक्षक ने बताया कि शोहरतगढ़ निवासी विनोद कुमार ने विद्युत संबंधी एक वाद एडीजे फर्स्ट सिद्धार्थनगर न्यायालय में दायर किया है जिसमें बार-बार समन के बाद भी अवर अभियन्ता लापरवाही बरत रहे हैं और न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हो रहे हैं तो न्यायालय ने उनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया है जिसके क्रम में शनिवार को महुली थाने में सूचना देकर विद्युत उपकेन्द्र हरिहरपुर पर छापेमारी की गई लेकिन वह मौजूद नही मिले। पुलिस को बैरंग वापस जाना पड़ा। सिद्धार्थनगर पुलिस के छापेमारी के इस कार्रवाई से विद्युत उपकेन्द्र हरिहरपुर के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-08-2025

# घर लौट रहे युवक पर जान लेवा हमला, तीन नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोदवट के निकट एक कुटी के समीप धनघटा बाजार से लौट रहे एक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला बोल कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। घटना के संबंध में महुली थाना क्षेत्र की ग्राम रेवटा निवासी मनीष राय पुत्र भुनकेश्वर राय ने महुली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह शुक्रवार की देर शाम धनघटा बाजार से मोबाइल बनवा कर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह कोदवट गांव के निकट एक कुटी के समीप पहुंचा पहले से ही घात लगाए बैठे तीन युवकों ने उस पर ताबड़तोड़ हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे उसके सिर में काफी चोट लगी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रेवटा गांव निवासी साबित अली का लड़का नाम अज्ञात और दो अन्य सहयोगी नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई है। पुलिस नामजद अभियुक्तों को तलाश रही है।

# चार वर्ष से न्याय के लिए संघर्ष कर रही है विधवा

हैंसर (एसएनबी)। धनघटा क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के दौरान किये गए पत्थर नसब को उखाड़ने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न किया जाना जिम्मेदारों के क्रियाकलापों की पोल खोल रहा है। धनघटा तहसील के आगापुर उर्फ गुलरिहा में राजस्व विभाग की टीम ने कई बार गाटा संख्या 606 व 607 की पक्की पैमाइश कर पत्थर नसब किया था।लेकिन गांव के दबंग पत्थरों को उखाड़ कर उठा ले गए। पीड़ित ने तहसीलदार धनघटा से न्याय की गुहार लगाई है। आरोपियों के खिलाफ अभी तक कानूनी कार्रवाई नही हुई।

- **कई बार पैमाइश का पत्थर उखाड़ चुके हैं दबंग**
- **राजस्व निरीक्षक की मनमानी से न्याय मिलना हुआ कठिन**

उक्त प्रकरण में राजस्व निरीक्षक द्वारा शिथिलता बरतने का आरोप लग रहा है। गुलहरिया निवासी धूपा देवी पत्नी राम नौकर विगत 4 वर्षो से न्याय के लिए संघर्ष कर रही हैं। अपनी भूमि पर कब्जा पाने के लिए वह थाना तहसील का चक्कर काट रही हैं। जिम्मेदार त्वरित न्याय के नाम पर केवल खानापूर्ति ही कर रहे हैं। कई बार विधवा की जमीन का सीमांकन हुआ और पत्थर नसब की कार्रवाई भी की गई लेकिन विपक्षी दबंग होने के कारण पत्थर को उखाड़ कर फेंक देते हैं। धूपा देवी का कहना है कि आरोपी जान-माल की धमकी भी दे रहे हैं। अभी कुछ ही दिन पहले पत्थर नसब तहसील प्रशासन द्वारा किया गया लेकिन उसी दिन विपक्षी हरखू पुत्र रामदेव आदि राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के दौरान लगाए गए पत्थर को उखाड़ कर उठा ले गए। तहसील में इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। उक्त प्रकरण में धनघटा थाने में मुकदमा भी पंजीकृत हुआ लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बढ़े हैं। इस संबंध में तहसीलदार ने बताया कि इस मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# अधिवक्ता को गोली मारने की धमकी, केस दर्ज

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** दीवानी कचहरी संतकबीरनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता को गोली मारने की धमकी देने के आरोप में दुधारा पुलिस ने एसपी के निर्देश पर केस दर्ज किया है। मामले में पुलिस जांच करने में जुट गयी है। मामला जमीनी विवाद में आरोपी के खिलाफ पैरवी करने से जुड़ा है। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में अधिवक्ता के भाई निजामुद्दीन पुत्र महीबुल्लाह ग्राम चंवरिया थाना दुधारा ने कहा है कि उनके गांव का अब्दुल हफीज पुत्र मुर्तजा और हमीदुल्लाह गांव में खलिहान गाटा सं. 61 रकबा .006 हेक्टेयर अर्थात 4 बिस्वा 16 धुर में से आधा हिस्सा 2 बिस्वा 8 धुर पर अवैध रूप से मकान का निर्माण कर लिया है। साथ ही अपराध के साक्ष्य को छिपाकर लाइसेंसी रिवाल्वर की धौंस दिखाते हैं। उनकी राजनैतिक पैठ भी है। अवैध निर्माण की शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उनके भाई कमरुद्दीन खान एडवोकेट ने उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका सं. 1842/2025 योजित कर दिया। इससे नाराज होकर बीते 15 जुलाई को अब्दुल हफीज व हमीदुल्लाह ने धमकी दी कि यदि मुकदमा नहीं उठाया तो तुम्हें और तुम्हारे वकील भाई को गोली मार देंगे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमें भी दर्ज हैं। अब्दुल हफीज पर करीब आधा दर्जन मुकदमें मुकामी थाने में दर्ज हैं। इस मामले में एसपी के निर्देश पर दुधारा पुलिस अब्दुल हफीज पुत्र मुर्तजा ग्राम चंवरिया थाना दुधारा, हमीदुल्लाह पुत्र अज्ञात ग्राम चंवरिया थाना दुधारा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


डेढ़ दर्जन गांवों के चारों तरफ भरा नदी का पानी, लाल निशान से मात्र 30 सेंटीमीटर. नीचे है नदी का जलस्तर

# सरयू नदी का जलस्तर स्थिर होने से राहत

**बाढ़**

**धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा क्षेत्र में सरयू नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि का क्रम सुबह से थम गया है। शनिवार की शाम तक नदी का जलस्तर लाल निशान 79.400 मीटर के सापेक्ष 79.100 मीटर पर पहुंच सुबह से स्थिर बना है। नदी की धारा और एमबीडी महाबांध के बीच बसे डेढ़ दर्जन गांवों के चारो तरफ नदी का पानी पहुंच चुका है। गांवों को महाबांध से जोड़ने वाले संपर्क मार्ग बाढ़ के पानी से डूब रहे हैं। नदी और महाबांध के बीच पानी भर जाने से धान की फसलें डूब चुकी हैं। वहीं पशुओं का हरा चारा पानी में डूब गया है जिससे पशु पालकों के समक्ष चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। नदी का बढ़ता जलस्तर देख मांझवासी चिन्तित नजर आ रहे है।

इस वर्ष बारिश के मौसम में सरयूनदी के जलस्तर में पहली बार वृद्धि हुई है। चार दिन पूर्व तक नदी का पानी बिलकुल धारा में सिमटा था लेकिन बीते 4 दिनों के भीतर तेजी के साथ नदी के पानी में वृद्धि शुरू हुई है। इन चार दिनों में नदी के जलस्तर में लगभग 85 सेमी. से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। शनिवार की शाम नदी का जलस्तर जहां 79.100 सेमी. पर स्थिर बना हुआ है। नदी का जलस्तर बढ़ने से तुर्कवलिया नायक, ढोलवजा, गुंनवतिया, सीयर कला, कंचनपुर, गायघाट दक्षिणी, कटहा खैरगाड़, दौलतपुर, आगापुर गुलहरिया, कंचनपुर, नरायनपुर, माझा चहोड़ा सहित छोटे-छोटे करीब डेढ़ दर्जन गांवों के चारो तरफ नदी का पानी घिर रहे हैं। आगे भी अगर यही हालत रही तो गांव के लोगों को घर से पलायन कर सुरक्षित स्थान पर ठिकाना बनाकर गुजर करना मजबूरी बन जाएगी। नदी का जलस्तर बढ़ता देख माझावासियों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए अपना जरूरी सामान समेटना शुरू कर दिया है। इस सम्बन्ध में तहसील प्रशासन का कहना है कि नदी के जलस्तर पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है।



चकदहा गांव के रास्ते पर पानी चढ़ने से नाव से जाते ग्रामीण।

- माझा क्षेत्र के गांवों में जाने वाला संपर्क मार्ग बाढ़ के पानी में डूबा
- पशुपालकों के समक्ष चारे का हो गया है संकट

### जनपद में चार गांव बाढ़ के पानी से चारों तरफ से घिरे

माझा क्षेत्र के सरैया, खरैया, ढोलबजा व चकदहा गांव के चारों तरफ नदी का पानी घेर लिया है जिससे गांव से निकालने के सभी मार्ग बाढ़ के पानी से डूब गए हैं। ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं खुल रहा है। दो प्राइवेट नौका को लगाकर ग्रामीण गांव से बंधे पर आ जा रहे हैं। परन्तु शासन प्रशासन द्वारा अभी तक उन्हें कोई सहायता नहीं मिल पाई है।



शहर में शाम के समय तेज बारिश हुई।

## रात भर रह-रह कर धीमी गति से हुई बारिश

संतकबीरनगर। पछले पांच-दिनों से रुक,रुक कर धीमी गति से हो रही बारिश फसलों के संजीवनी दे रही है। मौसम का मिजाज पूरी तरह से बारिश के अनुकूल बना हुआ है।

सावन की पूर्णिमा के दिन भोर से ही हल्की बारिश होती रही। रात भर रह-रह कर धीमी गति से बारिश होती रही। सुबह आठ बजे तक बारिश होती रही। उसके बाद भी बारिश तो ठहर गई, लेकिन आसमान में घने बादल छाए रहे। दिन में फिर कई बार अलग-अलग क्षेत्र में बारिश हुई। बादलों व बारिश के चलते तापमान कम हो गया। प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए हो रही हल्की बारिश फसलों को तेजी से ग्रोथ दे रही है। दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बीती रात से ही मौसम बारिश के अनुकूल बना हुआ है।

शुक्रवार रात में आसमान में बादल चमकते रहे और धीमी गति से बारिश होती रही। शनिवार की सुबह तक रुक रुक कर बारिश हुई। शनिवार को सुबह आठ बजे के बाद आसमान में बादल कुछ इस प्रकार से छाए रहे, जैसे बारिश होने वाली है। दोपहर में कलक्ट्रेट व बड़गो आदि क्षेत्र में रुक रुक कर बारिश हुई। दोपहर बाद साढ़े तीन बजे पूरे शहरी क्षेत्र में तेज बारिश हुई। शाम के समय एक बार फिर हल्की फुहारें पड़ी, लेकिन भारी बारिश नहीं हुई।

# अभियान चला ब्लैक स्पॉट पर साइन बोर्ड लगवाया

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना के निर्देश पर प्रभारी यातायात परमहंस ने थाना बेलहरकला के सांथा चौराहा ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं के रोक-थाम हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर साईन बोर्ड लगवाया। लोगों को यातायात के नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। आम जनमानस को वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने की अपील की।

# भटकी महिला पुलिस के जरिए परिजनों को मिली

मगहर। गोरखपुर के हरपुर बुरहट थाना के ग्राम तामा निवासी 65 वर्षीय वृद्धा राजमती देवी पत्नी घूरन घर से भटक कर शुक्रवार की देर शाम कोतवाली खलीलाबाद के मगहर कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर में पहुंची। दुकान पर पहुंचे इस्लाम नगर मोहल्ला निवासी समाजसेवी हाफिज रिजवान अहमद ने मगहर पुलिस को वृद्धा के बारे में जानकारी दी। मगहर चौकी इंचार्ज मनीष जयसवाल ने बताया कि वृद्ध महिला द्वारा पूछताछ में गोरखपुर जनपद के खजनी का नाम बताने पर तफ्तीश कराने पर उनके मायके के लोगों के बारे में जानकारी मिली। महिला का नाम राजमती देवी पत्नी घूरन गोरखपुर जनपद के हरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तामा की निवासी है।

# शांति भंग में दो गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शान्ति भंग की आशंका में दो को गिरफ्तार किया है। मेंहादवल और धर्मसिंहवा पुलिस ने भी एक-एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

फेसबुक से बने दोस्त के साथ गोरखपुर घूमने गई थी महिला

# सीहापार के समीप सड़क हादसे में विवाहिता की मौत

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के कांशीराम शहरी आवास की रहने वाली एक विवाहिता की शुक्रवार की देर शाम सहजनवा क्षेत्र के सीहापार के पास हुए हादसे में मौत हो गई। विवाहिता को उसका दोस्त ई-रिक्शा से लेकर मगहर पुलिस चौकी पहुंचा, वहां से पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से विवाहिता को जिला अस्पताल भेजवाया, वहां डॉक्टरों ने देखते ही विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर शनिवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया।

कांशीराम आवास के रहने वाले संदीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 में उसने कांशीराम आवास की रहने वाली 26 वर्षीय ज्योति त्रिपाठी से प्रेम विवाह किया था। दोनों से एक 10 साल की बेटी अक्षरा है। छह महीने से पत्नी ज्योति अपने मायके में रह रही थी। जबकि बेटी अक्षरा उसी के साथ रहती थी। शुक्रवार को पता चला कि पत्नी ज्योति किसी के साथ बाइक से गोरखपुर गई थी। रात करीब 08 बजे गोरखपुर से लौटते दौरान सहजनवा क्षेत्र के सीहापार ओवरब्रिज के पास अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में पत्नी घायल हो गई और उसे लोग जिला अस्पताल लाए, वहां देखते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत से पति संदीप गमगीन थे। वहीं मृतका के भाई शिव प्रसाद ने बताया कि संदीप और ज्योति में पारिवारिक वजह को लेकर अनबन थी। करीब छह महीने से ज्योति बगहिया में किराए पर कमरा लेकर अलग रहती थी। सूरज गुप्ता नाम का युवक ज्योति को लेकर जिला अस्पताल आया था, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया।



ज्योति त्रिपाठी (फाइल फोटो)।

- घायलावस्था में ई-रिक्शा से लेकर मगहर चौकी पहुंचा था दोस्त
- पुलिस ने एबुलेंस से पहुंचावाया जिला अस्पताल, डॉक्टर ने मृत घोषित किया

**फेसबुक से बने दोस्त संग गई थी गोरखपुर घूमने:** मगहर चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे ई-रिक्शा से घायलावस्था में विवाहिता को लेकर एक युवक चौकी पर पहुंचा। युवक ने अपना नाम सूरज पता मगहर और घायल विवाहिता का नाम ज्योति बताया। बताया कि चार महीने पहले फेसबुक से दोनों के बीच दोस्ती हुई थी। शुक्रवार को दोपहर में दोनों बाइक से गोरखपुर से घूमने गए थे। गोरखपुर से लौटते समय सीहापार ओवरब्रिज के पास ट्रक ने टक्कर मार दिया। विवाहिता को जिला अस्पताल भेजवा दिया गया, वहां डॉक्टर ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया।

# मोबाइल बनवाकर लौट रहे युवक पर हमला, 3 पर केस

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा बाजार से मोबाइल बनवाकर घर लौट रहे युवक पर कुछ लोगों ने महुली क्षेत्र के कोदवट स्थित कुटी के निकट हमला करके घायल कर दिया। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में रेवटा के मनीष राय पुत्र भुनेश्वर राय ने बताया कि वह शुक्रवार को मोबाईल फोन मरम्मत कराने के लिए धनघटा बाजार गया था। देर शाम करीब आठ बजे जब वह वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान वह कोदवट गांव के कुटी के समीप पहुंचा। पहले से घात लगाकर बैठे गांव के साबित अली के पुत्र ने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ उसे रोक लिया। गाली देने लगा। एतराज करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर प्रतिवादी साबित अली का लड़का नाम अज्ञात व कुछ अन्य नाम पता अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की तफतीस में जुट गई है।

**महुली क्षेत्र के कोदवट गांव के निकट का मामला**



युवक के लापता होने की सूचना पर शराब की दुकान पर पूछताछ करते पुलिस कर्मी।

# युवक के लापता होने से 8 घंटे हलकान रही पुलिस

- बेलहर क्षेत्र भानपुर गांव का मामला, काफी तलाश के बाद मिला युवक
- एक दिन पहले घर से दोस्तों के साथ चौराहे पर गया था शराब पीने

राजघाट, हिन्दुस्तान संवाद। बेलहर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलाखर्ग के राजस्व गांव भानपुर में शुक्रवार शाम के बाद एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। शनिवार सुबह गांव के सिंवान में उसकी मोटरसाइकिल मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर मामले की जांच की मांग की। उसकी तलाश में पुलिस आठ घंटे परेशान रही। शनिवार को दोपहर बाद आमी नदी पार डंड़वा घाट के पास जिन्दा बरामद हुआ तो पुलिस व परिजनों ने राहत की सांस ली।

भानपुर निवासी दिलीप कुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई संजय यादव (35) पुत्र प्रकाश यादव शुक्रवार को गांव के कुछ लोगों के साथ भगौसा चौराहे पर देशी शराब पीने गया था। इसी दौरान शराब की दुकान पर कुछ लोगों से विवाद हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन रात में कोई सुराग नहीं मिला। सुबह फिर खोजबीन के दौरान गांव के सिवान में संजय की मोटरसाइकिल बरामद हुई, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। अनहोने की आशंका पर पुलिस को जानकारी दी।

सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी श्याम मोहन ने घटना स्थल का निरीक्षण कर छानबीन शुरू की। शराब की दुकान और विवाद में शामिल लोगों से पूछताछ की। दोपहर बाद सूचना मिली कि लापता युवक निकट आमी नदी पार डंड़वा घाट के पास है। किसी ने देखा तो परिजनों को सूचना दी कि संजय जिन्दा है। इस पर परिवार ने राहत की सांस ली। वहां से संजय को लेकर आए। संजय ने बताया कि नशे के हाल में वह कहां गया था, उसे कुछ पता नहीं चल पाया। फिरहाल परिजनों ने संजय के मिलने पर ईश्वर को धन्यवाद दिया। वहीं पुलिस मामले को लेकर लापता युवक से गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

# जिला अस्पताल में भर्ती दो दिन के शिशु की मौत

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती दो दिन के शिशु की उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई। शिशु के कोई अभिभावक न होने की वजह से अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने शिशु के शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज सुरक्षित रखवा दिया है।

कलक्ट्रेट चौकी के दीवान अनिल कुमार सिंह और कांस्टेबल उमेश कुमार नें बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि बेलहर क्षेत्र की आशा दुर्गावती उक्त दो दिन के शिशु को लेकर जिला अस्पताल आई थी और भर्ती करा कर चली गई। एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला ने शिशु को जन्म दिया था। शिशु के साथ कोई अन्य परिजन नहीं है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# बंजर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत बखिरा के परतिया में काली माता का प्राचीन मंदिर है। इसी परिसर मे बंजर भूमि है। जिस पर बीते एक वर्ष से कुछ लोग अवैध कब्जा करना चाह रहे हैं। शौचालय निर्माण भी कर लिया है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा जिम्मेदारों की मिलीभगत से निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। निर्माण सामग्री इकट्ठा किया गया है। स्थानीय लोगो की शिकायत पर एसडीएम सदर ने अवैधनिर्माण रुकवाने का आदेश दिया है। फिर भी कब्जाधारक मनमानी पर उतारू हैं।

परतिया स्थित काली मन्दिर परिसर में करीब डेढ़ बीघा बंजर व डीह की भूमि है। करीब आठ माह पूर्व परतिया निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों की शह पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत करने पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण रुकवा दिया गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद चोरी-छिपे शौचालय का निर्माण करा लिया गया। इसकी जानकारी होने पर सभासद राजेश गुप्ता ने इसकी शिकायत ईओ आदित्य प्रकाश, चेयरमैन के साथ एसडीएम सदर से किया।



नगर पंचायत बखिरा के परतिया में बंजर जमीन पर होता अवैध निर्माण।

# एमवी एक्ट में 138 वाहनों का किया गया चालान

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 138 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1, 76,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# दो सगी बहनों को बंगलुरु बुला लिया आरोपी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो सगी बहनें 28 जुलाई से घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। पीड़ित मां का आरोप है कि उसकी 12 वर्षीय बेटी व 14 वर्षीय बेटी को फोन करके बहला फुसला कर 28 जुलाई को कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र का रहने वाले विशाल कुमार ने बंगलौर बुला लिया है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले में आरोपी विशाल कुमार पर दोनों किशोरी बहनों को बहला कर भगाने का केस दर्ज कर लिया गया है। पता चला है कि पीड़ित परिजनों का फोन से संपर्क हुआ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बंधन पर्व

नाथनगर। नाथनगर ब्लाक क्षेत्र में रक्षा बंधन का पर्व बड़े ही शांति पूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर मिठाई खिलाया। भाइयों ने ने भी उनकी सुरक्षा का भरोसा के साथ उपहार दिया। मंदिरों में पूजा कार्यक्रम भी किए गए। क्षेत्र में सुरक्षा के काफी इंतजाम किए गए थे। बाजारों में भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ डटे रहे।

# कोर्ट के आदेश पर तीन सगे भाई समेत 6 पर केस

संतकबीरनगर। कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने बंजरिया पठान गांव के रहने वाले तीन सगे भाई समेत छह के खिलाफ घर में घुस कर मारने-पीटने और तोडफोड़ करने का मुकदमा दर्ज किया। केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। बखिरा क्षेत्र के बंजरिया पठान निवासी तबरेज पुत्र हमीद का आरोप है कि उसके गांव में 23 मई को शादी थी। आरोप है गांव के विरेंद्र, संतोष, मनोज, नागेंद्र, बुद्धिराम, सोनू ने घर में घुस गए और उसे मारेपीटे। पुलिस को तहरीर दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे पुलिस ने उसपर ही केस दर्ज कर लिया। मजबूर होकर कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। एसओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि विरेंद्र, संतोष, मनोज, नागेंद्र, बुद्धिराम, सोनू पर केस दर्ज का लिया गया है।

# पुलिस वारंट लेकर पहुंची उपकेंद्र, नहीं मिले जेई

नाथनगर। सिद्धार्थनगर जनपद की पुलिस टीम ने शनिवार को विद्युत उप केंद्र हरिहरपुर में छापेमारी की। लेकिन वारन्टी अवर अभियंता नहीं मिले। जिसके चलते टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस मामले को लेकर पूरे दिन चर्चा का बाजार गर्म रहा। सिद्धार्थनगर जनपद के शोहरतगढ थाना के उपनिरीक्षक कमलेश मिश्रा ने बताया कि हरिहरपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई सुनील कुमार पर सिद्धार्थनगर जिले में न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। जिसके अनुपालन में वे शनिवार को विद्युत उपकेंद्र हरिहरपुर पहुंचे। इस दौरान स्थानीय पुलिस से भी सहयोग लिया गया। उपनिरीक्षक ने बताया शोहरतगढ निवासी विनोद कुमार ने विद्युत संबंधी एक वाद एडीजे फर्स्ट सिद्धार्थनगर न्यायालय में दायर किया था। जिसमें अवर अभियंता लापरवाही पूर्वक अदालत नहीं पहुंच रहे हैं।

# भीड़ ट्रैफिक कंट्रोल में जुटी पुलिस

**नाथनगर।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर महुली क्षेत्र के विभिन्न बाजारों और कस्बों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। भीड़ बढ़ी तो हल्का इंचार्ज सोमनाथ मिश्रा ट्रैफिक कंट्रोल में जुठ गए और इंचार्ज रजनीश राय ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया। त्योहार की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की अधिक संख्या के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।थाना प्रभारी रजनीश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कड़ी मेहनत की। महुली टैक्सी स्टैंड तिराहे पर यातायात व्यवस्था का जिम्मा हल्का इंचार्ज सोमनाथ मिश्रा ने संभाला। उन्होंने स्वयं सड़क पर उतरकर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से रवाना किया।



जेल में पहुंच भाइयों को राखी बांधती बहनें।

# जेल में बंद भाइयों को बहनों ने बांधी राखी

**संतकबीरनगर**। जिला कारागार में शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया। सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे 335 बहनों ने जेल में बंद 222 भाइयों को राखी बांध कर रक्षा का आशीर्वाद प्राप्त किया। जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि सात शिफ्ट में बंदियों से उनकी बहनों की मुलाकात कराई गई। सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कुल 222 पुरुष बंदियों से 335 महिलाओं ने मुलाकात की। इन महिलाओं संग 149 बच्चे भी आए थे। जेल में बंद एक महिला बंदी से उसके भाई ने पहुंच कर मुलाकात की और राखी बंधवाई।

# हास्टल से छात्र के अपहरण में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : गोरखनाथ क्षेत्र से 12वीं के छात्र के अपहरण मामले में पुलिस ने शनिवार की रात संतकबीर नगर जिले के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। घटना में शामिल रहे तीन अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी चल रही है। अपहरण की घटना तीन अगस्त की रात में हुई थी। आरोपित हास्टल से छात्र को कार में उठा ले गए थे।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि राम्नगर चौराहे के पास स्थित हास्टल में रहकर महराजगंज जिले के निचलौल, भरवलिया का अनन्य मणि त्रिपाठी मियां साहब इस्लामिया स्कूल में 12वीं की पढ़ाई करता था। संतकबीर नगर निवासी लकी त्रिपाठी तीन अगस्त की रात में 1:30 बजे साथियों के साथ हास्टल पहुंचा। मोबाइल फोन से चैट डिलीट कराने के लिए उसने छात्र का अपहरण कर लिया। पुलिस सक्रिय हुई, जिस पर अभियुक्तों ने छात्र को जूडियो माल के पास छोड़ दिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार अगस्त को अपहरण और मारपीट का केस दर्ज हुआ। जांच में पता चला कि वारदात में लकी त्रिपाठी उर्फ देवेश (निवासी नवगो, थाना मेहदावल, संतकबीर नगर), मुन्ना लाल मौर्या (निवासी टोला भडारे, थाना मेहदावल), रितु राज चौधरी (निवासी कुशौना कला) और गोरखनाथ के चक्सा हुसैन पचपेड़वा निवासी जगत राज चौहान शामिल थे। शनिवार रात पुलिस ने मुन्ना लाल मौर्या को महेसरा पुल के पास गिरफ्तार किया।

# किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाया, केस

जासं, धनघटा: थाना क्षेत्र के ग्राम सोनडीहा में 27 जुलाई को किशोरी की मौत के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्रामीण भोलानाथ ने तहरीर में बताया कि उनकी नतिनी खुशी पुत्री दुर्गा प्रसाद किसी अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल पर बात कर रही थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने धमकाया और उकसाया, जिससे खुशी ने आत्महत्या कर ली।

घर की महिलाएं रसोई में भोजन बना रही थीं। भोलानाथ ने आरोपित के मोबाइल नंबर की जांच की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# अवर अभियंता की गिरफ्तारी के लिए छापा

जासं, महुली : नगर पंचायत हरिहरपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार को सिद्धार्थनगर पुलिस ने अवर अभियंता (जेई) सुनील कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की, वह नहीं मिले। गिरफ्तारी के लिए पहुंचे सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ थाना के उपनिरीक्षक कमलेश मिश्र ने बताया कि जेई सुनील कुमार पर सिद्धार्थनगर के एडीजे प्रथम न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। इस वारंट के अनुपालन में छापेमारी की गई।

शोहरतगढ़ निवासी विनोद कुमार ने विद्युत संबंधी एक वाद अदालत में दायर किया था। इसमें अवर अभियंता बार-बार तलब के बावजूद अदालत में पेश नहीं हो रहे थे, न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# मगहर में भटक कर पहुंची वृद्धा पुलिस ने स्वजन को सौंपा

- इंटरनेट मीडिया के जरिए हुई वृद्धा की पहचान
- गोरखपुर के तामा गांव की रहने वाली है बुजुर्ग महिला

जागरण संवाददाता, मगहर : गोरखपुर जनपद के हरपुर बुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम तामा निवासी 65 वर्षीय राजमती देवी पत्नी घूरन शुक्रवार की देर शाम कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर में भटक कर पहुंच गईं।

बारिश के दौरान वह रेलवे मैदान स्थित एक चाय-पानी की दुकान पर आ गईं। काफी देर तक वहीं बैठी रहीं, लेकिन जब लोगों ने पूछताछ की तो वह अपना पूरा नाम-पता नहीं बता सकीं।

इस्लामनगर निवासी समाजसेवी हाफिज रिजवान अहमद ने वृद्धा की तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर डालकर पहचान कराने का प्रयास किया। जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने मगहर पुलिस को सूचना दी। मगहर चौकी प्रभारी मनीष जायसवाल ने बताया कि पूछताछ में महिला ने गोरखपुर जनपद के खजनी का नाम लिया।

तफ्तीश में उनके मायके व स्वजन का पता चला। इसके बाद उनके भतीजे को बुलाकर देर रात उन्हें सिपुर्द कर दिया गया। इसके बाद वे घर चले गए।

# कोर्ट के आदेश पर चार सगे भाइयों समेत छह पर केस दर्ज

जासं, बखिरा : बखिरा थानाक्षेत्र के बंजरिया गांव में तीन माह पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को कोर्ट के आदेश पर चार सगे भाइयों समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार, बंजरिया निवासी तबरेज ने बताया कि 23 मई को गांव में शादी थी।

शादी में शामिल होकर वह शाम को घर लौट रहा था, तभी वीरेंद्र, संतोष, मनोज, नागेंद्र पुत्रगण राम सजन, बुद्धिराम और सोनू ने रास्ते में रोककर पिटाई कर दी। वह भागकर घर पहुंचा तो आरोपित वहां भी घुस आए और मारपीट की। तबरेज का आरोप है कि पुलिस को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 138 वाहन चालान, 1.76 लाख रुपये वसूले जुर्माना

**जासं, संतकबीर नगर :** यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए शनिवार को जिलेभर में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसमें 138 वाहनों के चालान करते हुए 1.76 लाख का जुर्माना वसूला गया। यातायात प्रभारी परमहंस ने बताया कि अभियान सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया।

# सीहापार ओवर ब्रिज पर हादसे में महिला की मौत

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के कांशीराम आवास निवासी महिला की शुक्रवार देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। गोरखपुर से लौटते समय सीहापार रेलवे ओवर ब्रिज पर उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई।

कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि कांशीराम आवास निवासी 24 वर्षीय ज्योति, मगहर निवासी सूरज के साथ बाइक से गोरखपुर गई थीं। शाम करीब साढ़े आठ बजे दोनों वापस लौट रहे थे, तभी सीहापार ओवर ब्रिज पर ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल ज्योति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवती को भगाने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के एक गांव की युवती को भगाने के आरोप में पुलिस ने गांव का ही एक युवक पर केस दर्ज किया है। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 21 वर्ष की भतीजी को गांव का ही एक युवक दो अगस्त की रात 11 बजे बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भतीजी का पता नहीं चल सका। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## शांतिभंग में दो आरोपियों का किया चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में दो आरोपी को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांतिभंग की आशंका में चालान किया। थाना मेंहदावल व धर्मसिंहवा पुलिस ने एक-एक आरोपी को पकड़कर उनके खिलाफ समस्त विधिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से दोनों आरोपी को जमानत पर रिहाकर दिया गया। संवाद

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस

संतकबीरनगर। थाना धनघटा पुलिस ने पीड़ित का प्रार्थना पत्र मिलने पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सोनडिहा गांव निवासी भोलानाथ ने बताया कि 27 जुलाई को दिन में 9:30 बजे उनकी नतिनी खुशी किसी अज्ञात से मोबाइल पर बात कर रही थी। मोबाइल पर उसी के धमकाने व उकसाने पर नातिनी ने आत्महत्या करके जान दे दी। उन्होंने मोबाइल की जांच करके आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पीड़ित ने किया है। संवाद

## नाबालिग को भगाने के आरोप में युवक पर केस

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र की महिला ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस तहरीर में बताया है कि उनके गांव का युवक प्रदीप उसकी 13 साल की बेटी को 16 जुलाई को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। संवाद

## मां-बेटी को मारपीट कर किया जख्मी

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के गौरडीह गांव में मां और बेटी को मार-पीटकर जख्मी करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गौरडीह गांव निवासी अरुना ने बताया कि 6 अगस्त को शाम 5 बजे वह व उनकी लड़की सुलोचना घर पर मौजूद थी। उसी दौरान गांव का शिवनारायन उन्हें व उनकी लड़की को आकर गाली देने लगा। विरोध करने पर शिवनारायन, हरीराम, प्रवीण सीनाजोरी करते हुए गुंडई करके काफी मारेपीटे और जानमाल की धमकी दी। मारपीट की घटना में दोनों को काफी चोट आया है। संवाद

## किशोरी के अपहरण का आरोप, एसपी से शिकायत

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। महिला ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी को दिए शिकायत पत्र में पीड़ित मां ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 2 अगस्त को चारा काटने के खेत में गई थी। वहीं से गांव का आरोपी उसका अपहरण करके अपने घर पर लेकर चला गया। कुछ समय बाद बेटी को खोजते हुए आरोपी के घर गई तो उसके घर वाले गाली देने लगे और बंदूक दिखाते जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# हाईवे और सर्विस लेन से गलियों तक जाम

## समय माता मंदिर और बैंक चौराहे पर सबसे अधिक हुई परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद में खलीलाबाद शहर समेत अन्य स्थानों पर शनिवार को रक्षाबंधन त्योहार के दिन जाम लगा रहा। बारिश के बीच जाम में फंसकर लोग काफी परेशान हुए। कुछ स्थानों पर जाम को छुड़ाने के लिए पुलिस प्रशासन जूझता रहा।

शनिवार को रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही प्रमुख मार्ग पर जाम लगना शुरू हो गया। रुक-रुककर हो रही बारिश ने लोगों की मुश्किल को और भी बढ़ा दिया। जाम की सूचना के बाद पुलिस-प्रशासन जाम खोलवाने के लिए हलकान रहा।



हाईवे की सर्विस लेन पर लगा जाम। संवाद

शहर के नेशनल हाईवे पर जाम की सूचना के बाद कोतवाल पंकज कुमार पांडेय निकलकर आवागमन बहाल कराने में जुट गए। कोतवाल ने बताया कि गोरखपुर की सीमा में हाईवे पर कुछ समस्या के वजह से जिले की सीमा में जाम लग गया था।

वहीं खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पर सुबह ही भारी भीड़ लग गई। आवागमन बहाल कराने में पुलिस कर्मी जूझते रहे।

# कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

संतकबीरनगर। सिविल जज सीनियर डिविजन/ए सीजेएम संजय राज पांडे की अदालत ने खेत में पानी चलाने के विवाद को लेकर घर पर चढ़कर अपशब्द कहते हुए मारने पीटने जान माल की धमकी देने के मामले में एक ही परिवार के पांच लोगों के विरुद्ध थानाध्यक्ष बखिरा को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोर्ट में दिए गए अपने प्रार्थना पत्र में बखिरा थानांतर्गत भगवानपुर गांव की निवासी सायरा बेगम, ने बताया है कि 8 जुलाई 2025 की रात आठ बजे खेत में पानी चलाने के विवाद को लेकर उसी के गांव के मुस्तकीन, मुस्ताक, आलिया, फरजाना, आमिना ने मारपीट की तथा जान माल की धमकी दी थी। संवाद

# जेवर चोरी के मामले में केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** थाना धनघटा क्षेत्र के ग्राम सोनडीहा में 6 अगस्त की रात को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में सोनडीहा गांव निवासी शैलेश उर्फ रामाज्ञा ने बताया कि 6 अगस्त की रात उनके घर में घुसे चोर कमरे के अंदर अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण माला, मांगटीका, करधन, कान का झुमका, पावजेब, अलमारी में रखे से उनका व पत्नी का आधार कार्ड, मां के कमरे में रखे कागजात व नकद रुपये चुरा ले गए। संवाद

# सीहापार में ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

## गोरखपुर से लौटते समय हादसे की शिकार हुई कांशीराम आवास में रहने वाली महिला

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के कांशीराम आवास निवासी महिला की मार्ग दुर्घटना में शुक्रवार की देर शाम को मौत हो गई। जिला अस्पताल की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई।

औद्योगिक क्षेत्र चौकी इंचार्ज अमरनाथ यादव ने बताया कि कांशीराम आवास निवासी ज्योति (24) शुक्रवार को मगहर निवासी एक युवक सूरज गुप्ता के साथ गोरखपुर गई थी। वहां से दोनों बाइक से खलीलाबाद आ रहे थे। सीहापार रेलवे ओवर ब्रिज पर ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में युवक सुरक्षित बच गया जबकि ज्योति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। वहां पर चिकित्सकों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जिला अस्पताल की सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि उक्त महिला ने अपने पति को छोड़कर कर मायके में रहती थी। पहले की शादी से उसका एक बच्चा था जो पूर्व पति के साथ ही रहता था।

# बंजर जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**बखिरा।** नगर पंचायत बखिरा के परतिया में काली माता का प्राचीन मंदिर है। इसी परिसर में स्थित बंजर भूमि पर विगत आठ माह से कुछ लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। शौचालय निर्माण भी कर लिया है। लोगों की शिकायत पर एसडीएम सदर ने अवैध निर्माण रुकवाने का आदेश दिया है, फिर भी कब्जे धारक मनमानी पर उतारू है।

**परतिया स्थित काली मंदिर का मामला**

परतिया स्थित काली मंदिर परिसर में करीब डेढ़ बीघा बंजर व डीह की भूमि है। करीब आठ माह पूर्व एक व्यक्ति ने कुछ लोगो की शह पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत करने पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण रुकवा दिया गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद चोरी छिपे शौचालय का निर्माण करा लिया गया। इसकी जानकारी होने पर सभासद राजेश गुप्ता ने इसकी शिकायत ईओ आदित्य प्रकाश, चेयरमैन के साथ एसडीएम सदर से किया। संवाद

# युवक पर हमला करने के आरोप में तीन लोगों पर केस दर्ज

**धनघटा।** धनघटा बाजार क्षेत्र में युवक से मारपीट के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में रेवटा गांव निवासी मनीष राय ने बताया कि वह शुक्रवार को मोबाइल फोन का मरम्मत कराकर शाम करीब आठ बजे वह घर लौट रहा था। कोदवट गांव के सहाई दास के कुटी के समीप घात लगाकर बैठे गांव के साबित अली का लड़का अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ उसे रोक लिया और गाली देने लगा। एतराज करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# 138 वाहन चालकों से जुर्माना शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने नियम तोड़ने वाले 138 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 138 वाहन चालकों से 1,76,500 रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

## राजगीर को पीटकर घायल किया, तीन लोगों पर केस

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के रीठा गांव निवासी राजगीर मिस्त्री से मारपीट के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में रीठा गांव निवासी रामदरश ने बताया कि वह राजगीर मिस्त्री हैं और देर शाम आते हैं। दो अगस्त को शाम 6:30 बजे के आसपास वह घर आ रहे थे। रास्ते में महेशपुर प्राइमरी स्कूल के पास पहले से ही घात लगाकर बैठे उनके सगे पटीदार रामअचल, सुग्रीव, गंगोत्री देवी उनको देखते ही गाली देते हुए पीटने लगे।

शोर सुनकर आसपास के लोगों को जुटता हुआ देखकर आरोपी उनको जानमाल की धमकी देते हुए भाग गए। संवाद

# बिजली निगम के जेई को समन तामील करने आई सिद्धार्थनगर पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। बिजली चोरी के मामले में दर्ज केस के मामले में न्यायालय में गवाही उपस्थित न होने पर बिजली निगम के हरिहरपुर उपकेंद्र के जेई सुनील कुमार को समन तामील करने के लिए सिद्धार्थनगर की पुलिस शनिवार की शाम हरिहरपुर पहुंची। मौके पर जेई नहीं मिले तो वहां उपस्थित कर्मियों को अगली तारीख पर जेई को उपस्थित होने के लिए कहकर चली गई।

शोहरतगढ़ के उपनिरीक्षक कमलेश मिश्रा ने बताया कि बिजली चोरी के मामले में 2016 में शोहरतगढ़ में केस दर्ज हुआ था। पूर्व जेई सुनील कुमार इस मामले में गवाही देने के लिए एडीजे प्रथम की अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसलिए वह उनको समन देने के लिए आए थे। समन रिसीव करने के लिए जेई उपस्थित नहीं हुए। इसलिए वह वहां के कर्मचारियों को पेशी की अगली तारीख को उपस्थित होने की बात कहकर चले गए।

## बिजली चोरी के मामले में गवाही के लिए कोर्ट ने जारी किया है समन

# एजेण्टों के जरिए एक से दूसरे अस्पताल पहुंचाए जाते हैं मरीज

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के निजी अस्पतालों में मरीजों को एजेण्टों के जरिए पहुंचाया जाता जिनका बड़ा संजाल है। इन एजेण्टों द्वारा सरकारी अस्पतालों तक में जुगाड़ होता है जिनके द्वारा ये मरीजों के परिजनों को अच्छा इलाज का सब्जबाग दिखाकर निजी अस्पतालों में मरीजों को भर्ती कराते हैं जिसके एवज में अच्छा कमीशन पाते हैं जो मरीजों और उनके परिजनों पर भारी पड़ता है। गत शुक्रवार की शाम खलीलाबाद-मेंहदावल रोड पर स्थित विवेकानंद हॉस्पिटल में मृत हुए 22 वर्षीय युवक का इलाज पहले जिले के एक बड़े निजी अस्पाल स्पर्श हास्पिटल डड़वा (भुजैन) में हुआ था। जब अस्पताल वालों को लगा कि अब मरीज के परिजन इलाज का खर्च देने में समर्थ नहीं रह गए हैं तब उन्हें गंभीर बीमारी बता कर वहां से दूसरी जगह ले जाने को कह दिया गया। इसके बाद एजेण्ट के द्वारा विवेकानंद हास्पिटल खलीलाबाद में बात की गई और मरीज को यहां लाकर भर्ती करा दिया गया जहां उसकी मौत हो गई।

■ निजी अस्पताल में मृत युवक की पहले हुआ था स्पर्श हास्पिटल डड़वा (भुजैनी) में इलाज, फिर वहां से लाया गया विवेकानंद हास्पिटल

विवेकानंद हास्पिटल के संचालक विवेक सिंह का कहना है कि मरीज को ब्रेन ट्यूमर था। पहले उसका इलाज भुजैनी स्थित दूसरे निजी अस्पताल में चल रहा था। बाद में उसे यहां लाकर भर्ती कराया गया। उनका यह भी कहना है कि मृतक युवक के ब्रेन ट्यूमर का आपरेशन हो चुका था। उनके हास्पिटल में आने से पहले वह दूसरे निजी अस्पताल में इलाज करा चुका था और उसे काफी गंभीर हालत में उनके हास्पिटल में लाया गया था। जांच के बाद उसकी गंभीर हालत बताते हुए चिकित्सक ने उसे गोरखपुर ले जाने की सलाह दी लेकिन परिजन उसके इलाज के लिए काफी आग्रह किए जिसके कारण रोगी को भर्ती करके इलाज किया जा रहा था। इस दौरान हालत बिगड़ने पर फिर गोरखपुर ले जाने की सलाह दी गई लेकिन घर वाले उसे नहीं ले गए और मरीज की मौत हो गई। यह भी कहा कि इलाज का कोई शुल्क नहीं लिया गया। अब सवाल यह उठता है कि जब अस्पताल के चिकित्सक को यह पता था कि उक्त मरीज का इलाज यहां किया जाना संभव नहीं है तो उन्होंने उसे रेफर क्यों नहीं किया और जब खुद परिजन ही बार-बार कहने के बावजूद इलाज करने का आग्रह कर रहे थे तो फिर उन्होंने गलत इलाज करने का आरोप क्यों लगाया? साथ ही यह कहना कि इलाज का कोई शुल्क नहीं लिया गया है यह भी हजम होने वाली बात नहीं है क्योंकि परिजनों ने यही आरोप लगाते हुए हंगामा किया कि पैसा देने के बावजूद मरीज का उचित इलाज नहीं किया गया। यह घटना एक बानगी है जिसमें निजी अस्पतालों में इलाज के नाम भारी वसूली का खेल चल रहा है तथा गरीब आदमी की चमड़ी उधड़ जा रही है तो जान के भी लाले पड़ जा रहे हैं।